जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, रविवार 19 अक्टूबर, 2025

गोल्ड ₹14000/Gram
कोठी ₹4700/Sq Ft
फ्लैट ₹4000/Sq Ft

इस दिवाली...

## सोने से सस्ती कोठी

### सोने से ज्यादा रफ्तार से बढ़ते प्राइस

पजेशन पर ₹10 लाख प्राइस बढ़ेगी !

FIXED PRICE GUARANTEED

72 दिनों में हैंडओवर शुरु

NO MIDDLE-MEN

**FIXED PRICE & RENTAL**

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 65 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 75 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 80 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 1.05 CRORE | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 1.10 CRORE | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.50 CRORE | 50,000 |



KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

बुद्धि से विचार कर किए गए कर्म ही सफल होते हैं। –महाभारत

# युक्तियुक्त उपवास एक अद्रव्य औषधि है

आयुर्वेद की दृष्टि से लंघन, उपवास, अपतर्पण आदि पर विस्तृत वैज्ञानिक विश्लेषण उपलब्ध है।तथापि, भोजन के समय और आवृत्ति पर निष्कर्ष सूत्र दिये जाना आवश्यक है। पुनर्वसु आत्रेय अपने शिष्य अग्निवेश को सर्वश्रेष्ठ द्रव्यों, भावों और क्रियाओं को समझाते हुये भोजन के सन्दर्भ में कुछ रोचक सूत्र बताते हैं (च.सू.25.40): एकाशनभोजनं सुखपरिणामकराणां श्रेष्ठम्। तात्पर्य यह है कि 24 घंटे में केवल एक बार भोजन तत्समय में सुख देने में श्रेष्ठ है क्योंकि यह सुखपूर्वक पच जाता है। कालभोजनमारोग्यकराणां श्रेष्ठम्। तात्पर्य यह है कि नियत समय पर भोजन आरोग्य देने वालों में श्रेष्ठ है। ध्यान दीजिये आयुर्वेद में भोजन के दो काल बताये गये हैं, न कि दिन भर कुछ न कुछ खाते रहना। शारीरिक श्रम, न कि बौद्धिक श्रम, करने वाले ही तीन बार भोजन ले सकते हैं। पुनर्वसु आत्रेय ने एक अन्य संदर्भ में निर्दिष्ट किया है कि विषम भोजन से उत्पन्न तमाम अति-कष्टकारी रोगों को देखते हुये बुद्धिमान व्यक्ति को अपनी इन्द्रियों पर काबू पाकर हिताशी, मिताशी और कालभोजी होना चाहिये (च.नि.6.11): हिताशीस्यान्मिताशीस्यात्कालभोजीजितेन्द्रियः। पश्यन्रोगान्बहून्कष्टान्बुद्धिमान्विषमाशनात्।। तात्पर्य यह है कि हितकर द्रव्यों का आहार करने वाला, अपनी पाचन-शक्ति को देखते हुये मिताहार या नपा-तुला भोजन करने वाला और समय पर भोजन करने वाला होना चाहिये।

लेकिन उपवास के सन्दर्भ में इस बात पर भी ध्यान देना आवश्यक है कि अति उपवास दुर्बल करता है (च.सू.21.10-11): सेवा रूक्षान्नपानानां लङ्घनं प्रमिताशनम्। क्रियातियोगः शोकश्च वेगनिद्राविनिग्रहः।। रूक्षस्योद्वर्तनं स्नानस्याभ्यासः प्रकृतिर्जरा। विकारानुशयः क्रोधः कुर्वन्त्यतिकृशं नरम्।। तात्पर्य यह है कि रूखा-सूखा व मात्रा से कम खाना और अति उपवास करना, शोधन क्रियाओं की अति, शोक, वेगों व नींद को रोकना, शरीर के रुक्ष रहने पर रुक्ष उबटन व नित्य रुक्ष स्नान, स्वाभाविक कमजोर गुणसूत्र, वृद्धावस्था, रोगों का लग जाना, और गुस्सा इंसान को कमजोर कर देते हैं। बहुत अधिक उपवास वात को प्रकुपित करवात व्याधियोंको जन्म देता है।

**उपवास के सन्दर्भ मेंयजुर्विद संहिता की कुछ महत्वपूर्ण बातें निम्नानुसार हैं:** (1) दोषान्निहन्तिबलमिन्द्रियाणाम्पाच्यंशरीरं स मनोविवृद्धिः। दीर्घायुषेहितकरं सदा वा शान्तिः सदा व्रतमिदंप्रदत्तम्।। उपवास से दोष साम्य होता है, इन्द्रियों की शक्ति बढ़ती है, और शरीर का पाचन तंत्र सुधरता है। यह दीर्घायु के लिए लाभकारी है और मानसिक शांति प्रदान करता है। उपवास के वैज्ञानिक लाभ भी हैं। व्रत से शरीर की पाचन शक्ति बढ़ती है, रोगों से लड़ने की क्षमता मजबूत होती है, और दीर्घायु की संभावना बढ़ती है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से व्रत मन की शांति प्रदान करता है और दीर्घकालीन शारीरिक व मानसिक संतुलन देता है। (2) मितं च पथ्यं लघु भोजनंवासमयेनसर्वंनियमं च सेवेत्। आहाररूचिंनियतांविधायशरीरमस्यबलवान्भवेत्सः।। व्रत के दौरान हल्का और संतुलित भोजन करना चाहिए। उचित समय पर भोजन करना आवश्यक है, जिससे शरीर की शक्ति बढ़ती है। व्रत के समय सावधानी रखना बहुत जरूरी है। भोजन हल्का, संतुलित और मात्रा में कम होना चाहिए। गलत तरीके से भोजन लेने से शरीर कमजोर हो सकता है। इसलिए व्रत में समय और नियम का पालन करते हुए भोजन करना चाहिए। (3) शाकंफलाद्यं लघु पाचनं तत्तैलेनदूष्यं न हिसेवनीयम्। पथ्यं च सर्वंविधिनाऽश्नुवीतदोषाः प्रशान्ताःभवतिस्थिरत्वे।। व्रत के दौरान हल्का और सुपाच्य भोजन, जैसे साग, फल आदि लेना चाहिए। तैलीय भोजन से बचना चाहिए। पथ्य आहार लेने से दोष शांत होते हैं और संतुलन में स्थिर रहते हैं। (4) संयम्यकायंमनसश्चयोगंसमयं च सर्वंविधिनाऽनुवर्त्य। पथ्यंयथायोग्यविधिं च सेवन्आरोग्यमार्गे सदा व्रतम् तत्।।व्रत के दौरान शरीर और मन को संयम में रखना चाहिए। उचित समय पर नियम का पालन करते हुए यथायोग्य पथ्य आहार लेना चाहिए। यह व्रत सदैव स्वास्थ्य के मार्ग पर ले जाता है। (5) व्रतेसमाप्तेनियमंविधायपेयाहि पथ्या प्रथमंप्रदिष्टा।लघ्वीपचन्तीतनुभूतिकारीशरीरवृद्ध्यैसुकृतिःप्रयुक्ता।। व्रत समाप्त होने पर सबसे पहले पेया (हल्का पतला भोजन) लिया जाता है। यह सुपाच्य होता है और शरीर की शक्ति को पुनः स्थापित करता है। (6) पेयान्नतः स्निग्धमथार्तवश्चिवलेपिकामन्दपचायसाध्यम्। लघ्वी च पथ्या हितकारिका या शरीरवृद्ध्यैप्रददातुशीघ्रम्।। पेया के बाद, थोड़ा गाढ़ा विलेपी लेना चाहिए, जो धीरे-धीरे पचने वाला और शरीर की सेहत को बनाए रखने में सहायक होता है। (7) यवागुमन्दंपरिपाच्ययुक्ताकृताऽकृतंस्निग्धमपिप्रदिष्टम्। विधाययुक्तं लघु पाचनं तत् दोषान्प्रशान्तंमनसोविवृद्धिम्।। इसके बाद बिना मसाले वाली यवागू (जौ की खिचड़ी) और हल्के मसालों के साथ यवागू लेनी चाहिए। यह पाचन के लिए अनुकूल होती है और मन को भी शक्ति प्रदान करती है।

आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार भोजन में पोषकतत्वों के विविध प्रकार और मात्रा तथा कैलोरी की मात्रा को जीवन के विभिन्न चरणों में समुचित आहार सुनिश्चित करने के लिये मानकों के रूप में उपयोग किया जाता है। वस्तुतः भोजन की मात्रा और आवृत्ति का संयोजन बुढ़ापे की ओर बढ़ने और बुढ़ापा-जन्य बीमारियों की शुरुआत को प्रबंधित करने हेतु एक शक्तिशाली उपाय के रूप में उभरा है। कितना और कब खाने का विषय तो महत्वपूर्ण है ही, इसके साथ ही उपवास की अवधि व आवृत्ति, और उपवास के दौरान लिये जाने वाले भोजन में कैलोरी में कमी भी स्वास्थ्य-लाभ की उत्तम रणनीति हो सकती है। इन लाभों को प्रदान करने वाली अंतर्निहित शारीरिक प्रक्रियाओं में मुख्यतया चयापचय हेतु ईंधन स्त्रोतों अर्थात भोजन में बदलाव, शरीर के टूट-फूट मरम्मत तंत्र की सार-संभाल और उन्नयन, तथा कोशिकीय और शारीरिक स्वास्थ्य के लिये ऊर्जा-उपयोग का समुचित संयोजन हैं। आयुर्वेद की दृष्टि में युक्तिपूर्वक उपवास स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और बीमार व्यक्ति के विकारों का प्रशमन, दोनों में ही लाभकारी है। आयुर्वेद और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण में समानता होते हुये एक मूल अंतर यह है आयुर्वेद में भोजन निर्धारण के कारक अधिक विस्तृत, बहुकोणीय और व्यापक हैं। इस पर अनेक खण्डों में लम्बी चर्चा होगी। आज का विश्लेषण मूलतः इन प्रश्नों पर केन्द्रित है कि 24 घंटों में भोजन कितनी बार लिया जाये और अच्छे स्वास्थ्य के लिये उपवास का महत्त्व क्या है? इन प्रश्नों का उत्तर आयुर्वेद, आधुनिक वैज्ञानिक शोध और अनुभव के आधार पर एकीकृत दृष्टिकोण से दिया जायेगा।

**एक स्वस्थ व्यक्ति के लिये दिन में केवल दो बार किन्तु प्रतिदिन नियत समय पर भोजन करना ही सर्वोत्तम है। पूर्वान्ह में नाश्ते को भोजन की तरह लें और फिर कार्यालय या काम से लौटते ही लगी भूख में दूसरा भोजन लें। भोजन के बाद कुछ अनुपान ले सकते हैं, परन्तु दिन भर कुछ न कुछ खाते रहना या चाय पीते रहना अग्नि, स्वास्थ्य, और आरोग्य को नष्ट कर देता है।**

समकालीन वैज्ञानिक शोध वस्तुतः भोजन की मात्रा (ऊर्जा या कैलोरी के सेवन के नियंत्रण द्वारा) और भोजन की आवृत्ति (भोजन और उपवास के समय के नियंत्रण द्वारा) में बदलाव के माध्यम से कार्डियोवैस्कुलर बीमारी, मधुमेह, कैंसर, और डिमेंशिया सहित उम्र-आधारित रोगजनन को रोकने या विलम्ब करने पर केन्द्रित है। इन अध्ययनों से ज्ञात होता है कि हेल्थ-स्पान या रोग-रहित जीवन काल और जीवन-काल में विस्तार उन उपायों से प्राप्त किया जा सकता है जिनमें कुल कैलोरी सेवन में कमी की आवश्यकता हो भी सकती है और नहीं भी। किन्तु आयुर्वेद की दृष्टि में देखें तो केवल दीर्घायु नहीं बल्कि हितायु और सुखायु सम्हालना आवश्यक है। यही कारण है कि आयुर्वेद की दृष्टि में केवल ऊर्जा या कैलोरी के सेवन पर नियंत्रण और भोजन व उपवास के समय के नियंत्रण के भरोसे दीर्घायु, हितायु और सुखायु नहीं प्राप्त हो सकते। भोजन में केवल कैलोरी गिनने की सनक आयुर्वेद का विषय नहीं है।

आइये, आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उपवास पर विचार करते हैं (देखें, साइंस, 2018, 362:770-775)। पहले हम कैलोरी-रेस्ट्रिक्शन से प्राप्त मॉलिक्यूलर और चयापचय परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिसमें कैलोरी की मात्रा और उपवास अवधि भी शामिल है। कैलोरी-रेस्ट्रिक्शन अध्ययनों के निष्कर्ष स्पष्ट रूप से इंगित करते हैं कि कैलोरी सेवन में कमी मनुष्यों में वृद्धावस्था के दौरान स्वास्थ्य में सुधार और बीमारी को रोकने के लिए एक प्रभावी हस्तक्षेप हो सकती है। लेकिन दुनिया के सर्वोत्कृष्ट जर्नल में प्रकाशित शोध-विश्लेषण अभी भी इस विषय में एक मत नहीं है।

दूसरा, जहाँ तक टाइम-रेस्ट्रिक्टेड फीडिंग (कुल कैलोरी सेवन में कमी लाये बिना, भोजन-सेवन के समय को 4 से 12 घंटों तक की दैनिक सीमाओं में बांधना) का प्रश्न है,अभी भी शोध निष्कर्ष अंतिम पड़ाव पर नहीं पहुंचे हैं। फिर भी टाइम-रेस्ट्रिक्टेड फीडिंग शरीर के वजन में कमी, ऊर्जा व्यय में वृद्धि, बेहतर ग्लाइसेमिक नियंत्रण और कम इंसुलिन के स्तर, हेपेटिक वसा में कमी, हाइपरलिपिडेमिया में कमी और इन्फ्लेमेशनमें कमी आदि का लाभ देकर बिगड़े हुये समकालीन पाश्चात्य आहार (खूब वसा और खूब कार्बोहाइड्रेट, और परिष्कृत शर्करा) के कई हानिकारक चयापचय परिणामों के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान कर सकता है। चयापचयी-स्वास्थ्य पर परिवर्तित भोजन-काल के प्रभाव की मॉलिक्यूलर मैकेनिज्म क्या हो सकती है? दरअसल यह लाभ, 24 घंटे के दौरान उपवास और भोजन के समय और सर्केडियन रिदम के बीच सिंक्रनाइज़ेशन, तालमेल या लयबद्धता के कारण से होना माना जाता है।

तीसरा, जहाँ तक आवृत्तिक या बीच बीच में उपवास या इंटरमिटेंट-फास्टिंग का प्रश्न है कई अल्पावधि क्लिनिकल ट्रायल्स से ज्ञात होता है कि बीच-बीच के दिनों में उपवास वजन घटाने और कार्डियोमेटाबोलिक स्वास्थ्य के मामले में कैलोरी-रेस्ट्रिक्शन के समान ही लाभ प्रदान कर सकता है। इनमें शरीर के वजन में कमी और बेहतर लिपिड प्रोफाइल, कम रक्तचाप, और इंसुलिन संवेदनशीलता में वृद्धि शामिल हैं।

और अंत में चौथा, फास्टिंग-मिमिकिंग डाइट या उपवास की तरह लगने वालेभोजन का प्रश्न है, यह उपवास के दौरान भोजन से पूर्ण वंचित होने की बजाय कम कार्बोहाइड्रेट औरउच्च वसा वाले आहार की रणनीति है। पांच दिन तक उपवास-जैसा-भोजन कैंसर, डायबिटीज, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज जैसे अनेक पचड़ों के संकेतकों को सामान्य करता है। साथ ही इसका एंटी-एजिंग प्रभाव भी देखा गया है। इस प्रकार का उपवास प्रोटीन काइनेज ए और एमटीओआर मार्गों के रेगुलेशन के माध्यम से चूहों में इंसुलिन स्त्राव और ग्लूकोज होमियोस्टेसिस को बहाल करके अग्नाशयी बीटा कोशिकाओं के पुनर्जनन को बढ़ावा देने, इंसुलिन स्त्राव और ग्लूकोज होमियोस्टेसिस को बहाल करके एंटीडाइबेटिक प्रभाव डालता है। इसके साथ ही यह प्रतिरक्षा प्रणाली के रेगुलेशन के माध्यम से ऑटोम्यून्यून बीमारियों के नियंत्रण में मदद करता है। हालांकि इसकी मदद से आयु में वृद्धि के प्रमाण नहीं मिले और जब बहुत बूढ़ेचूहों को इस प्रकार की खुराक दी गयी तो उनमें यह हानिकारक पाया गया।

निष्कर्ष यह है कि एक स्वस्थ व्यक्ति के लिये दिन में केवल दो बार किन्तु प्रतिदिन नियत समय पर भोजन करना ही सर्वोत्तम है। पूर्वान्ह में नाश्ते को भोजन की तरह लें और फिर कार्यालय या काम से लौटते ही लगी भूख में दूसरा भोजन लें। भोजन के बाद कुछ अनुपान ले सकते हैं, परन्तु दिन भर कुछ न कुछ खाते रहना या चाय पीते रहना अग्नि, स्वास्थ्य, और आरोग्य को नष्ट कर देता है। यदि आप उपवास रखना चाहते हैं तो अति न करें। अच्छा होगा कि सप्ताह या 15 दिन में कोई एक दिन तय करके पूरी तरह उपवास रखें। उपवास टूटते ही भोजन पर न टूट पड़ें। उपवास और उसके बाद वाले दिन को संसर्जन क्रम में बाँटते हुये लघु पेय से प्रारंभ कर गुरु पेय और खाद्य पदार्थ देते हुये एक समयावधि में अग्नि सम करते हुये नियमित भोजन तक आयें। यह युक्ति, संसर्जन का छोटा रूप है। पूरे दिन सही-सही उपवास रखने से मंद जठराग्नि को क्रमशः समत्व तक लाना आवश्यक है। सीधा नियमित गरिष्ठ भोजन ले लेने से मन्दाग्नि और आमाशय-क्षोभ के कारण ऐसा आहार पच नहीं पाता। इससे अजीर्ण और आम बनना और रोगजनन प्रारंभ हो जाता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# दिवाली अमावस को ही क्यों मनाई जाती है दीपावली मनाई जाने के पीछे धार्मिक, सामाजिक, वैज्ञानिक मान्यता



डॉ .जे.के.गर्ग

माना जाता है कि कार्तिक महीने की अमावस्या को देवताओं द्वारा समुद्र मंथन के समय देवी लक्ष्मी क्षीर सागर से ब्रह्माण्ड में अवतरित हुई थी। इसी वजह से कार्तिक महीने की अमावस्या को माता लक्ष्मी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिवाली के त्यौहार के रूप में मनाना शुरू किया था भगवान। कृष्ण ने कार्तिक महीने की चतुर्दशी को नरकासुर को मार कर समस्त महिलाओं को मुक्तकरवा के उनकी जान बचाई थी इसलिए दीपावली से एक दिनपूर्व चतुर्दशी को इस घटना को उत्सव के रूप में मनाया जाता है। महाभारत के अनुसार 12 वर्ष के निष्कासन एवं एक वर्ष के अज्ञातवास के बाद कार्तिक महीने की अमावस्या को पांडव राज्य में सकुशल लौटे थे। पांडवों के वापस लौटने से वहां के लोग बहुत खुश थे, उन्होंने मिट्टी के दीपक जलाकर और पटाखे जलाकर पांडवों के लौटने दिन को मनाना शुरू कर दिया। बहुत समय पहले एक राक्षस था जिसने लड़ाई में सभी देवताओं को पराजित किया और सारी पृथ्वी और स्वर्गको अपने अधिकार में ले लिया। तब माँ काली ने देवताओं, स्वर्ग और पृथ्वी को बचाने के उद्देश्य से देवी दुर्गा के मष्तिष्क से जन्म लिया था। राक्षसों की हत्या के बाद उन्होंने अपना नियंत्रण खो दिया और जो भी उनके सामने आया उन्होंने हर किसी की हत्या करनी शुरू कर दी। भगवान शिव ने माता काली के चरणों में लेट गये जिससे उनका क्रोध शांत हुआ। बंगाल-उडीसा में उस पल को यादगार बनाने के लिए उसी समय से ही दिवाली पर देवी काली की पूजा करके मनाया जाता है। सोने की लंका के स्वामी रावण का वध करने के बाद अयोध्या वापस लोटें तो वहां के नर-नारीयों ने समूचे राज्य को दीपों की रोशनी से जगमगा दिया और राम सीता लक्ष्मण के आगमन पर खुशी प्रकट करने हेतु आतिशबाजी कर पटाखे जलाये, तभी से भारत भूखंड में कार्तिक मास की अमावस्या को दिवाली मनाई जाती है। राजा विक्रमादित्य का राज्याभिषेक भी कार्तिक अमावस्या को हुआ था तबसे लोगों ने दिवाली को ऐतिहासिक पर्व के रुप से मनाना शुरु कर दिया था। बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध के अनुयायियों ने आज के लगभग2500 वर्ष पूर्व गौतम बुद्ध के स्वागत में ने दीप जलाकर दीपावली मनाई थी। जैन धर्म को मानने वालों के मुताबिक कल्पसूत्र के अंदर बताया गया है कि महावीर के निर्वाण के साथ जो अंतरज्योति सदा के लिए बुझ गई है।

अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की स्थापना भी वर्ष 1577 में दीवाली के मौके पर की गयी थी। तीसरे गुरु अमरदास जी ने दिवाली को लाल-पत्र दिन के पारंपरिक रुप में बदल दिया जिस पर सभी सिख अपने गुरुजनों का आशीर्वाद पाने के लिये एक साथ मिलते है। सिख धर्म में इस दिन को बंदी छोड़ दिवस के रुप में जाना जाता है महर्षि दयानंद ने वर्ष 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी । महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती ने कार्तिक मास की अमावस्या के दिन अजमेर में निर्वाण प्राप्त किया। उसी दिन से इस दिन को दिवाली के रूप में मनाया जा रहा है। मारवाड़ी कार्तिक की कृष्ण पक्ष के अंतिम दिन पर दिवाली पर अपने नए साल का उत्सव मनाते हैं एवं नये बही खाते प्रारम्भ करते हैं। गुजराती भी कार्तिक के महीने में शुक्ल पक्ष के पहले दिन दीवाली के एक दिन बाद अपने नए साल का उत्सव मनाते है।

दिवाली शुरुआत में फसलों की कटाई के उत्सव के रुप में मनाई जाती थी। यह वह समय है जब भारत में किसान फसल काटकर संपत्ति और समृद्धि की देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और उन्हें नई फसल में से उनका हिस्सा समर्पित करते हैं। दीपावली के दौरान आतिशबाजी करने और पटाखें जलाने के पीछे वैज्ञानिक आधार है। इसका मुख्य उद्देश्य मोसम परिवर्तन से उत्पन्न कीट कीड़े विशेष तया मच्छर से होने वाली जान लेवा खतरों का मुकाबला करना है, जो गीले से सर्दियों के मौसम में इन खतरनाक कीटों परजीवियों के लिए प्रजनन स्थल के रूप में कामकरता है।

दीयों को जलाने और उनसे रोशनी करने के पीछे विज्ञान है। जब हम घी या तेल का दिया जलाते हैं तो तेल या घी में मौजूद फैटी एसिड जलते हैं। इस प्रक्रिया में फैटी एसिड का एक अणु जलने से 56 कार्बन के अणु निकलते हैं और 52 पानी के अणु निकलते हैं।

माता लक्ष्मी की स्थाई कृपा प्राप्त करने का अचूक इलाज

दीपावली के पावन पर्व सौभाग्य धन, सम्पन्नता, सुख, खुशी की कामना रखने वाले सभी व्यक्ति माता लक्ष्मी जी पूजा अर्चना और आराधना श्रद्धा के साथ करते हैं। साधारणतया हम अपने-अपने घरों की बाहरी सफाई करते हैं रंग-रोशन भी करवाते हैं, घरों को सजाते भी हैं। हम दीपावली पर अपने आप से सवाल पूछें क्या हमारा दिल सभी अवगुणों यानी क्रोध, ईर्ष्या, लोभ, लालच, असीमित इच्छा, घृणा, राग-द्वेष छल-कपट से मुक्त है? अधिकांश लोगों की अंतरात्मा से यही आवाज आयेगी-नहीं-नहीं । क्योंकि कमोपेश इनमें बहुत से दुर्गुण हमारें दिलों में मोजूद हैं । याद रखिये जब तक हम अपनी आत्मा एवं दिल को इन दुर्गुणों से मुक्त नहीं करंगे माँ मोक्ष लक्ष्मी हमारे घर मे प्रवेश नहीं करेगी। यह मान कर चले जिस दिन हमने अपनी आत्मा और दिल को इन दुर्गुणों से मुक्त कर लिया उसी क्षण से माँ मोक्ष लक्ष्मी आप के घर में सदेव के लिए निवास करेंगी ओर आपका घर परिवार हमेशा धन सम्पदा खुशियों के हजारो दीपों से रोशन होगा। माँ लक्ष्मी उन्हें पसंद करती है जो रचनात्मक सोच रखते है, जिनके पास एक कार्य योजना है, सब के सहयोग से काम करते हैं, सभी की मदद करते है, खुद खुश रहते हैं और अन्य को भी खुशी देते हैं, अच्छे काम और दूसरे की भलाई के लिए प्रयास करते हैं । गरीबों की मदद करते हैं, किसी भी उपेक्षा ओर अपमान नहीं करते हैं और ना ही किसी से कोई अपेक्षा रखते हैं और जीवन में हुए हर परिवर्तन को दिल से स्वीकार करते है। किसी भी उपेक्षा ओर अपमान नहीं करतें हैं, सच सुनते हैं, सच बोलते हैं तथा हमेशा मीठी वाणी बोलते हैं, सही काम करते हैं एवं किसी के लिए बुरा नहीं करते हैं और जीवन मे आई मुसीबतों का हिम्मत के साथ मुकाबला करते है तथा निष्काम भाव से सात्विक कर्म करते हुए उनको प्रभु को अर्पण कर देते।

याद रखे सच्चा सुख केवल सत्य से ही मिलता है, यह भी संभव है की इस प्रक्रिया मे आपको दुःख का भी सामना करना पड़े। यह भी सत्य है कि जहां पर बुद्धीजीवी का अपमान होता है उस स्थान पर लक्ष्मीजी निवास नहीं करती है । माता लक्ष्मी वहीं निवास करती है जहाँ गरीबों की मदद करने ओर उनकी सेवा करने की भावना होती है, जहाँ मूर्खो और पाखंडियों को सम्मानित नहीं किया जाता है, जहाँ लोगों जरुरतमंद स्त्री-पुरूषों को कभी खाली हाथ नहीं लोटाया जाता है, जहाँ बच्चों को भगवान के तुल्य मान कर उन्हें प्यार दिया जाता है, जहां पारिवरिक-क्लेश नहीं होते है और जहाँ पति-पत्नी दो शरीर एवं एक आत्मा के रूप में रहते हैं।

निसंदेह लक्ष्मी जी वहां कभी नहीं जाती जहां पर गंदगी होगी ओर लोग आलसी-कामचोर, घमंडी, क्रोधी होंगे एवं जहाँ पर महिलाओं-बच्चो का सम्मान नहीं होगा। माँ लक्ष्मी उनसे भी नाराज होती हैं जो शंकालु, परिवर्तन से डरने वाले, डर में ही जीने वाले, डरपोक एवं जो सिर्फ अपने लिए ही धन इकट्ठा करने वाले होते हैं

धर्म शास्त्रों में उल्लेखित मान्यता निर्विवाद और सही हे, किन्तु आज के माहौल को देख आत्मा स्वयं से सवाल करती है और तर्क-वितर्क भी करती है क्यों माता लक्ष्मी आज धन-संपदा से ईमानदारों, बुद्धीजीवियों, सत्यवानदीयों और कानून में विश्वास रखने वालों के बजाय भ्रष्टाचार अनाचार मे लिप्त, सजायाप्ता स्त्री-पुरुष, जनसाधारण का शोषण करने वाले लोगों को उपकृत करती दिखाई दे रही है, क्यों समाज के कंटक, गुंडे लोग ऐशोआराम की जिंदगी जी रहें हैं? क्यों बुद्धीजीवीयों को अनपढ़ों के आदेश मानने पड़ रहे हैं? क्यों सत्यवादी आदमीयों के लिये अपनी न्यूनतम जरूरतों को पूरा करने के लिये भी संघर्ष करना पड़ रहा है ? क्यों जुमलेबाज लोगों को मूर्ख बना कर अपना हित साध पाने में सफल हो रहे हैं? सच्चाई तो यही है कि परमात्मा के न्याय में देरी तो हो सकती है किन्तु देर-सबेर न्याय जरूर मिलता है । प्रभु ईसामसीह कहते थे कि सुई की नोक के अंदर ऊँट तो भले ही प्रवेश कर सकता है किन्तु गलत तरीकों से धन कमाने वाला व्यक्ति कभी भी स्वर्ग में प्रवेश नहीं कर सकता है उनको तो माया लक्ष्मी भ्रमित करती है मोक्ष दायनी माँ लक्ष्मी उनसे कोसो दूर रहती है और ऐसे धनिक मनुष्य को जीवन के किसी पड़ाव पर असाध्य रोगों बीमारियों से और अनचाही तकलीफों के शिकार होते हैं उनके परिजन धन की अधितकता की वजह से पथ भ्रष्ट होकर नारकीय जीवन जीते हैं। माने या नही माने ऐसे आदमियों के परिजन परिवार की प्रतिष्ठता को कलंकित करते है। गुरु नानक देव जि ने बतलाया था कि नेकी की कमाई ही सच्चा सुख सम्पनता प्रदान करती है।

**-डॉ .जे.के.गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज,**
**शिक्षा जयपुर**

## दीपोत्सव का शुभारंभ

**भुसावर भरतपुर (निस)।** भुसावर पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ धनतेरस पर्व के साथ हुआ। जहां भुसावर कस्बे के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय विद्यापीठ पर प्रभारी देवीसिंह के नेतृत्व में डॉ. चन्द्रदेव पाण्डेय एवं डॉ. सोमेन्द्र पाण्डेय के साथ साथ ललिता, गीता, रश्मि, दीपक, कमलेश सोनी एवं ओमप्रकाश मीणा द्वारा भगवान धनवन्तरी का पूजन किया। कस्बा भुसावर के राजेन्द्र औषद्यालय पर कार्यक्रम के आयोजक भारत अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बर्ष भी धनतरेस पर कस्बा भुसावर के राजेन्द्र औषद्यालय पर भगवान धनवन्तरी का विधिवत पूजन किया गया।

## नगर कीर्तन का भव्य स्वागत, पाइप बैंड से दी सलामी

**बूंदी।** हिंद की चादर धन धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शहीदी दिवस नू समर्पित महान नगर कीर्तन देश भर के विभिन्न राज्यों से होता हुआ बूंदी शहर में प्रवेश किया, सिक्ख समाज के द्वारा 5 जगहों पर स्वागत किया गया,देवपुरा नानकपुरिया चौराहे पर सिक्ख समाज ने नगर कीर्तन का ऐतिहासिक स्वागत किया,जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई,पाइप बैंड के द्वारा पालकी साहिब जी को सलामी दी गई,नगर कीर्तन उसके बाद आगे बढ़ता हुआ आनंदी होटल के बाहर ओम एनक्लेव कॉलोनी वालों ने स्वागत किया,देवपुरा गुरुद्वारे के बाहर सिक्ख समाज ने स्वागत किया,अहिंसा सर्किल पर सिक्ख समाज के द्वारा स्वागत किया गया,सिंह सभा गुरुद्वारा के बाहर सिक्ख समाज द्वारा स्वागत किया गया,पूरे शहर भर में विभिन्न संगठनों के द्वारा नगर कीर्तन का स्वागत किया गया,बूंदी अभिभाषक परिषद,बूंदी केमिस्ट संघ, शिक्षक संघ,बूंदी,भाजपा पार्टी द्वारा केएन सिंह चौराहे पर स्वागत किया गया, कांठोस पार्टी के द्वारा कांठोस कार्यालय के बाहर स्वागत किया गया,सिंधी समाज के द्वारा आजाद पार्क के यहां स्वागत किया गया,नगर कीर्तन में पालकी साहिब जी पर संगतों ने सीस निवाकर आशीर्वाद लिया,अंत में नगर कीर्तन गुरुद्वारा लंगर साहिब पहुंचा जहा पर सिक्ख समाज के द्वारा नगर कीर्तन का ऐतिहासिक स्वागत किया गया, यहां से नगर कीर्तन उदयपुर शहर के लिए रवाना हुआ।

## दीपोत्सव उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**बूंदी ।** दीपावली की खुशियाँ बाँटने और जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब 14 अक्टूबर से चलाए जा रहे अभियान के तहत धनतेरस के अंतिम दिन दीपोत्सव उत्सव एवं मिठाई वितरण कार्यक्रम शनिवार को रोटरी सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर हाशम भाई ने बताया कि शहर की विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाली गरीब और असहाय कामकाजी 50 महिलाओ को फटाके एवं स्वादिष्ट मिठाइयों का वितरण किया गया।

# हाईकोर्ट ने पोकरण नगरपालिका का पट्टा निरस्तीकरण आदेश रद्द किया

**पोकरण,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर ने पोकरण नगर पालिका द्वारा 26 सितम्बर को जारी 269 पट्टों के निरस्तीकरण आदेश को रद्द कर दिया है। न्यायालय ने यह आदेश याचिकाकर्ता महेन्द्र सिंह एवं पृथ्वीपाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामला न्यायमूर्ति सुनील बेनीवाल की एकलपीठ के समक्ष आया था।

मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रभावी पैरवी अधिवक्ता अशोक कुमार गोदारा (राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर) ने की। उन्होंने न्यायालय के समक्ष यह प्रमुख तर्क रखा कि 26 सितम्बर 2०25 का निरस्तीकरण आदेश सशक्त समिति की अनुशंसा पर आधारित था, जबकि राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 की धारा 73-बी के अनुसार पट्टे निरस्त करने का अधिकार केवल नगरपालिका बोर्ड को है। समिति को इस प्रकार का कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है। गोदारा ने यह भी स्पष्ट किया कि अधिनियम की धारा 2(42) में की परिभाषा में सशक्त समिति का उल्लेख नहीं है। इसलिए समिति द्वारा दी गई अनुशंसा एवं उस पर आधारित आदेश पूर्णतः अवैध एवं विधि के विपरीत हैं। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार ने यह स्वीकार किया कि यद्यपि कुछ पट्टों के निर्गमन में अनियमितता के आरोप हैं, फिर भी निरस्तीकरण की प्रक्रिया विधिक रूप से निर्धारित ढंग से ही की जा सकती है। उन्होंने यह भी सहमति दी कि मामला पुनः विचार हेतु नगरपालिका को भेजा जा सकता है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात् न्यायालय ने पाया कि सशक्त समिति किसी भी रूप की परिभाषा में नहीं आती है और उसके पास इस प्रकार का निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। इस आधार पर न्यायालय ने 25 सितम्बर की समिति कार्यवाही एवं 26 सितम्बर का पट्टा निरस्तीकरण आदेश दोनों को निरस्त करते हुए, मामला नगरपालिका पोकरण को विधि अनुसार पुनः निर्णय हेतु वापस भेज दिया। अधिवक्ता अशोक कुमार गोदारा ने निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा -यह फैसला स्थापित करता है कि किसी भी व्यक्ति के वैधानिक अधिकार को छीना नहीं जा सकता जब तक कि विधि द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन न किया जाए। सशक्त समिति केवल अनुशंसा दे सकती है, किंतु निर्णय लेने का अधिकार नगरपालिका को ही प्राप्त है। यह आदेश कानून के शासन और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की सुदृढ पुष्टि करता है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश केवल याचिकाकर्ताओं महेन्द्र सिंह एवं पृथ्वीपाल सिंह के प्रकरण तक सीमित रहेगा और अन्य 269 पट्टों पर इसका स्वतः प्रभाव नहीं पडेगा।

## राशिफल रविवार 19 अक्टूबर, 2025



पंडित अनिल शर्मा


कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र सायं 5:50 तक, ऐन्द्रयन योग रात्रि 2:04 तक, वणिज करण दिन 1:52 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-तुला, बुध-तुला, गुरू-कर्क, शुक्र-कन्या, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन-रात है। आज सिद्धि योग सायं 5:50 से सूर्योदय तक है। भद्रा दिन 1:52 से रात्रि 2:48 तक रहेगी। आज धनवंतरी जयन्ती, नरक और रूप चतुर्दशी निमित्त दीपदान एवं आगामी अरुणोदय काल में प्रभात स्नान और आज मास शिवरात्रि, श्री हनुमान जयन्ती, पदम प्रभु जयन्ती है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:57 से 9:22 तक, लाभ अमृत 9:22 से 12:22 तक, शुभ 1:37 से 3:02 तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:32, सूर्यास्त 5:51


### मेष

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आज किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।


### वृष

आज परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।


### मिथुन

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।


### कर्क

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### सिंह

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आज परिवार में अनावश्यक धन खर्च हो सकता है।


### कन्या

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।


### तुला

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज घर-परिवार में सुख-सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है। आज व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

### वृश्चिक

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

### मकर

फरिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं। धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। आज व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 79 प्रभात जयपुर, रविवार 19 अक्टूबर, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Cheetah And Its Lair** — Many volunteered to be a part of ultra-marathons and the famous Bakshi Cup to test their limits and bring laurels to NDA. 'Tough times never last, tough people do'

**Abandonment, Agony And Sorrow**

**Lakshmana's Painful Duty: Taking Sita to Valmiki's Hermitage**

## 'पाकिस्तान एक शांतिप्रिय देश है'

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह कहते हुए पाकिस्तान को चेतावनी दे डाली कि ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज में पाकिस्तान की एक-एक इंच ज़मीन आ चुकी है। इसके जवाब में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने भी किसी भी उकसावे पर ''निर्णायक जवाब'' देने की चेतावनी दे दी। इस ज़बानी लड़ाई में दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

- पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष सैयद आसिम मुनीर ने साथ में यह भी कहा कि पाकिस्तान के, विश्व की दो ताकतों, चीन व अमेरिका से मजबूत संबंध हैं।
- ''अगर भारत-अफगानिस्तान को उकसाता रहा तो पाकिस्तान करारा जवाब देगा।''

पाकिस्तान सैन्य अकादमी, काकुल (एबटाबाद) में कैडेट्स की पासिंग आउट परेड में बोलते हुए जनरल मुनीर ने कहा, ''मैं भारत के सैन्य नेतृत्व को सलाह, बल्कि सख्त चेतावनी देता हूँ कि परमाणु हथियारों वाले माहौल में युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''हम किसी भी

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# अंततोगत्वा ''टाको'' ट्रंप अपनी प्रतिष्ठा पर खरे उतरे

**अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में ट्रंप को टाको बेवजह नहीं कहते। टाको का अर्थ है, ''ट्रंप ऑलवेज़ चिकन्स आउट'', क्योंकि ट्रंप अपनी धमकियों से पीछे हट जाया करते हैं**

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। यूक्रेन युद्ध अब अपने अंत के करीब लगता है, हालांकि यह अंत शायद यूक्रेन, यूरोपीय संघ या अमेरिका की शर्तों पर नहीं, बल्कि रूस की शर्तों पर हो सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपनी उसी छवि को साकार कर दिया है, जिसे लोग ''ट्रंप ऑलवेज़ चिकन्स आउट'' या ''टाको'' कहते हैं। यानि, ट्रंप अपनी धमकियों से हमेशा पीछे हट जाते हैं। वाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाकात के बाद ट्रंप ने यह साफ कर दिया कि अमेरिका यूक्रेन को अमेरिकी निर्मित ''टॉमाहॉक मिसाइलें'' नहीं देगा।

- वाइट हाउस में ज़ैलेन्स्की से लंबी मुलाकात के बाद ट्रंप ने साफ कह दिया कि टॉमाहॉक मिसाइल यूक्रेन को नहीं दी जायेगी, रूस के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए।
- कल तक ट्रंप दंभपूर्वक कह रहे थे, वे यूक्रेन को टॉमाहॉक मिसाइल देंगे, जिससे युद्ध में यूक्रेन, रूस को पानी पिला देगा।
- अगर टॉमाहॉक यूक्रेन को दी गई तो रूस हर मुद्दे पर कमर कस के लड़ेगा।
- चेतावनी का असर हुआ और ट्रंप ''चिकन आउट हुए'' (पीछे हट गए)।

यूक्रेन के लिए जो ऊँची उम्मीदें बंधी थीं, वे उस समय धराशायी हो गईं जब ट्रंप और ज़ेलेंस्की की द्विपक्षीय बैठक के बाद यह स्पष्ट बयान आया कि अमेरिका द्वारा बनाई गई ''टॉमाहॉक'' मिसाइलें, यूक्रेन को रूस के खिलाफ उसके लंबी दूरी के हमलों के लिए नहीं दी जाएँगी।

इससे पहले डॉनल्ड ट्रंप ने बड़े-बड़े दावे किए थे कि वे यूक्रेन को अत्यंत सटीक और विनाशकारी टॉमाहॉक मिसाइलें देंगे ताकि वह रूस के साथ अपनी लंबी दूरी की लड़ाई जारी रख सके। अमेरिका के युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने भी सार्वजनिक रूप से कहा था कि अगर रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध खत्म नहीं किया, तो अमेरिका समान स्तर पर युद्ध लड़ने के लिए यूक्रेन को ''मारक क्षमता'' उपलब्ध कराएगा।

असल में, यूक्रेन को टॉमाहॉक मिसाइलें मिलने की चर्चा ने रूस के सुरक्षा तंत्र में भय का माहौल पैदा कर दिया था। इस धमकी को गंभीरता से लेते हुए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका यूक्रेन को टॉमाहॉक मिसाइलें देता है, तो अमेरिका और रूस के रिश्ते बुरी तरह प्रभावित होंगे।

रूस ने यह भी धमकी दी थी कि वह यूक्रेन के खिलाफ अपने सैन्य अभियान और तेज़ करेगा और अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी बाधाएं पैदा करेगा। संकेत थे कि यूरोपीय संघ को भी जवाबी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। कुछ मिलाकर, इसका अर्थ यह होता कि अमेरिका को भी सीधे टकराव का सामना करना पड़ेगा।

यह सब सुनने के बाद ट्रंप डर गए और तुरंत अपना रुख बदल लिया।

(शेष पृष्ठ 4 पर)

## कांग्रेस 60 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में राजद और अन्य छोटी पार्टियों के साथ बने महागठबंधन

- तेजस्वी महागठबंधन का चेहरा घोषित।

के तहत 60 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार, लालू प्रसाद यादव के पुत्र और राजद नेता तेजस्वी यादव गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे।

यह स्पष्टीकरण ऐसे समय में आया है, जब शुक्रवार को महागठबंधन की

(शेष पृष्ठ 4 पर)

## दिल्ली के सांसद फ्लैट्स में आग

- जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। राजधानी दिल्ली में सांसदों को आंवटित नए बहुमंज़िला फ्लैट्स में शुक्रवार दोपहर आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा

- हाल ही में बने इस ब्रह्मपुत्र अपार्टमैंट में कुछ सांसद रह रहे हैं।

ली गई वीडियो में सांसदों के फ्लैट्स वाले ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट्स से घना धुआँ उठता हुआ दिखाई दिया।

फायर विभाग के एक अधिकारी ने

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# बिहार में मुसलमानों का राजनीतिक महत्व क्यों घटता जा रहा है?

**प्रदेश में 17.7 प्रतिशत जनसंख्या मुसलमानों की है, इस बार आरजेडी ने तीन मुसलमानों को, जदयू ने चार व कांग्रेस ने भी चार मुसलमानों को टिकट दिया है**

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। बिहार के मुसलमान मतदाताओं के सामने एक गहरी दुविधा खड़ी है - राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में समुदाय राजनीतिक प्रक्रिया से लगभग अलग-थलग हो गया है।

राज्य की कुल जनसंख्या में मुसलमानों की हिस्सेदारी 17.7 प्रतिशत है और 87 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 20 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम हैं। उत्तर बिहार के सीमांचल ज़िलों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत तक है। कुछ क्षेत्रों, जैसे किशनगंज में, मुस्लिम आबादी 67 प्रतिशत तक है। इसके बावजूद, मुसलमानों की राजनीतिक प्रासंगिकता में गिरावट जारी है और आने वाले चुनावों में यह अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गई है।

- सत्तासी सीटों पर मुसलमान मतदाता 20 प्रतिशत हैं। सीमांचल जिलों में तो जनसंख्या 40 प्रतिशत है और कहीं-कहीं तो 67 प्रतिशत है।
- राजनीतिक महत्व कम होने का मुख्य कारण वोटों का विभाजन है।
- वर्ष 2010 व 2015 के चुनावों में मुसलमानों ने वोट जदयू को दिये थे। पर, वर्ष 2020 में जदयू के सभी मुसलमान कैंडिडेट हार गए थे। असदुद्दीन ओवैसी के पाँच उम्मीदवार जीते थे, जिनमें से चार जीतने के बाद आरजेडी में शामिल हो गए।

243 सदस्यीय विधानसभा की 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही सत्तारूढ़ जदयू ने केवल चार मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। राजद (आरजेडी) ने अब तक तीन मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जबकि पार्टी की अंतिम सूची अभी जारी नहीं हुई है। एनडीए की अन्य दो सहयोगी पार्टियाँ, जीतन राम मांझी की हम (सेक्युलर) और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम छह-छह सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं, लेकिन इनमें से किसी ने भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है।

कांग्रेस, जो आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रबल समर्थक रही है, ने भी केवल चार मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है (अंतिम सूची आने के बाद इन आँकड़ों में कुछ बदलाव संभव है)। वहीं, भाजपा ने 101 सीटों की अपनी सूची में किसी भी मुस्लिम को टिकट नहीं दिया है।

ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो बिहार के मुसलमान चुनावी रूप से हमेशा कम प्रतिनिधित्व वाले रहे हैं। वर्ष 1985 को छोड़कर कभी भी विधानसभा में मुस्लिम विधायकों की संख्या 10 प्रतिशत से अधिक नहीं रही। वर्ष 1952 से 2020 तक हुए 17 विधानसभा चुनावों में बिहार ने कुल

(शेष पृष्ठ 4 पर)



# 43 लाख 24 हजार रुपए के नकली नोट सहित पांच दबोचे

## एक लाख असली के बदले चार लाख रुपए नकली नोट दे रहे थे आरोपी



एसओजी ने 43 लाख 24 हजार रुपए के नकली नोट जब्त किए।

■ जब्त किए नोटों की बड़ी खेप विभिन्न जगहों पर सप्लाई करने की योजना थी

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए राजधानी जयपुर के नारायण विहार थाना इलाके से 43 लाख 24 हजार रुपए के नकली नोट जब्त किए गए हैं। साथ ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। एसओजी की जांच में सामने आया कि आरोपित एक लाख असली के बदले चार लाख रुपए नकली नोट दे रहे थे। नकली नोटों की क्वालिटी इतनी बेहतर थी कि उन पर मौजूद सिक्योरिटी फीचर और वॉटर मार्क देखकर एसओजी की टीम भी चौंक गई। एसओजी की टीम इस गैंग पर पिछले 15 दिन से काम कर रही थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी ने नारायण विहार थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 43 लाख 24 हजार रुपए के नकली नोट सहित राजेन्द्र चौधरी (27) निवासी सांभर जिला जयपुर,शंकरलाल चौधरी (33 ) निवासी नरेना जिला जयपुर, मनोज उर्फ गणपति (30) निवासी बीकानेर,बलकरण उर्फ बलदेव (31) निवासी बीकानेर और मदनलाल सिंवार (28) निवासी बीकानेर को गिरफ्तार किया है।

सिंह ने बताया कि एसओजी की टीम पिछले 15 दिनों से इस गैंग की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। जहां एसओजी की टीम को सूचना मिली थी कि जयपुर में त्योहारों के समय बड़ी मात्रा में नकली नोटों की सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर एसओजी और नारायण विहार थाना पुलिस ने एक फ्लैट में दबिश दी। जहां से नकली नोटों की खेप बरामद हुई।

जहां मौके से 43 लाख 24 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए। इनमें 26 लाख रुपए नोटों की गड्डी के रूप में और 18 लाख रुपए शीट के रूप में मिली।

शीट्स को अभी काटा नहीं गया था और बताया जा रहा है कि इन्हें दूसरी जगह से लाया गया था। आरोपी इन नोटों की बड़ी खेप विभिन्न जगहों पर सप्लाई करने की योजना में थे।

एडीजी एसओजी के अनुसार नकली नोट इतने उच्च क्वालिटी के थे कि असली नोटों से फर्क करना मुश्किल था। नोटों पर वॉटर मार्क और सिक्योरिटी फीचर भी बिल्कुल असली जैसे दिख रहे थे। इस कार्रवाई में डीसीपी साउथ राजश्री राज वर्मा और एसओजी के डीआईजी परिस देशमुख का सुपरविजन रहा।

फिलहाल नारायण विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। वहीं पकड़े गए बदमाशों से मिली जानकारी के बाद पुलिस टीमें अलग-अलग जगहों पर रेड कर रही है।पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ से इस गैंग के अन्य सदस्यों तक भी पहुंचा जा सकेगा।

## रूप चतुर्दशी आज

**जयपुर।** पांच दिवसीय दीपोत्सव के दूसरे दिन रविवार को रूप चतुर्दशी मनाई जाएगी। धन लक्ष्मी के स्वागत के लिए गृह लक्ष्मी उबटन कर रुप संवारेंगी। हाथों पर मेहंदी लगाएंगी। शाम को दीपदान किया जाएगा। इसी कड़ी में गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी सानिध्य में पांच दिवसीय दीपोत्सव के अंतर्गत रूप चतुर्दशी पर सौभाग्य पर्व मनाया जाएगा। सुबह आठ बजे महिलाओं के अखंड सुख-सौभाग्य की कामना के साथ ठाकुर जी का विशेष पूजन किया जाएगा।

इस अवसर पर नि:शुल्क महालक्ष्मी-गायत्री महायज्ञ भी होगा। तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली वैदिक विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराएगी।

मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि घर में सुख-समृद्धि, संपन्नता और दरिद्रता, रोग-शोक नाश के लिए श्री लक्ष्मी गायत्री महामंत्र से विशिष्ट हवन सामग्री आहुतियां अर्पित कराई जाएंगी। श्रीवृद्धि के लिए कमल गट्टा और खीर से भी अग्नि देवता का आहुतियां प्रदान की जाएंगी। श्रद्धालुओं को पूजन-हवन सामग्री नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। किसी भी वस्तु को साथ लाने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि अधिक लाभ के लिए इच्छुक व्यक्ति अपने घर से कपूर, लौंग, इलायची और गूगल धूप ला सकते हैं।

# धनतेरस पर बाजार हुए गुलजार



धनतेरस पर दुकान पर बर्तनों की खरीददारी करते लोग।

**जयपुर।** धनतेरस का पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को त्रयोदशी तिथि के साथ शनि प्रदोष व्रत का दुर्लभ महासंयोग और साथ में ब्रह्म योग के मणिकांचन संयोग में लोगों ने जमकर खरीदारी की। शुभ मुहूर्त में लोगों ने लक्ष्मी-गणेश मूर्तियां, सोना-चांदी, तांबा, कांसा, अष्टधातु के बर्तन, दीपक, हल्दी, धनिया और कमलगट्टे की खरीदारी की।

बर्तनों की दुकानों पर देर रात तक ग्राहकों की भीड़ उमड़ती रही। लोगों ने रोजमर्रा के काम में आने वाले बर्तन भी खरीदे।

मंदिरों में भगवान धन्वंतरि की विशेष पूजा-अर्चना की गई। ज्योतिषाचार्य डॉ महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि भगवान धन्वंतरि की उपासना से आर्थिक उन्नित, स्वास्थ्य लाभ और मानसिक शांति प्राप्त होती है।

धनतेरस पर श्रद्धालुओं ने संध्याकालीन प्रदोष वेला में शिव पूजन, शनि स्तोत्र और शिव चालीसा पाठ किया तथा तिल के तेल के दीपक से यम दीपदान किया। मंदिरों और घरों में भी दीये जलाए गए। शनि महाराज की कृपा प्राप्ति के लिए लोगों ने पीपल के वृक्ष के नीचे दीप प्रज्वलन किया। जरूरतमंदों को काले तिल और उड़द का दान किया। शनि प्रदोष होने के कारण शिवलिंग का जलाभिषेक किया। साथ में हनुमान जी महाराज की आराधना की।

धनतेरस और दीपावली पर उपहार देने की परंपरा को देखते हुए बाजारों में गिफ्ट पैक्स की भरमार रही। 500 रुपए से लेकर 10 हजार रुपए तक के बजट फ्रेंडली और रॉयल गिफ्ट पैक ने ग्राहकों को आकर्षित किए। बाजारों में काजू कतली, ड्राई फ्रुट्स और मिठाई के पैक्स की बिक्री जोरों पर रही। कई दुकानों ने ग्राहकों की सुविधा के लिए आकर्षक पैकिंग वाले नए कलेक्शन भी लॉन्च किए।

धनतेरस पर राजधानी के सभी बाजारों में रौनक देखने को मिली। शुभ मुहूर्त में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार खरीदारी की। शहर के प्रमुख बाजारों में दिनभर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने के कारण यातायात पुलिस को ट्रैफिक संभालने में मशक्कत करनी पड़ी। धनतेरस पर सभी बाजार आकर्षक रोशनी और सजावट से अलग ही छटा बिखेर रहे थे।

सोने और चांदी के भाव लगातार ऊंचे बने हुए हैं, बावजूद इसके ग्राहकों का रुझान कम नहीं हुआ है। सर्राफा बाजारों में हल्की ज्वेलरी से लेकर निवेश योग्य सोना-चांदी की खरीददारी जमकर हुई। ज्वैलर्स ने बताया कि इस बार ग्राहकों ने हल्के गहनों और सिक्कों की खरीदारी की। बाजार में नई डिजाइन की ज्वेलरी की मांग रही। वहीं इस साल जयपुर में चांदी के सिक्कों के साथ 20 ग्राम के चांदी के लक्ष्मी-गणेश भी डिमांड में है। चांदी के मछली-हाथी भी इस साल ट्रेंड में है। जयपुर, जोधपुर, अलवर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर सहित तमाम जिलों के मार्केट में चहल-पहल है।

वहीं कार-बाइक और इलेक्ट्रिक सामान पर जीएसटी रेट कट का असर भी नजर आ रहा है। जयपुर में मोती डूंगरी मंदिर में करीब तीन हजार कार और बाइक पूजन के लिए पहुंची।

धनतेरस पर वाहन खरीदने की परंपरा को देखते हुए दोपहिया वाहनों के शोरूम पर विशेष रौनक दिखाई दी। हजारों की संख्या में ग्राहकों ने अपनी पसंदीदा गाडियों की बुकिंग पहले से ही करा दी थी। धन तेरस का गाड़ी प्राप्त की। सभी बड़े शोरूम को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कंपनियों ने ऑफर भी खूब दिए।दीपावली पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की मुहिम का असर बाजारों में साफ दिखाई दिया। मिट्टी के दीयों, मोमबत्तियों और हैंडमेड झालरों की खरीदारी जमकर हुई। युवाओं का कहना है कि इस बार वे चाइनीज झालरों की जगह स्वदेशी उत्पादों से घर सजाएंगे, ताकि स्थानीय कारीगरों की दीपावली भी रोशन हो सके।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस साल धनतेरस पर पूर्वाफाल्गुनी और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का योग बना। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र शाम 5:09 बजे से प्रारंभ हुआ, जो सूर्य का प्रभावशाली नक्षत्र है और यह आत्मबल, व्यवसाय और समृद्धि बढ़ाने वाला माना गया। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को समुद्र मंथन के समय माता लक्ष्मी और धन्वंतरि देव प्रकट हुए थे। इसी कारण इस दिन को लक्ष्मी पूजन और आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का कहना है है कि बाजार में माहौल अच्छा रहा। अच्छे मानसून के बाद सरकारी कर्मचारियों के वेतन भत्तों से धनतेरस पर बाजार में अच्छे व्यापार हुआ। बाजार पर सबसे ज्यादा असर जीएसटी की दरों में कटौती का रहा। इससे उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में 10 प्रतिशत तक कमी आई है। सबसे बडी बात है कि इससे बाजार में सकारात्मक माहौल बना रहा। इससे पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 15 से 20 प्रतिशत व्यापार ज्यादा व्यापार हुआ।

वहीं धनतेरस पर जयपुर में 5 से 6 हजार करोड का कारोबार हुआ है। इसमें 2 हजार करोड के वाहन, करीब 2 हजार करोड की प्रॉपर्टी, 3 सौ करोड का सोने-चांदी के आइटम, 5 सौ करोड़ के इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, 100 करोड़ के परिधान, 50 करोड़ के बर्तन, 50 करोड़ की मिठाई, नमकीन, ड्राई फ्रूट्स, 200 करोड़ का फर्नीचर और फर्निशिंग आइटम, 100 करोड़ की लाइट्स और सौ करोड़ का गिफ्ट,50 करोड़ के पटाखे , 50 करोड़ के अन्य के साथ अन्य व्यापार शामिल है।

## के.पी.सक्सेना का भजन एल्बम रिलीज

■ सिंगर केपी सक्सैना की आवाज में 35 ऑडियो और वीडियो भजन एलबम जारी हो चुके है

**जयपुर।** दीपावली के उपलक्ष में सिंगर पूर्व जज केपी सक्सैना की सुरीली आवाज में हाल में नया भजन एलबम मां लक्ष्मी धन बरसा... रिलीज किया गया। केपी सक्सेना लिखित इस सुमधुर भजन रचना को संगीतकार विक्रांत माथुर ने स्वरबद्ध किया गया है।

इस भजन को मुंबई के लता मंगेशकर स्टूडियो में रिकॉर्ड हुआ है। यह दुनिया के सभी सोशल मीडिया के प्रसिद्ध चैनल पर उपलब्ध है। साथ ही देश -विदेश में बहुत लोकप्रिय हो रहा है। केपी सक्सेना म्यूजिक इस नए एलबम को रिलीज किया है। सिंगर सक्सेना जिला एवं सेशन जज से रिटायर हुए हैं। सिंगर केपी सक्सैना की आवाज में श्री राम, भगवान कृष्ण, शंकरजी, हनुमानजी, खाटू श्यामजी, मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, गणेशजी और शनिदेवजी के 35 ऑडियो और वीडियो भजन एलबम जारी हो चुके हैं।

# रिलायंस डिजिटल की "फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स" सेल में आकर्षक ऑफर और जीएसटी छूट का फायदा

■ किचन एंड होम अप्लायंसेस का 1 प्रोडक्ट खरीदने पर 5 प्रतिशत की छूट, 2 प्रोडक्ट्स खरीदने पर 10 प्रतिशत छूट मिलेगी

**मुंबई (का. स.)।** त्योहारी सीजन में रिलायंस डिजिटल के "फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स" सेल में ग्राहकों को आकर्षक ऑफर, जीएसटी छूट, लीडिंग बैंक काड्र्स पर 20 हजार तक डिस्काउंट मिल रहे है। यह छूट रिलायंस डिजिटल, माय जियो और जियोमार्ट डिजिटल स्टोर्स और ऑनलाइन वेबसाइट पर उपलब्ध है।"फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स" सेल में नए गैजेट्स, जरूरी होम अप्लायंसेस जैसे - स्मार्ट टीवी, लैपटॉप्स, ए.आई. लैपटॉप, आईफोन, स्मार्ट ऑल-इन-वन वॉशर ड्रायर, एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर खरीदे जा सकते है। इस सेल में ग्राहकों को बड़ी स्क्रीन पर बड़ी डील्स दी जा रही है। जैसे कि टीसीएल का 85-इंच स्मार्ट टीवी खरीदने पर 1,19,990 रुपए में , 2 साल की वारंटी भी मिलेगी। इसी तरह 5.1 चैनल साउंडबार में अपठोशन मात्र 13,990 रुपए से शुरू है। लेनोवो का आइडिया पैड 5 एआई लैपटॉप मात्र 79,999 में खरीदने को मिलेगा, जिसके साथ 55-इंच टीवी बिल्कुल फ्री दिया जा रहा है।

इसी तरह आईफोन 16 के साथ इंटेलिजेंस में अपठोडेशन मात्र 44,990 रुपए शुरू है।

स्मार्ट एआई ऑल-इन-वन वॉशर ड्रायर 49990 रुपए से शुरू है। इसके साथ 7500 रुपए तक के उपहार फ्री दिए जा रहे है। किचन एंड होम अप्लायंसेस का 1 प्रोडक्ट खरीदने पर 5 प्रतिशत की छूट, 2 प्रोडक्ट्स खरीदने पर 10 प्रतिशत तथा 3 या उससे ज्यादा प्रोडक्ट्स खरीदने पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 1 टन 3 स्टार इन्वर्टर स्प्लिट एयर कंडीशनर 17990 रुपए से शुरू है।

प्रीमियम फ्रेंच डोर रेफ्रिजरेटर 62,990 रुपए तथा साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर भी 44,990 रुपए से शुरू है। हर खरीदारी पर 9000 रुपए तक के निश्चित उपहार फ्री दिए जा रहे है।

# राज्य के 6 विश्वविद्यालयों में कुलगुरुओं की नियुक्ति

■ राज्यपाल ने आयुर्वेद वि.वि.जोधपुर, कृषि वि.वि. कोटा, कृषि वि.वि. उदयपुर, जय नारायण न्यास वि.वि. जोधपुर, राजस्थान तकनीकी वि.वि. कोटा तथा कृषि वि.वि. जोधपुर में कुलगुरु की नियुक्ति के आदेश जारी किए

**जयपुर ।** राज्यपुर हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शनिवार को छह विश्वविद्यालयों में कुलगुरुओं की नियुक्ति की है। उन्होंने प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल को विभागाध्यक्ष, रस शास्त्र एवं भेषजय, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर का कुलगुरू नियुक्त किया।

इसके अलावा डॉ. विमला डूंकवाल को डीन, कॉलेज ऑफ कम्यूनिटी साइंस, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरू नियुक्त किया है ।


इनके अलावा डॉ. प्रताप सिंह को निदेशक विस्तार, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपु का कुलगुरू नियुक्त किया है।

इसी प्रकार प्रो. पवन कुमार शर्मा को हैड/कन्वीपर (मैनेजमेंट), निदेशक (स्कूल ऑफ कामर्स एण्ड मैनेजमेंट), निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन विभाग, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर का कुलगुरू नियुक्त नियुक्त किया है।

इसी क्रम में प्रो. निमित रंजन चौधरी को विभागाध्यक्ष, पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोट का कुलगुरू नियुक्त किया है।

इनके अलावा डॉ. विरेन्द्र सिंह जैतावत को सेवानिवृत प्रोफेसर, निदेशक विस्तार शिक्षा, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर का कुलगुरू नियुक्त किया है।

# 44 गुमशुदा मोबाइल फोन मालिकों को लौटाए



पुलिस ने 15 लाख रुपये के 44 गुमशुदा मोबाइल मालिकों को लौटाये।

**जयपुर।** कानोता थाना पुलिस और साइबर सेल टीम की मदद से 15 लाख रुपए के 44 गुमशुदा मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटा दिए। कानोता थाना पुलिस टीम ने ये सभी मोबाइल अलग-अलग जगहों से बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटा दिए हैं।पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि जयपुर शहर में कई लोगों के मोबाइल गुम और चोरी होने की शिकायतें मिल रही थी। कई लोगों ने बड़ी मुश्किल से किस्तों पर मोबाइल खरीदे थे। इस स्थिति को देखते हुए गुमशुदा मोबाइल ट्रेस करने के निर्देश दिए गए। जिसके चलते कानोता ने ऑपरेशन मुस्कान मोबाइल अभियान के तहत मोबाइल को खोजने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने सीईआईआर पोर्टल और मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों से तकनीकी सूचनाएं प्राप्त कर राजस्थान के अलग-अलग जिलों में चल रहे गुमशुदा मोबाइल ट्रेस किए। इस कार्रवाई में कुल 44 मोबाइल बरामद किए गए, जिनकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए है।

## आईआईआईडी जयपुर चैप्टर का शपथ ग्रहण समारोह

**जयपुर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिज़ाइनर्स (आईआईआईडी) जयपुर रीजनल चैप्टर का शपथ ठाहण समारोह शुक्रवार को नारायण सिंह सर्किल पर स्थित एक होटल में आयोजित हुआ। इस विशेष अवसर पर आईआईआईडी के नेशनल प्रेसिडेंट, आर्किटेक्ट जिग्नेश मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य एवं देशभर के प्रतिष्ठित डिज़ाइनर्स और आर्किटेक्ट्स ने समारोह में भाग लिया। इस समारोह में क्षितिज मनु को आईआईआईडी जयपुर चैप्टर के नई चेयरमैन और नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। नई टीम में, चेयरमैन इलेक्ट, मनीष ठाकुरिया; वाइस चेयरपर्सन, निखिल तालुका; सेक्रेटरी, शिखा सिंह; कोषाध्यक्ष, अंशुल मोदी; जॉइंट सेक्रेटरी जूही केडिया होंगी।

चेयरमैन क्षितिज मनु ने अपने संबोधन में कहा हमारा उद्देश्य डिज़ाइन को आम आदमी के जीवन के केंद्र में लाना है। डिज़ाइन केवल सजावट नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का माध्यम है। समारोह में पूर्व चेयरपर्सन आशीष काला को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया।

## तीन माह पूर्व तैयार पैक्ड मिठाई बेची जा रही फ्रेश मिठाई के रूप में

**जयपुर ।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने शनिवार को बी 2 बाईपास स्थित मैसर्स बीकानेरवाला स्वीट प्राइवेट लिमिटेड पर कार्यवाही की गई।

सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि निरीक्षण में स्टोर के कोल्ड रूम में पैकिंग की हुई मिठाइयां रखी थी जिन पर लेबल लगे हुए थे। लेबल पर मिठाई में उपयोग किए गए इंग्रेडिएंट्स, निर्माण तिथि, उपयोग तिथि आदि सूचनाएं अंकित थी। जिनके अनुसार मिल्क केक में एसिडिटी रेगुलेटर,लिक्विड ग्लूकोज मिलाया गया था। जिस पर निर्माण तिथि 16 सितंबर और एक्सपायरी तिथि 15 दिसंबर अंकित पाई गई।मिल्क केक को तीन माह तक सुरक्षित रखने के लिए इसमें एसिडिटी रेगुलेटर मिलाया गया था। इस प्रकार कोल्ड रूम में रखी तीन माह पूर्व तैयार की गई मिठाई के पैकेट को खोलकर काउंटर में रख दिया जाता है और ग्राहकों को फ्रेश मिठाई के रूप में डिब्बे में पैक कर बेचा जाता है।

## रोशनी से जगमगाया गोविंद देवजी मंदिर

**जयपुर।** गोविंद देवजी मंदिर में धन तेरस को छह दिवसीय रोशनी का शुभारंभ हुआ। शाम होते ही पूरा मंदिर प्रकाशित हो उठा। रोशनी भैया दोज तक रहेगी। रूप चतुर्दशी पर शाम को ठाकुरजी को पीली लंपा पोशाक धारण कराई गई। शाम को दीपदान किया गया। रूप चतुर्दशी पर राधाजी का पूजन किया जाएगा। 20 अक्टूबर को गोविंद देवजी मंदिर में भारी दर्शनार्थी भीड़ को देखते हुए पुलिस और मंदिर प्रशासन ने निर्जला एकादशी की तर्ज पर विशेष दर्शन व्यवस्था की घोषणा की है। यह व्यवस्था मंगला से लेकर शयन झांकी तक प्रभावी रहेगी। पुलिस प्रशासन के अनुसार मंगला झांकी के दर्शन प्रात: 4 बजे से 6:30 बजे तक होंगे। धूप झांकी प्रात: 7 बजे खोली जाएगी। दर्शनार्थियों का प्रवेश केवल मंदिर के मुख्य द्वार से ही होगा, जबकि जय निवास बाग से प्रवेश पूर्णत: निषेध रहेगा। मंदिर परिसर में जूता-चप्पल खोलने की कोई व्यवस्था नहीं होगी।

दर्शनार्थियों के लिए दो अलग-अलग लाइनें बनाई गई हैं - एक जूता-चप्पल सहित और दूसरी बिना जूता-चप्पल के प्रवेश के लिए। जूता-चप्पल पहने भक्त मंदिर के बाहर बने रैंप से दर्शन कर सकेंगे, जबकि बिना जूता-चप्पल वाले भक्त मंदिर छावन में अंतरंग दर्शन कर सकेंगे।सभी दर्शनार्थी मंदिर की बडी परिक्रमा करते हुए मुख्य द्वार से निकास करेंगे। कंवर नगर एवं ब्रह्मपुरी से आने वाले भक्त जय निवास उद्यान एवं जनता मार्केट मार्ग से मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे।

# दीपावली पूर्व ही सरस की 135 टन मिठाइयां बिकी




राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के अधीन संचालित सरस ब्रांड की मिठाइयों ने दीपावली पर रिकॉर्ड बिक्री करते हुए नया इतिहास रचा।

**जयपुर।** राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के अधीन संचालित सरस ब्रांड की मिठाइयों ने इस दीपावली पर रिकॉर्ड बिक्री करते हुए नया इतिहास रच दिया है। दीपावली से पहले ही 135 टन से अधिक मिठाइयों की बिक्री दर्ज की गई है जो की दीपावली के उपरांत तक दोगुनी होने का अनुमान हे ।

आरसीडीएफ की प्रशासक एवं प्रबंध निदेशक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि उपभोक्ताओं के बीच शुद्धता के प्रति बढ़ती जागरूकता और मिलावटमुक्त उत्पादों पर बढ़ते भरोसे का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान ने लोगों के मन में शुद्ध उत्पादों के प्रति विश्वास को मजबूत किया है।

जयपुर डेयरी के चेयरमैन ओमप्रकाश पूनिया ने बताया कि जयपुर डेयरी के अत्याधुनिक मिठाई निर्माण संयंत्र में शुद्ध घी से बने सरस गुलाब जामुन, रसगुल्ला और पेडा का उत्पादन किया जा रहा है। यह मिठाइयाँ नवीनतम तकनीक से निर्मित होकर प्रतिदिन उपभोक्ताओं तक पहुँचाई जा रही हैं। उत्पाद की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बैच का परीक्षण किया जाता है।

इनके अलावा, उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को देखते हुए सरस रसगुल्ला, गुलाब जामुन अलवर का मिल्क केक और सोनपपडी जैसी प्रसिद्ध मिठाइयाँ भी सरस ब्रांड के तहत राज्यभर में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन उत्पादों की आपूर्ति राज्य के सरस उत्पादन केंद्रों के माध्यम से की जा रही है, जिससे पूरे राजस्थान मे बनी सरस मिठाइयों की एकरूप गुणवत्ता बनी रहे।

श्रुति भारद्वाज ने आगे बताया कि पिछले वर्ष दीपावली पर 125 टन मिठाइयों की बिक्री हुई थी, जबकि इस वर्ष यह आँकडा पहले ही 135 टन को पार कर चुका है। आने वाले पाँच दिनों में लगभग 25 टन अतिरिक्त मिठाइयों की बिक्री का अनुमान है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उपभोक्ताओं के विश्वास और सरकार की नीतिगत दिशा का प्रतिफल है। राज्यभर में उपभोक्ताओं को सरस मिठाइयाँ आसानी से उपलब्ध कराने के लिए 550 से अधिक विशेष बिक्री केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं, जयपुर डेयरी परिसर में भी दीपावली पर्व पर विशेष काउंटर बनाकर शुद्ध एवं ताज़ी मिठाइयों की बिक्री निरंतर जारी है।श्रुति भारद्वाज ने कहा कि सरस ब्रांड अब शुद्धता का पर्याय बन चुका है। मुख्यमंत्री जी के 'शुद्ध आहार - मिलावट पर वार' अभियान ने समाज में जो जागरूकता उत्पन्न की है, उसका परिणाम यह है कि लोग अब मिलावट से दूर रहकर भरोसेमंद ब्रांड की ओर लौट रहे हैं। सरस की यह रिकॉर्डतोड बिक्री राजस्थान में उपभोक्ता विश्वास की नई मिसाल है।

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-8110 दिनांक-17.10.2025

**जाहिर आम-सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, योजना में आवास/फ्लैट संख्या 105/41 (MIG-B), का आवंटन श्री अनिरूद्ध प्रसाद सिंह पुत्र श्री सुखराम सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 415 दिनांक 17.05.1996 को जारी किया गया था। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 13.12.1996 को प्राप्त किया गया। श्री अनिरूद्ध प्रसाद सिंह की मृत्यु दिनांक 03.01.2024 को हो जाने के कारण उनके पौत्र श्री आदित्य प्रताप सिंह पुत्र श्री राम प्रताप सिंह द्वारा आवासन मण्डल में वसीयतनामा के आधार पर अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त सम्पूर्ण आवास/फ्लैट का हस्तान्तरण बावत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री आदित्य प्रताप सिंह पुत्र श्री राम प्रताप सिंह का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

**सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम JAHIR AHMED से बदलकर ZAHEER AHMED पुत्र मोईनुद्दीन निवासी 1758 सांडियों का टीबा, कमल नयन का चौक, चौकडी रामचन्द्रजी, जयपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे ZAHEER AHMED के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैं सौम्या जी. पत्नी 14689136-के, एन.के. राजा एस. ग्राम सप्तुर, डाकघर सप्तुर तहः पेरैयूर, जिला मदुरै राज्य तमिलनाडु पिन 6257051 मेरा नाम सौम्या आर. मेरे पति के रिकार्ड में गलत दर्ज है। मेरा सही नाम सौम्या जी. है। शपथ पत्र क्रम संख्या 6325 दिनांक 15.10.2025

समुंदेश्वरी। आर. पत्नी 17006364-एफ, पति-अशोक कुमार। एम. गाँव अन्ना नगर, डाकघर मित्तहल्ली (तेलंगाना और जिला)-कृष्णागिरी राज्य तमिलनाडु पिन 635112 मेरा नाम समुंदेश्वरी है। मेरे पति के रिकार्ड में गलत दर्ज किया गया है। मेरा सही नाम समुंदेश्वरी है। आर. शपथ पत्र संख्या 6324 दिनांक 15 अक्टूबर 2025

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती अलका शर्मा पत्नी स्व. श्री अटल बिहारी शर्मा, निवासी 2, मंगल विहार विस्तार, नेशनल हैण्डलूम के पास, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर स्वयं के पति श्री अटल बिहारी शर्मा पुत्र श्री प्रभुदयाल शर्मा के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति आवासीय प्लाट नम्बर 2., सिन्धु नगर कॉ-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड जयपुर रजिस्ट्रेशन क्रमाक 1576/एल की योजना मंगल विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 352.22 वर्गगज है जिसे मेरी मुवक्किल एवं श्रीमती अलका शर्मा पत्नी श्री अटल बिहारी शर्मा एवं इसके पति श्री अटल बिहारी शर्मा पुत्र श्री प्रभुदयाल शर्मा ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में बंधन रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसका ऋण खाता संख्या क्रमश (1) 520480829 तथा (2) 643621694 है, मेरी मुवक्किल के पति श्री अटल बिहारी शर्मा पुत्र श्री प्रभुदयाल शर्मा का स्वर्गवास 24.01.2021 को हो चुका है तथा श्री अटल बिहारी शर्मा की माताजी अर्थात मेरी मुवक्किल की सासुजी श्रीमती रत्ना देवी शर्मा उर्फ बसन्ती देवी पत्नी श्री प्रभुदयाल शर्मा का स्वर्गवास 03.01.1991 को हो चुका है उक्त श्री अटल बिहारी शर्मा पुत्र श्री प्रभुदयाल शर्मा के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान में मेरी मुवक्किल श्रीमती अलका शर्मा पत्नी श्री अटल बिहारी शर्मा, श्री अभिनित शर्मा पुत्र श्री अटल बिहारी शर्मा एवं श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री अटल बिहारी शर्मा है इनके अलावा स्वर्गी श्री अटल बिहारी शर्मा पुत्र श्री प्रभुदयाल शर्मा का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नहीं है श्री अटल बिहारी शर्मा पुत्र श्री प्रभुदयाल शर्मा ने अपनी उक्त अचल सम्पत्ति के संबंध में मेरी मुवक्किल श्रीमती अलका शर्मा पत्नी श्री अटल बिहारी शर्मा के हित में एक वसीयत दिनांक 04.06.2019 को निष्पादित की हुई है जो कि नोटेरी पब्लिक से दिनांक 04.06.2019 को अटेस्टेड की हुई है चूंकि मेरी मुवक्किल श्रीमती श्रीमती अलका शर्मा पत्नी श्री अटल बिहारी शर्मा एवं इनके पति श्री अटल बिहारी शर्मा पुत्र श्री प्रभुदयाल शर्मा के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) सी-25, भगवान दास रोड, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर 302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहती है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरुद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।

(श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट, मोबाईल-9829218044

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/841
चूंकि प्रार्थी श्री कौशलेस माहेश्वरी, 603 रूबी टावर सोमदत्त लैंडमार्क, सिविल लाईन जयपुर 302001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास कविताचल (इंडिया) फाउण्डेशन 601, डायमंड टावर 6th फ्लोर सोमदत्त लैंडमार्क, हवासडक सिविल लाईन जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 19.12.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/830
चूंकि प्रार्थी श्री श्रीमान करिकोडू फिलिप्स जॉन, प्लाट नंबर 65, एबेनेजर विला, नियर कनोरिया प्रोपट्रीज, कृष्णा विहार, मानसरोवर, जयपुर राजस्थान 302020 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास रेहोबोथ एबेनजर चैरीटेबल ट्रस्ट, प्लाट नं. 65 एबेनेजर विला, नियर कनोरिया प्रोपट्रीज, कृष्णा विहार, मानसरोवर, जयपुर राजस्थान 302020 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 23.12.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

## जेईसीसी में उमड़ा जनसैलाब

**जयपुर।** देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले नवीन आपराधिक कानूनों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए राजस्थान पुलिस की ओर से आयोजित भव्य प्रदर्शनी ने जनता का दिल जीत लिया है। नव विधान: न्याय की नई पहचान थीम पर आधारित यह प्रदर्शनी जेईसीसी सीतापुरा में चल रही है।

13 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा उद्घाटित इस प्रदर्शनी को आमजन का इतना भारी रुझान मिला कि इसकी अवधि को बढ़ाना पड़ा। यह प्रदर्शनी अब 19 व 21 अक्टूबर 2025 को प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एस. सेंगाथिर ने बताया कि प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुकों को कानून और पुलिसिंग के नए स्वरूप को इंटरैक्टिव तरीके से जानने का मौका मिल रहा है। इस प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षण प्रदर्शनी स्थल को 9 जोन में विभाजित किया गया है, जो नए कानूनी प्रावधानों को विस्तार से समझाते हैं। यह कानून को समझने का एक रचनात्मक तरीका प्रस्तुत करता है। आगंतुकों को असली हथियारों का अनुभव प्रदान किया जा रहा है। यह सुरक्षित और स्मार्ट ड्राइविंग का अनुभव कराता है। प्रदर्शनी में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के बारे में जानकारी दी जा रही है।

# नकबजनी की वारदात करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

## आरोपियों ने 27 चोरी और 17 बाइक चोरी की वारदात करना कबूला

**जयपुर।** वैशाली नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों रुपए का चोरी गया माल बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ जयपुर के आधा दर्जन से अधिक थाना इलाकों में चोरी, लूट के मामले दर्ज है। इसके पुलिस ने विद्याधर नगर से चोरी की वारदात में इस्तेमाल ली गई बाइक भी जब्त की है।

गौरतलब है कि दोनों आरोपियों ने वैशाली नगर में सूने पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों की तीन लोगों का गैंग है। जो रेकी करने के बाद चोरी की वारदात करता है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि वैशाली नगर में हुई 35 लाख रुपए की चोरी के मामले में वैशाली नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दर्शन सिंह (40)और जरनैल सिंह (35) को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित खंडवा मध्य प्रदेश के रहने वाले है। एक अन्य साथी की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। वहीं दोनों ही आरोपितो ने खिलाफ चित्रकूट, श्याम नगर, पत्रकार कॉलोनी, करणी विहार, सोडाला, सदर, शास्त्री नगर, भट्टा बस्ती, विधाधर नगर में 27 चोरी की वारदात और 17 बाइक चोरी की वारदात करना कबूल किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित वारदात करने के लिए बस से मध्यप्रदेश से जयपुर आते हैं। होटल में कमरा लेकर रात के समय मास्टर चाबियों से बाइक चोरी करते हैं। रात के समय में आवासीय कालोनियों में रैकी करते हैं। ताले लगे हुए और सूने मकानो में चोरी की वारदात को रात के समय ही अंजाम देते हैं। दोनों ही नशा करने के एवं अय्याशी करने के आदी हैं। आरोपित जो नशा करने और मौज मस्ती के लिए चोरी करते हैं। हर महीने जयपुर में आकर गाड़ियां चोरी करके नकबजनी की वारदातों को अंजाम देते हैं। गाड़ियों को चोरी करने के बाद कही भी सूनी जगह पर छोड़कर भाग जाते हैं। जयपुर शहर में विभिन्न जगहों पर 27 नकबजनी की वारदात एवं 17 बाइक चोरी करने वारदात बदमाशों ने पूछताछ में कबूल की हैं। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।



पुलिस ने नकबजनी की वारदात के दो आरोपी गिरफ्तार किए।

■ आरोपी रात में आवासीय कालोनियों रैकी कर ताले लगे और सूने मकानो में चोरी की वारदात को देते हैं अंजाम

## हाईकोर्ट की आगामी 100 साल की जरूरतों के अनुसार जमीन तलाश रहे : एसीजे

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा है कि हाईकोर्ट की बिल्डिंग बहुत पुरानी हो चुकी है और जगह भी कम पड रही है। इस बारे में राज्य सरकार से भी बातचीत चल रही है। हाईकोर्ट की आगामी 100 साल की जरूरतों के अनुसार ही जमीन की तलाश की जा रही है। इसके लिए हमें कुछ दिनों में अंतिम तौर पर सफलता मिलने की संभावना है। एक्टिंग सीजे ने यह बात शनिवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित पहले वार्षिक समारोह में कही। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में जगह व चेंबर्स की कमी है। इस बारे में सरकार से बात हुई है और जल्द ही जूनियर एडवोकेट्स के लिए बैठने की जगह हो जाएगी। जिन वकीलों के पास चेंबर्स नहीं है, उनके लिए कॉमन मीटिंग रूम बनाया जाएगा। इस दौरान एक्टिंग सीजे ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वेलफेयर ट्रस्ट और 110 रुपए के वकालतनामे की भी लांचिंग की। उन्होंने कहा कि जैसे परिवार में सभी शामिल होकर रहते है।

## पत्नी के प्रेमी की हत्या करने वाले आरोपी पति को आजीवन कारावास

**जयपुर।** एससी, एसटी मामलों की विशेष अदालत, महानगर द्वितीय ने पत्नी के साथ अवैध संबंधों के चलते प्रेमी की गला काटकर हत्या करने वाले अभियुक्त पति करण सिंह पंजाबी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 55 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त की पत्नी के साथ मृतक योगेश के अवैध संबंध थे और इसके चलते दोनों के बीच मनमुटाव था। हालांकि अभियुक्त के पास अपनी पत्नी को तलाक देकर अलग रहने का विकल्प था, लेकिन उसने मौका देखकर उसकी हत्या कर दी। ऐसे में अभियुक्त को आजीवन कारावास से दंडित करना उचित होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मुकेश जोशी ने बताया कि अभियुक्त का विवाह साल 2012 में हुआ था। वहीं साल 2017 में अभियुक्त की पत्नी की दिल्ली निवासी योगेश से मुलाकात हुई। ऐसे में पत्नी दिल्ली जाकर योगेश से मिलती थी। पत्नी के अवैध संबंधों की जानकारी अभियुक्त को हो गई।

इसके चलते अभियुक्त योगेश के साथ द्वेषता रखने लगा। इस दौरान 20 दिसंबर, 2021 को मृतक योगेश अभियुक्त के परिवार से जयपुर मिलने की बात कहकर शाम 7.30 बजे निकला था। वहीं 20 दिसंबर को ही अभियुक्त की बेटी का जन्मदिन भी था। सुबह 4 बजे अभियुक्त की पत्नी योगेश से मिलने निकली तो करण को इसका पता चल गया और वह भी उसके पीछे गया।

इस दौरान ही वीकेआई रोड नंबर 17 पर अभियुक्त ने मौका देकर योगेश की गला काटकर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गया। वहीं आमजन की सूचना पर पुलिस ने शव बरामद कर बाद में अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

## मादक पदार्थ स्मैक की सप्लाई करने वाले दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले महिला-पुरुष को गिरफ्तार कर उनके पास से 11 ग्राम 20 मिलीग्राम स्मैक और ब्रिकी राशि के आठ हजार रुपये जब्त किए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जवाहर सर्किल थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर रवि मीणा निवासी जहाजपुर जिला भीलवाडा हाल जगतपुरा जयपुर और संतोष देवी निवासी दूनी जिला टोंक हाल सांगानेर को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने आरोपी के पास से 11 ग्राम 20 मिलीग्राम स्मैक और ब्रिकी राशि के आठ हजार रूपये जब्त किए गए है। पुलिस पूछताछ मे मीणा ने 2-3 महिने से स्मैक बेचने का काम कर रहा है जिस रजनी सांसी छोटी-छोटी पूड़िया बनाकर स्मैक देकर जाती है। जिसको वह ग्राहको को 250 व 300 रूपये के हिसाब बेचता है। वहीं आरोपी संतोष बिक्री के पैसे अपने पास रखती जाती है।

## 32 साल बाद भी भूखंड नहीं दिया, निगम पांच लाख रुपए के हर्जाने के साथ सौंपे जमीन

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय ने लॉटरी में आवंटित जमीन का कब्जा 32 साल बाद भी नहीं देने पर नगर निगम ठोटर और उसके जगतपुरा जोन पर पांच लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही आयोग ने मानसिक संताप और परिवाद व्यय के तौर पर 71 हजार रुपए अलग से देने को कहा है। वहीं गांधी विहार योजना, सांगानेर में संबंधित भूखंड का एक माह में कब्जा देने को कहा है।

आयोग अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना, सदस्य अजय कुमार और सुप्रिया अग्रवाल ने यह आदेश रामगोपाल अग्रवाल के परिवाद पर दिए। आयोग ने कहा कि यह बड़े आश्चर्य की बात है कि एक सरकारी विभाग से एक महत्वपूर्ण मूल फाइल गायब हो जाती है और उसके संबंध में किसी भी कर्मचारी या अफसर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होती।

परिवाद में अधिवक्ता विनोद कुमार ने बताया कि परिवादी को साल 1993 में नगर निगम ने गांधी विहार आवासीय योजना में 230 वर्ग मीटर का भूखंड आवंटित किया था। वहीं बाद में भूखंड का कब्जा नहीं सौंपने पर मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। हाईकोर्ट के आदेश पर साल 2023 में जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश किया गया। परिवाद में कहा गया कि पहले परिवादी को योजना में भूखंड संख्या 117 आवंटित होना बताया गया और बाद में आरटीआई से पता चला कि उसे भूखंड संख्या 118 आवंटित हुआ था। इस पर परिवादी ने भूखंड संख्या 118 आवंटित करने की गुहार की, लेकिन निगम ने आवंटन पत्र जारी नहीं किया। इसके बाद जब परिवादी ने आरटीआई में सूचना मांगी तो उसे जानकारी दी गई कि योजना के आवेदन पत्रों में परिवादी का आवेदन पत्र ही नहीं है। ऐसे में उसे भूखंड का कब्जा दिलाने सहित निगम पर हर्जाना लगाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने नगर निगम को इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उस पर हर्जाना लगाया है।

## दिव्यांग शिक्षक के खिलाफ प्रतिकूल कार्रवाई करने पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने दिव्यांग वर्ग में चयनित होकर अध्यापन करा रहे शिक्षक के खिलाफ प्रतिकूल कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक और जिला शिक्षाधिकारी भरतपुर से जवाब तलब किया है। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने यह आदेश मनीष कुमार कटारा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने ईडब्ल्यूएस दिव्यांग वर्ग में आवेदन किया था। उसके मूल श्रेणी में अधिक अंक आने पर विभाग ने उसका चयन कर स्कूल आवंटित भी कर दिया। याचिकाकर्ता बीते दो साल से भरतपुर के सैवर में अध्यापन करा रहा है। वहीं कार्मिक विभाग और शिक्षा निदेशक की ओर से उसे पुन:: मेडिकल जांच के लिए बाध्य किया जा रहा है। इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उसके पास वैध और सक्षम प्राधिकारी की ओर से जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र है। वहीं इस प्रमाण पत्र को निरस्त भी नहीं किया गया है और उसके अपनी मूल श्रेणी से अधिक अंक हैं। ऐसे में अब उसे अनुचित रूप से प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे विवाहिता से दुष्कर्म

**जयपुर।** आमेर थाना इलाके में एक विवाहिता से अश्लील वीड़ियों वायरल करने की धमकी दे उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।पुलिस ने बताया ने की थाना इलाके में रहने वाली 31 वर्षीय विवाहिता का आरोप है कि आरोपी पूर्व से परिचित था। जिसके चलते आए दिन मोबाइल फोन पर उसकी बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि मई-2025 को आरोपी ने बहाने से उसे मिलने बुलाया। मुलाकात के दौरान आरोपी ने उसे धोखे से उसे नशीला पेय पदार्थ पिलाया और बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीड़ियों बना लिया। पीड़िता ने होश में आने के बाद विरोध जताया तो आरोपी ने अश्लील वीड़ियो वारयल करने की धमकी दी और आए दिन ब्लैकमेंल कर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा।

## परीक्षा में नकल से जुड़े आरोपियों को जमानत, रोजाना दो घंटे करनी होगी सफाई

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने परीक्षा में नकल से जुड़े मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे आधा दर्जन से अधिक युवाओं को संबंधित थानाधिकारी के सुपरविजन में रोजाना दो घंटे सफाई करने की शर्त पर जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश बलबीर सहित कुल आठ आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि परीक्षा में नकल रोकथाम से जुड़े कानून के तहत अभियुक्तों पर एक करोड रुपए तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। ऐसे में इस प्रकरण में आरोपी अपनी रिहाई से पूर्व दस लाख रुपए की बैंक गारंटी जमा कराए। वहीं जमानत मिलने के बाद हर दो दूसरी माह की पांच तारीख को आरोपी संबंधित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। इसके साथ ही अदालत ने चालीस लाख रुपए के व्यक्तिगत मुचलके और पांच-पांच लाख रुपए की दो जमानत पेश होने पर आरोपियों को जमानत पर रिहा करने को कहा है।जमानत याचिका में अधिवक्ता दीपक चौहान व अन्य की ओर से कहा गया कि आरोपियों को गत जनवरी माह में गिरफ्तार किया गया था और उसके बाद से वे जेल में बंद हैं। प्रकरण में उनके खिलाफ आरोप पत्र पेश होने के बाद निचली अदालत की ओर से प्रसंज्ञान लिया जा चुका है। वहीं मुकदमे की सुनवाई पूरी होने में लंबा समय लगेगा। इसके अलावा सभी याचिकाकर्ता नवयुवक हैं और परिवार की आजीविका चलाते हैं। ऐसे में उन्हें जमानत दी जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील की ओर से कहा गया कि पेपर लीक और परीक्षा में नकल संगठित अपराध है और इनमें पांच से दस साल तक की सजा और एक करोड रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### सार-समाचार

## महालक्ष्मी यज्ञ का आयोजन



**जयपुर।** श्री गोविंद धाम ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देव जी की कृपा से दिल्ली बाईपास रोड स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में धनतेरस के पावन अवसर पर संत महंतों के सानिध्य में महालक्ष्मी यज्ञ का आयोजन हुआ।धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय ने बताया कि महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में पंचमुखी हनुमान मंदिर में महायज्ञ का आयोजन हुआ। महंत रामरज दास त्यागी संत महंतों भक्तों ने नि शुल्क ग्यारह कुंडिय महालक्ष्मी यज्ञ में देश की सुख समृद्धि की कामना के साथ आहुतियां दी । यज्ञ में डा प्रशान्त शर्मा, रमाकांत शर्मा, दीपक शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महालक्ष्मी मंत्र के साथ श्री सूक्त की आहुतियां प्रधान की इस अवसर पर भक्तों को महालक्ष्मी जी का पाना, पूजन विधि कैलाश मानसरोवर का जल, महालक्ष्मी की कौडी, गोमती चक्र, कमलगट्टा, पूजन सामग्री वितरित की । भक्त दीपावली के शुभ अवसर पर घरों में महालक्ष्मी पूजन कर सकेंगे । महालक्ष्मी यज्ञ में पधारे संत महंत श्रद्धालुओं भक्तों को गोविंद देव जी का दुपट्टा प्रसाद वितरित किया।

## सीएसटी ने पकड़ा दुपहिया वाहन चोर

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने मुरलीपुरा थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो चोरी के दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) मनीष अठावाल ने बताया कि सीएसटी ने मुरलीपुरा थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर अजय राणा (22) निवासी हरमाडा को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराया गए दो दुपहिया वाहन (बाइक और स्कूटी) भी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी नशा करने के आदि है जो नशा करने के लिए दुपहिया वाहन चोरी करता है । पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## दम्पति के घर से लाखों की चोरी

**जयपुर।** दौलतपुरा थाना इलाके में स्थित अखेपुरा गांव में रहने वाले एक परिवार को खाटूश्याम जी और सालासर मंदिर जाना भारी पड गया। अज्ञात नकबजन सूने मकान का ताला तोड़ उसमें रखे लाखों रुपए के सोने -चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर अज्ञात नकबजनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। हेड कॉन्स्टेबल राजेश कुमार ने बताया की दौलतपुरा के अखेपुरा गांव में रहने वाले अर्जुन कुमार 15 अक्टूबर को परिवार के साथ खाटूश्याम जी और सालासर मंदिर भगवान के दर्शन करने गया हुआ था। बदमाशों ने सूने मकान को अपना निशाना बनाते हुए मैन गेट का ताला तोड़ और अंदर जाकर अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण और कैश लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

## नकदी और कपड़े लेकर नाबालिग फरार

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना इलाके में एक शातिर नाबालिग अल सुबह अपने परिजनों को गहरी नींद में सोता छोड़ अलमारी में रखी नकदी और कपडे लेकर फरार हो गई। सुबह जाग होने पर परिजनों ने नाबालिग को नदारत पाया और अलमारी खुली देख मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नाबालिग की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाले पीड़ित पिता ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी 15 अक्टूबर की रात परिवार के सदस्य के साथ खाना -खाने के बाद अपने रुम में सोने चली गई थी। रात करीब 2 बजे परिजनों ने बेटी को रुम से गायब पाया। काफी तलाश के बाद जब वो नहीं मिली तो अपहरण की आंशका जताते हुए परिजनों ने मामला दर्ज कराया। बताया जा रहा है कि परिजनों ने जब अलमारी संभाली तो उसमें रखा कपड़ों का बैग और नकदी गायब मिली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश शुरु कर दी है।

## दिवाली पूजन सामग्री वितरित की

**जयपुर।** देश के जाने-माने कवि डॉ. कुमार विश्वास की प्रेरणा से संचालित विश्वास ट्रस्ट एवं उनके प्रशंसकों के परिवार 'विश्वासम्' द्वारा देश में सैकड़ों स्थानों पर दिवाली पूजन सामग्री, मिट्टी के दीये, मिष्ठान्न इत्यादि वितरित किया गया। इसी क्रम में शुक्रवार को जयपुर के राजा पार्क इलाके में समाजसेवी श्रीकांत सामरिया ने 100 से अधिक गरीब परिवारों को दिवाली मनाने के लिए सामग्री उपलब्ध कराई गई।दिवाली पर उन घरों को रोशन किया जाए जो आर्थिक रूप में त्योहार मनाने में सक्षम नहीं हैं। ट्रस्ट की अपील के बाद हजारों प्रशंसकों तथा समाजसेवियों ने यह जिम्मेदारी लेते हुए सैकड़ों स्थानों पर हजारों अक्षम परिवारों तक मिट्टी के दीये, तेल, बाती, पूजन सामग्री, मिठाई, फल, कपडे जैसी चीजें पहुंचाईं।कुष्ठ आश्रम में भी वितरित की सामग्री समाजसेवी तथा विश्वास परिवार के सदस्य श्रीकांत सामरिया ने बताया कि डॉ. कुमार विश्वास की प्रेरणा से जवाहर नगर स्थित कच्ची बस्ती में 100 से अधिक परिवारों को पूजन सामग्री इत्यादि वितरित की गई। इसके अलावा आगरा रोड स्थित कुष्ठ आश्रम में मिठाई, दीये वितरित किए गए। बच्चों की शिक्षा पर लगातार काम कर रहा है। विश्वास की प्रेरणा से 'अंधेरा धरा पर कहीं रह ना जाए' के उद्देश्य के साथ 'विश्वास का दिया' जलाने की अपील की गई थी।

## लाइटिंग का स्विच ऑन किया

**जयपुर।** आज शनिवार दिनांक 18 अक्टूबर डी पार्क महारानी फ़ार्म शिप्रा पथ स्थित श्री भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा भगवान श्री हरि विष्णु के पांचवे अवतार श्री चिरंजीवी परशुराम जी की प्रतिमा पर लाइटिंग का स्विच ऑन, जीवन रेखा अस्पताल के निदेशक डॉक्टर नीरज अग्रवाल ने किया श्री भगवान परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष अभय पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी एवं विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय सचिव श्री नरेंद्र जी हर्ष, पार्षद मुकेश शर्मा जी (काका), पार्षद हरीश शर्मा अध्यक्ष विद्युत समिति नगर निगम ग्रेटर उपस्थित रहे। इस अवसर पर नरेंद्र हर्ष ने कहा कि भगवान परशुराम सभी जाति धर्म के महान अवतार थे आज उनके अनुकरण व अनुशासन को अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रेमपाल शर्मा गिरधर गोपाल मुद्गल, डॉ एस एन जोशी, भूपेन्द्र भार्गव संजीव शर्मा संजय शर्मा जी आदि उपस्थित रहे। अंत में पंडित श्रवण जी द्वारा भगवान श्री परशुराम जी आरती से कार्यक्रम को संपन्न कराया। श्री भगवान परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष अभय पुरोहित अध्यक्ष एवं स्वच्छता समिति जयपुर नगर निगम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रीको के घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र में पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रा.लि. करेगी निवेश

## कंपनी राजस्थान में इलेक्ट्रिक बसें, बस बॉडी, बैटरी, मोटर, वायर हार्नेस का निर्माण करेगी साथ ही स्पेयर पार्ट डिवीजन भी बनायेगी

– कार्यालय संवाददाता–

**जयपुर।** रीको ने पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र में 2,65,329 वर्गमीटर (65.56 एकड़) भूखण्ड आवंटन के लिये ऑफर लेटर दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को जारी कर दिया है। इस भूखण्ड की कीमत करीब 208 करोड़ रूपये है। पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रा.लि. राज्य में 1200 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश कर 500 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करायेगी जिससे राज्य के औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

इलेक्ट्रिक कमर्शियल व्हीकल निर्माण में अग्रणी कंपनी पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रा.लि. इलेक्ट्रिक बसों के उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी की देश के 31 शहरों में 2000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें संचालित हैं। कंपनी ने बेस्ट मुंबई के साथ भी करीब 400 करोड़ रूपये का अनुबंध किया है।

कंपनी ने राज्य सरकार से संपर्क कर राजस्थान में लगभग 1200 करोड़ रूपये निवेश करने में रूचि दिखाई थी तत्पश्चात् कंपनी ने राजस्थान सरकार के साथ राइजिंग राजस्थान समिट के अंतर्गत परियोजना स्थापित करने के लिये एमओयू साइन किया। रीको ने इस एमओयू को बडी गंभीरता से लिया और कंपनी के साथ मिलकर जल्द से जल्द निवेश को धरातल पर लाने का प्रयास किया। हाल ही आयोजित ई-ऑक्शन में कंपनी ने ऑनलाइन बिड में भाग लिया और रीको औद्योगिक क्षेत्र, घीलोठ में 65 एकड़ भूमि के लिये बोली जीती। रीको द्वारा कंपनी को प्रस्तावित परियोजना के लिए ऑफर लेटर भी जारी कर दिया गया है। कंपनी इस भूमि पर इलेक्ट्रिक बसें, बस बॉडी, बैटरी, मोटर, वायर हार्नेस का निर्माण करेगी साथ ही स्पेयर पार्ट डिवीजन भी बनायेगी।

पीएमआई की घीलोठ में प्रस्तावित इकाई की वार्षिक उत्पादन क्षमता 33,000 यूनिट्स (15,000 ईवी बस, 6,000 एमसीवी और 12,000 एलसीवी) होंगी। प्रथम वर्ष में कंपनी अपनी 40 प्रतिशत क्षमता का उपयोग करेगी। द्वितीय वर्ष में 60 प्रतिशत, तृतीय वर्ष में 80 प्रतिशत, चतुर्थ वर्ष में 90 प्रतिशत, पाँचवे में 95 प्रतिशत और छठे वर्ष में कंपनी अपनी 100 प्रतिशत क्षमता का उपयोग करेगी। प्रथम वर्ष में कंपनी का प्रस्तावित टर्नओवर 6,180 करोड़ रूपये है जो छठे वर्ष में बढ़कर 15,450 करोड़ रूपये हो जायेगा।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि एक वर्ष से भी कम समय में राइजिंग राजस्थान में किये गये 35 लाख करोड़ रूपये के एमओयू में से 7 लाख करोड़ रूपये के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं। वर्तमान में राजस्थान देश में सबसे तेज गति से निवेश आकर्षित करने वाला राज्य बन चुका है। यह राज्य सरकार की उद्योगोन्मुख नीतियों, पारदर्शी प्रक्रियाओं और त्वरित भूमि आवंटन की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में इलेक्ट्रिक बसों के उत्पादन की यह पहली इकाई है। इस निवेश को देखते हुए अन्य निवेशक भी अपनी इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन इकाइयां राज्य में लगाएंगे। राज्य में पीएमआई के नये निवेश से राजस्थान में इलेक्ट्रिक बसों का उत्पादन होगा जिससे पर्यावरण प्रदूषण में भी कमी आयेगी।

■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि एक वर्ष से भी कम समय में राइजिंग राजस्थान में किये गये 35 लाख करोड़ रूपये के एमओयू में से 7 लाख करोड़ रूपये के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं।

## गंभीर अपराध में भी किशोर को जमानत का अधिकार, संप्रेक्षण गृह अंतिम उपाय

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि 16 से 18 साल के बीच की उम्र के बाल अपचारी गंभीर अपराध के मामले में किशोर न्याय अधिनियम की धारा 12 के तहत जमानत का अधिकार रखते हैं। इसके साथ ही अदालत ने कोटा में रील बनाते समय गोली चलने से युवक की मौत के मामले में आरोपी किशोर को जमानत दी है। अदालत ने कहा कि गंभीर अपराध के मामले में भी संप्रेक्षण गृह को अंतिम उपाय के रूप में देखना चाहिए। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी किशोर की ओर से अपनी मां के जरिए दायर रिवीजन याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। इसके साथ ही अदालत ने किशोर बोर्ड और बाल न्यायालय, कोटा के आदेश को निरस्त कर दिया है। अदालत ने आरोपी किशोर के अभिभावकों को कहा है कि वह किशोर की देखभाल करें और यह सुनिश्चित करें कि वह अपराधियों की संगत में ना पडे।

याचिका में अधिवक्ता कपिल गुप्ता ने बताया कि प्रार्थी और अन्य आरोपियों की ओर से रील बनाने के दौरान गोली चलने से एक युवक की मौत हो गई थी। घटना के समय प्रार्थी की उम्र 16.2 साल थी। मामला बाल न्यायालय में आने पर अदालत ने धारा 15 के तहत उसके खिलाफ वयस्क आरोपी के रूप में कार्रवाई करने के आदेश दिए। वहीं उसकी जमानत अर्जी को भी खारिज कर दिया गया। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि किशोर न्याय अधिनियम की धारा 12 के तहत उसे जमानत लेने का अधिकार है और अपराध की गंभीरता के आधार पर उसे जमानत से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं राज्य सरकार और शिकायतकर्ता की ओर से याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि उसकी ओर से चलाई गोली से दूसरे युवक की मौत हुई है। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने के आदेश देते हुए किशोर बोर्ड और बाल न्यायालय के आदेश रद्द कर दिए हैं।



## International Gin and Tonic Day: A Toast to a Classic Cocktail

Celebrated every year on October 19, International Gin and Tonic Day honours one of the world's most iconic and refreshing cocktails. The classic drink, made by blending gin with tonic water and often garnished with lime or herbs, has a rich history dating back to the British colonial era, when quinine in tonic water helped prevent malaria. Today, the day celebrates both tradition and innovation, as mixologists experiment with craft gins, botanicals, and artisanal tonics. Enthusiasts around the globe raise a glass, enjoying the perfect balance of bitter, sweet, and aromatic notes that make the gin and tonic a timeless favourite.



Cheetahs had their idiosyncrasies. They were good in everything they enjoyed doing. Having cleared the All India merit and Services Selection Board, they possessed high Intelligence Quotient and good bearing. One could witness the ingrained ways of training round the clock that finally made a Cheetah! Every cadet was designated an over-study belonging to the third term, who in turn mentored him as his understudy. This association went far and long and played a major role in defining the upbringing of cadets. Even in deep slumber, the cadets could regurgitate the NDA prayer or the academic answers par excellence. The Sergeants officially handled the fourth termers while the Corporals were assigned the third termers. Together, they ran the squadron and were regarded as role models. Having completed Camp Rovers in IVth term, the cadets accomplished a milestone in training. As a Divisional Officer, one could faintly fathom the pulse and psyche of Sergeants and Corporal appointments who made the cadets go through a rhythmic routine of learning beyond the training hours.

# Cheetah And Its Lair

#CHARLIE SQUADRON




Wing Commander Siddharth Kharbanda


As they exhorted, 'once a Cheetah, always a Cheetah,' exhumed the exhilaration of cadets in a squadron named 'Charlie.' The inevitability of memories fading, stemmed for a while by the pugmarks they left behind, or were they pyramids? Salient monuments to the gentlemen who no longer tread the corridors of the Squadron, it must have certainly been charming to bask in the glory of yesteryears. Erstwhile called the 'King' Squadron, the Charlie Squadron was commissioned on 2nd January 1956. It was sponsored by the State of Maharashtra which donated approximately five lakhs for its construction. Later, the Squadron was rechristened as 'Charlie' and the cadets were known as 'Cheetahs.' The Squadron initially formed a part of the Shark Battalion, No. 3 in order after Alpha Squadron, moving clockwise or anticlockwise; the third squadron was always Charlie. In June 1997, it became a part of No. 1, 'Tiger' Battalion. As the cradle of military leadership, NDA has its own myriad and peculiar ways of forging out iron men out of young boys.

Each squadron in NDA is known for a distinguished traditional feat. The cadets belonged to unique tribe of rich pathos defined by its antecedents and constituted an inherited competency. They were naturally groomed through rigors of time and associated towards their squadron for a lifetime. As they underwent this extreme training, trials and tribulations, their bonds grew stronger. Over three years, this indoctrinated hardiness transformed them from naive adolescents to Cadets.

Cheetahs were famous for drill, troop games and mental toughening. Foreign cadets outplayed in football and boxing. The match strings had a precise and psychological impact on the adversary. The sixth termers led the lower strings to redefine match rules to a debacle. Appeals were challenged to a forlorn controversy. Blazer and Blues were achieved in Athletics, Equitation and Sailing. Strengthening in the initial terms brought epistolary reminisces of ancient adage, a folklore, that famed the acronym of HCL or 'Hunter Charlie Lima,' also called 'Hydro Chloric Acid.' It was a group to bring out young leaders and men of mettle; thus fusing the tough times that the cadets sustained and survived. Many volunteered to be a part of ultra-marathons and the famous Bakshi Cup to test their limits and bring laurels to NDA. 'Tough times never last, tough people do,' and so did the cadets, who later performed exceedingly well in their service careers.

The squadron has since been known for a legacy in drill, the epitome of discipline whilst the most critical battle-winning virtue, ensuring a soldierly mindset and lightning response to orders. 17th Course was the first to win the Drill Competition. This was an unsaid birthright and undisputed raison detre. Cadets were groomed to crack the Drill Square Test, the acid test of a cadet, administered by the Adjutant. It was a tacit understanding and approach to accomplish the domain of expertise. From then on, the squadron worked tirelessly to achieve the most sought after trophy. The trophy was predominantly engraved with 'Charlie Squadron' barring mentions of 'Mike Squadron,' an effect of its sister squadron. Drill competition was a season in itself. It marked the onslaught of a winning strategy, an insatiable lust for sustaining quest for the treasured possession and achieve superiority. The Cadet Sergeant Major took charge for the honest bearing, leaving the Company Quarter Master Sergeant Run dry for the surprised expenditure that led to bankruptcy! Low Medical Category cadets were optimally assigned administrative portfolios. Drill was practised through the rigors of time along the length and breadth of the corridors. The proficiency attributed to daily earnings and winning the hearts of seniors. The event was solely managed by cadets and delegated to departments that challenged a business target. Cabins were airproofed so that no iota of particulate mattered the rigs. White patrols were dipped in starch and dry-cleaned to perfection. The sought-after cobblers were more in demand and few in supply. Fish oil was applied exorbitantly. At the Koth, the cadets stood out and resembled robotic mannequins cloned to excellence. They remained on heels until inspected. The legacy of the squadron, entering the Khetarpal Parade Ground on achieving perfection, left the magnanimous Drill Ustad's spirits awe-inspiring. Certificate of Proficiency became a trademark. Later, the sixth termers rightfully earned the respectful place in the Nishan Toli who passed out as distinguished Squadron Cadet Captain. The squadron's proficiency in drill remains the longest maintained tradition in the Academy.

Cheetahs had their idiosyncrasies. They were good in everything they enjoyed doing. Having cleared the All India merit and Services Selection Board, they possessed high Intelligence Quotient and good bearing. One could witness the ingrained ways of training round the clock that finally made a Cheetah! Every cadet was designated an over-study belonging to the third term, who in turn mentored him as his understudy. This association went far and long and played a major role in defining the upbringing of cadets. Even in deep slumber, the cadets could regurgitate the NDA prayer or the academic answers par excellence. The Sergeants officially handled the fourth termers while the Corporals were assigned the third termers. Together, they ran the squadron and were regarded as role models. Having completed Camp Rovers in IVth term, the cadets accomplished a milestone in training. As a Divisional Officer, one could faintly fathom the pulse and psyche of Sergeants and Corporal appointments, who made the cadets go through a rhythmic routine of learning beyond the training hours. It is this continuous indoctrination that augmented the holistic grooming of cadets that later helped them face the rigors of combat. Squadron appointments earned their tabs inside the four walls of the squadron office. Dossiers were thoroughly exhausting, yet painstakingly carried out for various divisions with due observations.

NDA is spread over an area of 7000 acres. Its periphery ran to the north of the Academy through hills and dale with tough undulating curves that naturally became ideal for navigation. Cadets ventured on long runs prior to camps and X-country to the famous Point 2475, which lay as a landmark to the many Control Points. Cheetahs faced Camps with grit and determination. However, the MR exercises jolted up the Directing Staff, not for trying to match up with cadets, but for circumnavigating the NDA boundary, without a compass! Adequate preparation credited the navigation for reconnaissance of prominent way-points anticipated in Greenhorn and Rovers. Control stores were never used out of fear of misplacing. They had a mugged-up and acknowledged serviceability rattled by the Section Commander. Stores were insulated that became an extension of battle gear. Magazines were secured to perfection, being the point of least liability. Later, the famous and infamous incidents of handling stores were depicted in drama during the Campfire. Morning PT was physically demanding wherein cadets exhibited competence through endurance.

A typical sight of the Battalion area was of chaos and uproar. Cadets were seen exhorting to Squadron war cry that instilled Josh. With their bikes lifted or performing the most unheard of front side rolls, the place and setting was never an issue. The squadron never gave any room for ignorance of rules. Ignorance, in retrospect, was never a bliss. Any spot could be a restriction for not being upto the mark. Patti-parade were common in Bajri Order, a Chindit Order with loads of bajri in the big pack. Every Cheetah fortunate enough was called in KD shorts, white patrol jacket, black web belt, blue patrol cap, ridding patties and slippers! At times, the corridors, amidst an ongoing patti-parade, was a commotion of traffic that knew no police! However, the Squadron Commander on parade braced up any sight to a respectful reverence warranting a situation that healed any commotion.



> A typical sight of the Battalion area was of chaos and uproar. Cadets were seen exhorting to Squadron war cry that instilled Josh. With their bikes lifted or performing the most unheard of front side rolls, the place and setting was never an issue. The squadron never gave any room for ignorance of rules. Ignorance, in retrospect, was never a bliss. Any spot could be a restriction for not being upto the mark. Patti-parade were common in Bajri Order, a Chindit Order with loads of bajri in the big pack.

CCTVs played a strategic reporting channel that marked attendance, ensuring adherence to orders. At times, suspicious movements of cadets observed under the illumination of black and white night vision cooked up stories for further investigation. From hourly reporting by defaulters to ensuring activities carried out expediently, video recordings greatly helped in smooth functioning and ensuring safety of cadets. MES was graceful to account for frequent unserviceability of the epic LOTUS in the squadron. Both number and key locks played a significant role in safety of rooms and bikes of cadets. While few cadets possessed a master key, others were not lucky to find their rooms unlocked or bikes misplaced. Bikes were locked by the squadron orderlies and reported diplomatically by the CQMS. Contrary to science, the sound of footsteps, announcements and movements were faster than corridor lights. Chinese whispers announced the arrival of inspecting authorities. Open Door Study Period was an eerie of silence amidst an air of no movement. Cadets hallucinated in all postures while glued to their precis. The alert and conscious focussed on grades and torches, while the rest found themselves reporting to the dreaded CSM. Such maestros were made to play music who eventually got a taste of their own medicine. Kit muster was inconclusive and questionable, yet effectively managed. Liberty cards was signed by aliases. While some cadets never got a chance to proceed on liberty, others strived hard to clear DST and earn the same; while the rest proceeded on paper, only to be Locked-in Cabin. Morning reveille was the bugle call. It reverberated the Academy to a fresh start. Soon thereafter, a commotion of activities commenced on the three floors, flanks and on the Ground Floor Central Lobby, either for a Flat, Drill or Double Outdoors. The junction of GFCL welcomed visitors, reported happenings and summoned the ignorant. From here, the duty cadet made announcements at the top of his voice, only to lose his Larynx, either by putting an effort or not meeting the expectations. While the junior cadets were ordered to report 'immediately,' seniors were requested to carry on, with regards.

The brief COVID period was a period of varying momentum. However, the training of cadets was never ceased. It transited to an online mode where they were remotely passed orders whilst ensuring the laid down protocols. While Outdoor Training, Yoga and Drill practice were delegated to the Squadrons, classes took place on the virtual and online mode. Exams too were held physically in the Squadron. Meals were akin to community meal provided to the squadron ensuring social distancing. Apprehensive of the fallout of COVID and its repercussions, the cadets were too busy endorsing their names in the contact list, just to avoid the unduly effort to malign their injuries. The contact list spread like a wildfire. All a cadet was to do is name the cadets he came in contact with. This accentuated his tribe of known well-wishers to other squadrons as well. The rest is history. Parcels received at Kondhava gate during COVID were countless; housed in a cycle shed and manned 24x7! The exclusive Chandan trees were the most sought after. NDA police was always on the lookout for the racket played by localities who had geo-tagging of the trees. In the gloried business that flourishes in the market, NDA was a diamond mine. At times, BDOs and SDOs, who were naturally averse to movements, became hostile investigators to record night footage and sounds of tree cutting machines.

Back in Sudan, Battalion officers brainstormed over performance of cadets, achievers, appointments and prospective game fixtures, march-ups, Relegation Warning List and training calendar to ensure compliance and adherence to level playing field. Apart from discussion on case studies, training calendar, trespassers, short-cuts, protocols, discipline and administration became the key highlights. The surrounding habitat was natural and colossal. During dry summers, winds accentuated forest fires that were distinct in the dark. Leopard sightings were common for want of water amidst habitation. Peacocks were common, while civets burrowed high in ceilings. The Estate section ensured ecological balance preserving flora and fauna and training teams ensured survivability of cadets by developing their sense of responsibility.

Bombay stadium was located in Pune. It witnessed a plethora of activities, congregation and marked the commencement for closing ceremonies for the Bakshi Cup and End-of-Term activities, Tattoo and PT display. Passing out of the cradle of military leadership was regarded an achievement in itself, which is testimony to the guests and spectators who thronged to witness the POP in May and November each year. On one such occasion, the never-so-humble sixth termer submitted a requisition for inviting his entire village of 150, a matter of pride. And so did they, parents, well-wishers, from all walks of life, endeavoured to witness the grandeur of the majestic passing out. Squadron socials bid adieu to sixth terms with a nostalgic milieu, who were given stand-off with satirical anecdotes of the yesteryears. Squadron officers, veterans and alumni graced the occasion. Master of Ceremony's script was duly vetted for a respectable tone and tenor where satires were censored and puns were not intended.

The dining hall encompassed capacity with elegance. The most revered were the staff, waiters and cooks who had profound pride and honour to serve the military pride. Cadets were made to run through the bill of fare, or simply the menu of the week. At the entrance to the dining hall flashed the number of days left to go home, or DLTGH. On entering the dining hall, was a 'Table for One,' "An empty table against which leaned an empty chair. The table set is small, for one, symbolizing the fatality of one prisoner against his oppressors. The single rose displayed in a vase reminds us of the families and loved ones of our comrades-in-arms who keep their faith awaiting their return. The red ribbon tied so prominently on the vase is reminiscent of the red ribbon worn upon the lapel and breasts of thousands who bear witness to their unyielding determination to demand a proper accounting of our missing. The candle is unlit, symbolizing the upward reach of their unconquerable spirit. The slice of lemon is on the bread plate, to remind us of the bitter fate. There is salt upon the bread plate, symbolic of the families' tears as they wait. The Glass is inverted; they cannot toast with us this night. The chair, it is empty. They are not here."

Each course congregated strength through blessings from the 'Sarva Dharma Sthal,' in unique human attributes that calibrated an offensive action for a lifelong bond. This contributed to an unwavering commitment to the furtherance, growth and accomplishment of Squadrons and NDA. Leaders were born in this squadron who held the forte of Academics, PT and Camps. At times, PT became a waterloo and the top brass witnessed the 'last attempt.' However, the fear of relegation and stay-back had its deterrence. The coveted banner for the overall best squadron in the Inter-Squadron Championship for the Autumn Term 2018 was presented to SCC Charlie Squadron by the Reviewing Officer, General Bipin Rawat, the then CDS, who also hailed from this Squadron. The SCC was epitomized for leading Cheetahs from the lowest position in the preceding term to acclaim the feat after forty and a half years. The aura of celebrated fete resounded and resonated the Academy like a centennial World War victory march. No duty officer could ensure a lights out into this night.

The veterans visiting the squadron believed in the birthright of the sustained drill trophy and the existence of the infamously famous Cheetah Well. Well, for its dried watery depth amidst its obscured and concealed location today had timeless pranks and prosecutors. The Well, by now, was covered with concrete and rusty leaves that bound the wellness of the Well in the epitaph of time. In the cradle of military leadership, Squadron buildings stood the test of times. Faithful and staunch, strong yet marvellous, the Squadron firmly hoisted its monumental flag colours of Blue and Grey like splendid grandeur. The building was made up of granite stone with interiors of Burmese wood, and an edifice of marvellous epitaph waiting to narrate endless tales of heroism, courage, and conviction.

The orderlies maintained a timeless roster of cadets that no Academy Journal, Training Branch or the Alumni Association preserved. They could rattle out particulars of cadets long after their passing out to become commissioned officers. The orderlies not only maintained majestic epitaph ingrained art of calligraphy, they also recalled appointments for each course. Mementos were revered in the Ante room. The orderlies could exactly point its era and course. 'Time Flies' was the most sought-after memento in the Squadron. Time and tide did wait for none, however, the alumni profoundly looked for the roll of honour to recollect moments of nostalgia. While the older generation of orderlies belonged to Pashan, Ahire, Chinchawad and the adjoining villages of Satara and remotest of Maharashtra, and their lineage serving the Academy, the younger clan hailed from Uttar Pradesh and Bihar. Every term, they flavored in-house Biryani for a unique Squadron culture. Being stoic, humble and polite, their obedience made them reliable and trustworthy. Purview to mishaps and adventures, they contributed wholeheartedly to the fulfillment and furtherance of the Squadron. However, they remained salient spectators and the unsung heroes. Their loyalty was embodied in the achievements of the Squadron. Each glory brought happiness as they too celebrated the accomplishments of cadets. The connection with them truly signified humility and modesty in the humblest form. They brought nostalgic affection with visitors, reminiscing countless narration of tales that never cease to exist.

Everything that happened in the Academy had a purpose, ease not being one of them. For the cadets of Charlie Squadron, there was a transformation from a Cimba to a Cheetah. A Cimba (Simba), in Swahili, means a Lion. They ran like one and lived to its name. They were humble, yet unpretentious, gave their one hundred per cent in all training activities that tested human abilities. Later, their accomplishments in commissioning academies were proudly learnt. But like the proverbial blue sky, the sun too had been clouded by the discontinuity of this beautiful lane down where all our memories live. But still somehow, there remains a faint ring. Sometimes deep inside, there is a ring, as if the spirits of the people who have left for far off places still pervade the corridors of the Squadron. And this ring becomes a clamour, so sacrosanct that each note is cherished. And from the foggy mists of time the other courses appear, courses which have done their bit for the Academy, Battalion and the Squadron, and now, we behold the glorious Charlie Squadron.


rajeshsharma1049@gmail.com








#PAIN

# Abandonment, Agony And Sorrow

## Lakshmana's Painful Duty: Taking Sita to Valmiki's Hermitage

The Ramayana, one of the two great Indian epics, is a timeless tale of love, duty, sacrifice, and dharma. While much of the epic celebrates heroism and virtue, there are also episodes filled with emotional pain and moral dilemmas. One such heart-wrenching moment occurs in the Uttara Kanda, when Lakshmana, the ever-loyal brother of Lord Rama, is tasked with escorting Sita to the forest, where she will ultimately find refuge in the hermitage of Sage Valmiki.



### Public Doubts and a King's Dilemma

After Lord Rama's victorious return to Ayodhya and coronation, his reign brings justice and prosperity. Yet, all is not well in the hearts of the people. Despite Sita's Agni Pariksha, her trial by fire that proved her purity, some citizens of Ayodhya begin to whisper doubts about her chastity. This sentiment is captured in a powerful shloka:

जनस्थानं तथा सीतां,
गृहीत्वा रावणः सुतः।
कथं राघवपत्नी सा,
शुद्धा स्यात् जनकात्मजा।।

"Sita, having been taken to the forest by Ravana, how can she still be pure? How can she remain the worthy wife of Rama?" Though Rama never doubted Sita's integrity, he faces the harsh truth of being a king: public trust must be upheld, even at personal cost. Torn between love and duty, Rama makes the painful decision to abandon Sita and entrusts this heartbreaking task to Lakshmana.

### Lakshmana's Conflict of Loyalty and Sorrow

Lakshmana is devastated. Sita is like a mother and sister to him. Throughout the exile and the war in Lanka, he stood as her guardian and protector. Now, he is ordered to abandon her, a woman pregnant with Rama's children.

Still, bound by his unwavering loyalty to his brother and king, he agrees. The two set out on a chariot under the pretense of taking Sita to the forest for a religious pilgrimage. As they journey deeper into the woods, Lakshmana remains silent, overcome with emotion. Finally, as they near the hermitage of Sage Valmiki, Sita begins to sense the truth. When she questions Lakshmana, he breaks down in grief and reveals Rama's command.

सीतेति विलपंतीं तां
भ्रातरं रघुनन्दनः।
अश्रुपूर्णमुखीं दीनां
गमयामास वै वनम।।

"Crying out 'O Sita!,' her face drenched in tears, the desolate princess was led into the forest by the noble Lakshmana."



### Valmiki's Hermitage: Sita's New Beginning

As Lakshmana leaves her near the Tamasa River, the revered Sage Valmiki appears. A seer of divine insight, Valmiki recognizes who Sita is and welcomes her with open arms and reverence.

अभ्यागतां जनस्थानं वैदेहीं धर्मचारिणीम्।
वाल्मीकिः परया भक्त्या सस्वयं प्रतिपूजयत्।।

"To the righteous Sita who arrived at his hermitage, Valmiki offered his deepest reverence and welcomed her with devotion."

Sita takes shelter in the peaceful hermitage, where she eventually gives birth to twin sons, Lava and Kusha. Raised under the sage's guidance, the boys grow up learning the Vedas, warfare, and the very story of their parents, told by none other than Valmiki himself, the poet of the Ramayana.

### Lakshmana: A Symbol of Sacrificial Dharma

Returning to Ayodhya, Lakshmana is a man changed. The burden of his duty weighs heavily on him. His obedience to Rama is exemplary, yet the pain of abandoning Sita remains deep within.

धर्मात्मा सत्यसंधश्च रामो दशरथात्मजः।
प्रियं चानुचरत्वाक्यं लक्ष्मणः प्रियदर्शनः?


"Rama, the son of Dasharatha, was ever devoted to dharma and truth. And Lakshmana, always following his brother's command, was dear to all and beautiful in virtue."

### An Eternal Message of Dharma and Grace

The episode of Lakshmana taking Sita to Valmiki's Ashram is more than a narrative event. It is a deep moral lesson about how even the noblest souls must endure pain when upholding their duty. Sita's grace in accepting abandonment, Lakshmana's agony in executing the command, and Rama's sorrow in choosing kingdom over love, each reveals a different face of dharma.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# त्योहारी सीजन में चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही

■ विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिये खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

**टोंक( निसं )।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं।

मुख्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुर्जर की टीम ने मालपुरा उपखण्ड के पूजा ज्यूस सेंटर डिग्गी नुक्कड़ से मावा बर्फी व छैना, खंडल मिष्ठान भंडार डिग्गी नुक्कड़ से गुलाब जामुन, मिलन मिष्ठान भंडार मालपुरा से मावा, बालाजी मिष्ठान भंडार टोरडी से रबड़ी, जैन रबड़ी भंडार टोरडी से नमकीन का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया, जिनकी जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुजर ने बताया की दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ अविनाश साहू, रामेश्वर प्रसाद, तिलक वर्मा, राकेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

# सीएलजी बैठक आयोजित, शांति व सद्भाव से त्योहार मनाने का आव्हान

**पावटा( निसं )।** विराटनगर उपखंड मुख्यालय पर शनिवार को पुलिस थाना प्रांगण में जिला कोटपुतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई नके आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी सोहन लाल द्वारा सीएलजी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी त्योहारों को शांति, सद्भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाने का आव्हान किया गया।

थाना अधिकारी सोहन लाल ने कहा कि सभी लोग अफवाहों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि समाज के सहयोग से ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत रह सकती है। बैठक में सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार लालाराम यादव सहित अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।

# रोड़ लाईट एवं टाईमर से छेड़छाड़ पर नगर परिषद को करें सूचित

**कोटपूतली( निसं )।** रोड़ लाईट एवं टाईमर से छेड़छाड़ पर स्थानीय नगर परिषद को सूचना दी जा सकती हैं। नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद ने बताया कि नगर परिषद कोटपूतली क्षेत्र में संवेदक नरेश कुमार सैनी, फर्म राधा गोविन्द इंटरप्राइजेज द्वारा रोड़ लाईट रिपेयर का कार्य किया जा रहा है। संवेदक द्वारा प्रस्तुत पत्र के अनुसार रिपेयर की गई रोड़ लाईटों एवं टाईमरों के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बार-बार छेड़छाड़ की जा रही है। उक्त व्यक्तियों द्वारा टाईमरों को जान बूझकर बंद कर देने से क्षेत्रवासियों को रात के समय प्रकाश व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो रही है तथा आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर परिषद द्वारा पुलिस थाने में प्राथमिकी जांच रिपोर्ट दर्ज करवाई जा चुकी है। नगर परिषद ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति रोड़ लाईटों या टाईमर उपकरणों से छेड़छाड़ करता हुआ पाया जाये तो उसकी सूचना तत्काल नगर परिषद कार्यालय के दूरभाष नं. 9414792229, 9309396789 या पुलिस प्रशासन को दें, जिससे ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सके।


# विधायक ने सुनी समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा

**दौसा( निसं )।** विधायक आपके द्वार अभियान के तहत शनिवार को दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने मंडी रोड, नया कटला, मानगंज, फूलमाला मंडी, रेलवे स्टेशन के आसपास स्थानीय वाशिन्दो एवं व्यापारियों से मुलाकर की तथा उनकी समस्यायें सुनी।

इस दौरान विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि दीपों का यह पर्व समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश देता है। आइए, मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और उज्ज्वल बनाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष शरद नागर, जगदीश मीणा, खैराती लाल बैरवा, रामेश्वर बैरवा, गोविंद सिंह राजपूत, शीतल कुमार चौबे (ब्लॉक प्रवक्ता), फूलचंद मीणा, दुर्गालाल मीरवाल, कैलाश गोठवाल, रामावतार मावई, अमर सिंह प्रजापत, रामावतार चौधरी, नवीन कुमार सैनी, लेखराज गुर्जर (पार्षद), महेंद्र आनंद, रईस खान (अल्पसंख्यक अध्यक्ष), रविंद्र जीरोत, हरकेश अवाना (युवा कांठोस अध्यक्ष), मोनू पचवारा (उपाध्यक्ष), करतार सिंह चांदराना (उपाध्यक्ष), रेनू कटारिया, बीना प्रधान (महिला कांग्रेस अध्यक्ष), कविता मीणा, रुक्मणी गुप्ता, सतीश गेरोटा (पूर्व जिला अध्यक्ष), जयराम बैरवा, हेमराज सिंह, गुलाब जिघानिया, रामखिलाड़ी कुंडरा, अशोक बैरवा, हिम्मत सिंह गुर्जर, सतीश जीरोता, बालकिशन कटारिया, कैलाश सांवरिया, बाबूलाल टाटा, मोहनलाल मीणा, रणवीर सिंह गुर्जर, नरेश जोनवाल, विकास परेवा, गीता वर्मा, राकेश मानपुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो आरोपी गिरफ्तार

**पावटा( निसं )।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने एक युवक का अपहरण कर जानलेवा हमला करने के मामले में बड़ी कारवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार व एक नाबालिग को निरुद्ध किया है।



प्रागपुरा थाना पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किए।

जिला कोटपुतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि वांछित अपराधियों की धर पकड़ हेतु रेंज स्तर पर चलाए जा रहे अभियान की पालना में कार्यवाही हेतु विशेष अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन व प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास व कार्यवाही करते हुए संजय जांगिड़ पुत्र सुरेश जांगिड़ उम्र 19 साल निवासी पंडितपुरा, राजेश मुलोदिया उर्फ भाईडा पुत्र रामवतार उम्र 21 साल निवासी टोरडा गुजरान व एक नाबालिक निरुद्ध करने में सफलता अर्जित की। प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह ने बताया कि 23 सितंबर 2025 को लालचंद यादव पुत्र बीरबल यादव उम्र 48 साल निवासी कुनेड ने प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 22 सितंबर 2025 शाम 6.30 बजे के करीब मेरा भतीजा हिमांशु पावटा नितिन की दुकान पर कटिंग करवाने गया था। तभी वहां प्रिंस, निक्की पुत्रान ताराचंद, हिमांशु, साहिल पुत्रान अशोक निवासियान कुनेड, जितेंद्र पुत्र अमीचंद ढाणी मान्या वाली तन भोनावास, संजय जांगिड़, सुनील वर्मा निवासी चक्रतीर्थ टसकोला रोड व राजेश भाईडा व इनके साथ अन्य 15- 20 लड़के चार पांच बाईकों पर सवार होकर आए व कटिंग करवा रहे मेरे भतीजे हिमांशु को उठा कर ले गए व आंख पर पट्टी बांधकर उसके साथ लोहे की रॉड, लाठी, डंडे व धार धार हथियारों से उसके साथ मारपीट की वह उसे गंभीर व बेहोशी की हालत में जोधपुरा की नदी में फेंक कर चले गए। जिस पर प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

# इंजीनियरिंग वर्कशॉप से चोरों ने लाखों का सामान पार किया

■ ग्रामीणों की मांग है कि क्षेत्र में नियमित रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने के साथ स्थाई पुलिस चौकी स्थापित की जायें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके

**कोटपूतली( निसं )।** क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार देर रात्रि को अज्ञात चोरों ने निकटवर्ती ग्राम रायकरणपुरा-बखराना के मुख्य बस स्टैंड स्थित एक इंजीनियरिंग वर्कशॉप को निशाना बनाते हुये लाखों का सामान पार कर दिया। वर्कशॉप के संचालक प्रीतम सैनी ने बताया कि जब वह शनिवार सुबह अपने वर्कशॉप पहुंचा तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो दो वेल्डिंग मशीनें, एक विद्युत मोटर सहित कई लोहे के उपकरण गायब मिले। जिन्हें कोई अज्ञात चोर चुरा ले गये। चोर दुकान के ताले तोड़कर अंदर घुस गये एवं नकदी सहित लाखों के औजार पार कर ले गये। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पनियाला थाना पुलिस को दी।



कोटपूतली के ग्राम रायकरणपुरा-बखराना के मुख्य बस स्टैंड स्थित वर्कशॉप पर पहुंचकर पुलिस ने पंचनामा तैयार किया।

सूचना मिलते ही पनियाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मौका मुआयना कर जांच शुरू की। घटना के बाद ग्रामीणों में गहरा रोष देखने को मिला। स्थानीय निवासी महेश यादव, अशोक सैनी, अनिल सैनी, रोहिताश व सुरेन्द्र सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में पनियाला व आसपास के ईलाके में चोरी की घटनायें लगातार बढ़ रही हैं। मुख्य स्टैंड के आसपास ट्रांसफार्मर चोरी, विद्युत केबल गायब होना और दुकानों में सेंधमारी जैसी कई घटनायें हो चुकी हैं, जिनका अब तक खुलासा नहीं हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त ना के बराबर रहती है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही चोरी की वारदातों का खुलासा नहीं किया गया एवं क्षेत्र में पुलिस गश्त नहीं बढ़ाई गई तो वे प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से स्थानीय व्यापारियों व आमजन में भय और असंतोष का माहौल है।

लोगों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त नाम मात्र की रह गई है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिये ठोस कदम उठायें जाये और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जायें। इस चोरी की वारदात ने एक बार फिर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस की सक्रियता नहीं बढ़ाई गई, तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं। वहीं पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और संदिग्धों की तलाश में टीमों को लगाया गया है।

# शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए

**पावटा( निसं )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने आदेश जारी कर दीपावली पर्व पर मुख्य बाजार व अन्य स्थानों पर काफी मात्रा में भीड़ रहने की संभावना के मद्देनजर क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने के लिए अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र के लिये कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया हैं।

आदेश अनुसार उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट पावटा को उपखण्ड मुख्यालय पावटा, उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट विराटनगर को उपखण्ड मुख्यालय विराटनगर, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट पावटा को तहसील क्षेत्र पावटा, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट विराटनगर को तहसील क्षेत्र विराटनगर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में साम्प्रदायिक सौहार्द, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उत्तरदायी होगें। वह अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस अधिकारीयों के साथ निरंतर भ्रमण करते हुए निगरानी रखेंगे। आदेशानुसार संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखें, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष अंकुश लगाने हेतु उचित कार्यवाही करें एवं अधिकारी पूर्व अनुमति के बिना अपना मुख्यालय नहीं छोडेगे।

# त्रिवेणी धाम के संत सानिध्य में होगी प्राण प्रतिष्ठा

**सांभरझील, ( निसं )।** शाहपुरा त्रिवेणी धाम के संत श्री श्री 1008 श्री खोजी जी द्वाराचार्य श्री राम रिछपाल दास जी महाराज का सांभर में नवनिर्मित श्याम बाबा मंदिर की आयोजित होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य रूप से इनका सानिध्य सैंकड़ों भक्तगणों को प्राप्त होगा। संतो के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले आयोजित होने वाले यज्ञ में अनेक यजमान भाग लेंगे वहीं हवन में आहुतियां देने के लिए भी प्रमुख रूप से धार्मिक समारोह में अनेक भक्त इसका हिस्सा बनेंगे। दीपावली के शुभ अवसर पर संपूर्ण मंदिर को रोशनी से सरोबार कर दिया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में हाथोज धाम के पीठाधीश्वर बालमुकुंदाचार्य भी मुख्य अतिथि की हैसीयत से शिरकत कर अपना अहम योगदान देंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का कार्यक्रम पांच दिनों तक चलेगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 2100 से अधिक निकाली जाने वाली कलश यात्रा को लेकर सांभर सहित आसपास की ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में भी खासा उत्साह बना हुआ है और वे भी बेसब्री से इस दिन का इंतजार कर रही है। बताया जा रहा है कि यहां की कलश यात्रा फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के लिए धार्मिक समारोह की दृष्टि से एक ऐतिहासिक यादगार बनेगा। यद्यिप मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आगामी दिनों में होगा लेकिन मंदिर की भव्यता संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में खास चर्चा का केंद्र है व लोग भी संतो का सानिध्य पाने के लिए लालायित है।

## दीपावली सजावट के स्वागत द्वार में लगी आग

**भरतपुर** (निस)। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के सामने उधान से बी नारायण गेट तक हुई विशेष दिवाली की रोशनी के लिए बने नगर निगम के स्वागत द्वार में लाइट स्पार्किंग से आग लग गई। पार्षद दीपक मुदगल और उनके भाई तरुण भारद्वाज अपने गांव से आ रहे थे उनकी नजर कपड़े और लाइट से जगमग उस स्वागत द्वार पर पड़ी जो आग से धधक रहा था। पार्षद ने जनसहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया पी एम ओ पोर्टल पर सूचित किया जिससे तत्काल नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और लाइट को कटवा दिया।

## हादसे में मौत

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के नदबई में जनुथर मार्ग पर लुहासा गाव के नजदीक शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में पति पत्नी व उनके दो बच्चो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर पलटी थार गाड़ी में आग लगा दी। मिली जानकारी के अनुसार कुम्हेर के दहवा गाव निवासी नटवर बाइक पर अपनी पत्नी व दो बच्चों को लेकर दीपावली के अवसर पर अपनी ससुराल जा रहा था।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई अवैध सैंड स्टोन खनन पर कसा शिकंजा

■ टीम को देखते ही वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके

**बयाना भरतपुर** (निस)। बयाना रुदावल क्षेत्र में लगातार बढ़ते अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ वन विभाग ने रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। एसीएफ सुरेश चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने पूरी गोपनीयता बरतते हुए बयाना-ब्रह्मबाद रोड पर छापामार कार्रवाई कर सैंड स्टोन से भरी 7 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कीं।

यह कार्रवाई अचानक की गई, जिसकी भनक स्थानीय बयाना रेंज अधिकारियों तक को नहीं लगने दी गई। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियां वन विभाग कार्यालय के सामने से गुजरीं, टीम ने उन्हें रोक लिया। टीम को देखते ही वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके। सीता नाका फॉरेस्टर भूदेव मधु ने बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह गोपनीय रूप से की गई, जिससे सूचना लीक न हो। प्राथमिक जांच में मामला अवैध सैंड स्टोन खनन से जुड़ा पाया गया है। मामले की जानकारी आगे की कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को भी दे दी गई है।

गौरतलब है कि बयाना-रुदावली क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन का खेल जारी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रॉयल्टी ठेकेदार और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह गतिविधियां खुलेआम संचालित की जा रही हैं। न केवल खनन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, बल्कि ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के कारण कस्बे में घंटों जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।

अवैध खनन और ओवरलोडिंग वाहनों से न केवल सड़कों की हालत बिगड़ रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन को सख्त कदम उठाते हुए इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगानी चाहिए।

## मोटरसाईकिल टक्कर से 4 घायल,1 गंभीरावस्था में जयपुर रैफर

**कोटपूतली( निसं )।** निकटवर्ती बानसूर थाना क्षेत्र के ग्राम गिरूड़ी होलावास के पास शनिवार दोपहर हुये एक सड़क हादसे में दो बाईकें आपस में टकरा गई। जिसमें चार जने गंभीर रूप से घायल हो गये।

राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल ट्रौमा सैंटर के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि बाईक पर बानसूर के ग्राम सांथल निवासी नितेष (30) पुत्र लेखराम एवं दुसरी बाईक पर सीकर जिले के पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम जिलो निवासी मंजू पत्नी महेष मीणा व संतोष एवं गढ़ खरकड़ी, बानसूर निवासी बृजमोहन पुत्र बीरबल मीणा सवार थे। दोनों बाईकें आपस में भिड़ गई।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बानसूर थाना पुलिस ने घायलों को बानसूर के उप जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उन्हें राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल भेजा गया। घायलों में से संतोष की हालत बिगड़ने पर जयपुर रैफर कर दिया गया। शेष घायलों का अस्पताल में उपचार जारी हैं।

# पंच दिवसीय दीपोत्सव का आगाज, धनतेरस पर बरसा धन, जमकर हुई खरीददारी

**दौसा( निसं )।** पंच दिवसीय दीपोत्सव का शनिवार को आगाज हो गया है, धनतेरस को बाजार में जमकर रौकन रही तथा खरीदारों की रेलमपेल मची रही, काफी वर्षो बाद बम्बर खरीदारी हुई, जिसके चलते व्यापारियों एवं दूकानदारों के चेहरे खिल उठे है। वही दूसरी ओर मानसून में हुई अच्छी बरसात के चलते इस बार किसानों ने भी खुब खरीदारी की। इधर सोने व चांदी के भाव ऊंचे होने के बावजूद लोगो ने जमकर खरीदारी की।

उल्लेखनीय है कि पंच दिवसीय दीपोत्सव का शनिवार से आगाज हो गया है, पटाखे, मिग्रई सहित अन्य दूकाने सजने लगी है, बाजार में खरीदारो की भी जमकर भीड उमड रही है। इस बार मानसून अच्छा रहने के कारण इसका असर बाजार पर भी पडा है, अन्य वर्षो की तुलना में इस वर्ष किसानो एवं ग्रामीणों ने भी खुब खरीदारी की। शनिवार को धनतेरस होने के कारण बाजार में काफी रौनक रही, लोगो ने शुभ मुहुर्त में वाहन, सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन सहित अन्य सामानो की खरीदारी की। धनतेरस में पूरे दिन शुभ मुहुर्त होने के कारण बाजारो में खरीदारो की जमकर भीड रही। इधर पटाखों की दूकाने भी सज गई है, छोटे दूकानदारो ने पटाखे, मिठाई, सजावटी सामग्री, फूल-मालायें, पूजन सामग्री की दूकाने सजा ली है।



आभूषण की खरीदारी करते हुये ग्राहक ।

**अच्छे मानसून के बाद बढी रौनक:-** पिछले कुछ वर्षो से मानसून की बेरुखी के कारण शहर के सभी त्यौहार पूरी तरह से पिटे हुये थे। बाजारो में भीड तो जुटती थी, लेकिन खरीदारी कम ही होती थी। इस बार दौसा पर इन्द्रदेव पूरी तरह से मेहरबान रहे, जिसके चलते किसानो में भी बम्पर फैसल पैदा होने की उम्मीद जगी है, जिसके चलते ग्रामीण एवं किसान शहर में खरीदारी के लिए पहुंच गये है, जिसके चलते व्यापारियों एवं दूकानदारो के चेहरे खिले हुये है। किसान एवं ग्रामीण लोग खूब खरीदारी की कर रहे है।

**सोने-चांदी के साथ वाहनो की जमकर हुई बिक्री:-** इस बार लोगो ने सोने-चांदी के आभूषणों के साथ ही वाहनो की भी जमकर खरीदारी रही। सबसे ज्यादा बिक्री दूपहिया वाहनो की हुई, पूरे दिन शुभ मुहुर्त होने के कारण प्रात: से ही वाहनो एवं आभूषणो के शो रुमों पर भीड जुटी रही। लोग खरीदारी करते हुये देखे गये। अन्य वर्षो की तुलना में तकरीबन दो सौ करोड रुपये से अधिकी खरीदारी हुई। सर्राफा मुकेश गुप्ता ने बताया कि पहले मानसून भी रुष्ठ हो गया तथा दौसा में विधानसभा उपचुनाव थे, ऐसे में कर्मचारी एवं अधिकारी उपचुनाव में व्यस्त रहे। इस बार मानसून शानदार रहा, जिसके कारण ग्रामीणो में खरीदारी को लेकर भारी उत्साह है साथ ही कर्मचारियो को समय से पूर्व बोनस मिल गया, जिसका असर बाजार में देखने को मिल रहा है। उन्होने बताया कि गत वर्षो की तुलना में सोने चांदी के भाव आसमान छू रहे है, इसके बावजूद लोगो ने सोने चांदी के आभूषण खरीदे।

**बोनस के बाद बाजारो में आया उफान:-** राज्य सरकार ने इस बार समय रहते हुये कर्मचारियों को बोनस एवं वेतन दे दिया, जिसका असर भी बाजारो में देखने को मिल रहा है, बोनस मिलने के कारण कर्मचारी वर्ग जमकर खरीदारी कर रहे। राज्य सरकार के इस निर्णय से कर्मचारियो में भी भारी उत्साह है। कर्मचारियो ने बताया कि बोनस के साथ ही इस बार दीपावली पर्व पर वेतन भी मिल जायेगा, जिसके कारण कर्मचारी खूब खरीदारी करेगें।

## सार-समाचार

### भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव 21 को

**टोंक( निसं )।** जैन धर्म के 24 तीर्थंकर भगवान महावीर का 2552वां निर्वाण महोत्सव आदिनाथ दिगंबर जैन नसिया अमीरगंज टोंक में 21 अक्टूबर को आचार्य वर्धमान सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में मनाया जाएगा। इसी क्रम में मुख्यालय स्थित जैन नसिया में आचार्य वर्धमान सागर महाराज से सनातन धर्म के गुरुराम द्वारा के महाराज रामनिवास एवं कोमल दास महाराज ने आचार्य सागर ससंघ से मिलकर आशीर्वाद लिया और धर्म व समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर समाज के गणमान्यजनो ने उनका माला दुपट्टा एवं चित्र देकर उनका सम्मान किया।

### किसान निधि कार्यक्रम आयोजित

**कोटपूतली ( निसं )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने धनतेरस के अवसर पर प्रदेश के किसानों के खातों में चौथी किस्त के रूप में किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लगभग 718 करोड़ की राशि हस्तानांतरित कर सौगात दी है। शनिवार को नदबई भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से उन्होंने जिले के 01 लाख 17 हजार 75 किसानों के खातों में 11 करोड़ 70 लाख 75 हजार रूपये की किसान सम्मान निधि राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित कर किसानों को दीपावली पर्व पर सम्मान के साथ सौगात प्रदान की। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में आयोजित हुआ, जो वर्चुअली माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा। इस दौरान एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद, सहायक रजिस्ट्रार अशोक दीप पिंगोलिया, एलडीएम मोहनलाल सहित अधिकारी, किसान एवं आमजन मौजूद रहें।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**टोंक( निसं )।** दूनी थाना क्षेत्र स्थित धांधोली मोड़ पर सड़क हादसे में धांधोली निवासी एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात्रि को दूनी थाना क्षैत्र के धांधोली मोड़ पर जयपुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार द्वारा धांधोली नंदा राम पुत्र बरदाराम बैरवा जो शुक्रवार शाम को पैदल एक परिचित से मिलने धांधोली मोड़ स्थित होटल की ओर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नंदा राम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलने पर दूनी थाना पुलिस मौके मौके पर पहुंचे और घायल को देवली उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक नंदाराम पाली जिले में कारीगरी का काम करते थे, जो दीपावली का त्योहार मनाने के लिए एक दिन पहले ही अपने पैतृक गांव धांधोली आए थे। हादसे के समय वो परिचित से मिलकर पैदल वापस लौट रहे थे। पुलिस ने मृतक का शव देवली उपजिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया, शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनो ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कराया है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### धनतेरस के संग शुरू हुआ दीपोत्सव का पंच दिवसीय त्योहार

**पावटा( निसं )।** शनिवार 18 अक्टूबर से धनतेरस के साथ दीपोत्सव का पंच दिवसीय पर्व का आगाज हुआ। पूरा पावटा उपखंड क्षेत्र धनतेरस व दीपावली की तैयारी में जुटा नजर आया। लोगो ने घर के तमाम पुराने व अनुपयोगी सामानों को घर से बाहर निकाला व घरों का रंग-रोगन करवाया। इस दौरान आवासीय परिसरों की सफाई करायी की गई। दुकानों के सामानों की सफाई की गई और तमाम दुकानों को रंग-रोगन कर सजाया जा रहा है। हर कोई दीपावली की तैयारी में मशगूल हो चुके हैं । पंडित मनोज शास्त्री व संजय गौड़ के अनुसार, 18 अक्टूबर को दीपोत्सव के प्रथम दिन भगवान धन्वंतरि का प्राकट्यय दिवस धनतेरस मनाया गया। परपरानुसार धन और समृद्धि के लिए धनतेरस के दिन देवी लक्ष्मी और भगवान कुबेर का पूजन किया गया। इस दिन सोना-चांदी, बर्तन के साथ भूमि-भवन, इलेक्ट्रॉनिक सामठाी के साथ ही सभी प्रकार की चल-अचल संपति की खरीदी में निवेश लाभप्रद माना जाता है। दीपोत्सव का लेकर बाजार में उत्साह का माहौल रहा। धनतेरस से पहले ही बाजार खरीदारों से रौनक बाजार के लिए अच्छे संकेत नजर आए। व्यापारियों ने भी धनतेरस के मद्देनजर तैयारियां कर ली थी। इस साल दीपावली 20 अक्टूबर को है। बीस अक्टूबर को दोपहर 2.27 बजे अमावस्या शुरू हो जाएगी। इसके बाद प्रदोषकाल व मध्यरात्रि में अमावस्या होने से इस दिन दीपावली और लक्ष्मी पूजन किया जाएगा। अगले दिन 21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि दोपहर 3.56 बजे तक रहेगी। इस दिन पितरों का श्राद्ध एवं दान पुण्य करना चाहिए। सूर्यास्त के बाद प्रदोषकाल में अमावस्या नहीं होने से इस दिन दीपावली लक्ष्मीपूजा का मुहूर्त नहीं मिलेगा। छोटी दीपावली या रूप चौदस 19 अक्टूबर और दीपावली 20 अक्टूबर, अन्नकूट व गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर और भाईदूज 23 अक्टूबर को मनाई जाएगी। सनातन धर्मावलंबियों को इस दिन का उत्सुकता से इंतजार रहता है। हर घर, हर मंदिर, हर दुकान, हर व्यावसायिक प्रतिष्ठान, हर एक चौक-चौराहा व हर एक सड़कें एवं गलियां जगमग-जगमग रोशनियों से नहला उठी हैं। बच्चे, किशोर, युवा, महिलायें, सब के सब अद्भुगत उमंग से भरे नजर आए। घर के द्वारो को सजाया जा रहा है और रंगोलियां बनायी जा रही है। घर के खिड़कियों व दरवाजे पर नया परदा व गेट लगाया जा रहा है।मुख्य द्वारा को तोरन व रंग-बिरंगे फूलों एवं कृत्रिम सजावटों से सजाया जा रहा है। एक से बढ़कर एक पकवान बनाये जा रहे है। शाम को घर व मंदिर समेत हर तरफ दीपक जलाकर रोशन किया जायेगा। गांवों में बुजुर्ग पारंपरिक दीपावली मनाते हैं। मिठाइयां खाने-खिलाने का दौर चलता है। पटाखों की आवाज से पूरा वातावरण गूंजायमान रहता है। आतिशबाजी से आसमान का अलग नजारा बन जाता है।

### खिलाड़ियों को हार से भी प्रेरणा लेनी चाहिए : वैभव गुप्ता

**गंगापुर सिटी** । नसिया प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में नसिया जैन बगीची खेल मैदान में नसिया प्रीमियर लीग-2025 सीजन वन -डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ विधिवत आकाश इंस्टीट्यूट के प्रायोजक के रूप में नसिया कॉलोनी प्रीमियर लीग कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश इंस्टीट्यूट के निदेशक वैभव गुप्ता रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मैनेजर सौरभ सहित आकाश इंस्टीट्यूट के सभी प्रबंधन सदस्य रहे। इस अवसर पर आकाश इंस्टीट्यूट निदेशक वैभव गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक खेल में खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेल को खेलते हुए अपनी हार से भी भविष्य के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही उन्होंने उक्त आयोजन से जुड़े सभी कमेटी के सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम को लेकर किए गए मेहनती सकारात्मक प्रयास की सराहना की। उक्त आयोजन से जुड़े कमेटी के सदस्यों ने बताया कि उक्त क्रिकेट डे नाइट टूर्नामेंट का शुभारंभ 12 अक्टूबर से प्रारंभ करते हुए 24 अक्टूबर तक अनेक टीमों के बीच प्रतियोगी मैचों के माध्यम से किया जाएगा। उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता की प्रथम विजेता टीम को 71000 राशि प्रथम पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को 31000 राशि के रूप में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही संपूर्ण प्रतियोगिता सीरीज के मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ी को 11000 रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उक्त शुभारंभ कार्यक्रम में आकाश इंस्टीट्यूट के समस्त प्रबंधन टीम के सदस्य हरकेश मीणा, दिलीप सिंह चंदा, सौरभ गौतम, पार्षद रवि गोठवाल, जयराज सिंह, रानू राजपूत, विजेन्द्र जाटव, मुकेश शर्मा, धनेश शर्मा, विजय सिंह, हेमंत जैन, अंपायर राजेंद्र महावर, चंदू मीणा, भरतलाल मीणा सहित अनेक क्रिकेट प्रेमी एवं दर्शक उपस्थित रहे।

### मॉक ड्रिल का आयोजन

**बयाना भरतपुर** (निस)। दीपावली के दौरान पटाखों और विद्युत शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की संभावनाओं को देखते हुए नगरपालिका द्वारा शनिवार को एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था। अग्निशमन शाखा प्रभारी पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली का पर्व शांति और सद्भावना के साथ मनाया जाए, इसके लिए नगरपालिका पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि आतिशबाजी संयमित ढंग से करें और सुरक्षा के सभी उपायों का पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके। उन्होंने आगे बताया कि कस्बे में अग्निशमन दल को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त

### लॉटरी में भ्रष्टाचार का आरोप

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा यूआईटी द्वारा 3081 भूखंडों को लेकर निकाली गई लॉटरी लगातार विवादों में गिरती जा रही है। यूआईटी की लॉटरी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शहरवासियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को भीलवाड़ा में यूआईटी द्वारा 8 आवासीय योजनाओं के तहत 3081 भूखंडों की लॉटरी निकाली गई। यह लॉटरी प्रक्रिया यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की मौजूदगी में आयोजित की गई थी, इस दौरान ही शहर वासियों ने एससी में एसटी के आवेदकों का नाम आने, भूमाफियाओं के धड़ल्ले से भूखंड खुलने और यूआईटी के अधिकारियों के परिवारों के भूखंड खुलने के बाद गड़बड़झाले का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया था, तब से शुरू हुई आक्रोश की आग दिन दिन बढ़ती जा रही है। यूआईटी की लॉटरी के खिलाफ लामबंद हुए शहर वासियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर से यूआईटी लॉटरी निरस्त कर दोषी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### जांच अभियान में 40 किलो घी जब्त

**भीलवाड़ा।** शुद्ध आहार मिलावट परिवार अभियान के तहत धनतेरस के दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नकली मिलावटी मावा आने की सूचना पर लैंडमार्क होटल के निकट बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया इस दौरान 500 किलो से अधिक मिलावटी मावा और 40 किलो घी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार सूचना के आधार पर विभागीय टीम ने लैंडमार्क होटल के यहां बस में आए 500 किलो से अधिक मावे को जप्त किया यह मामा कहां से आया है और इसका मालिक कौन है फिलहाल इसका पता नहीं लग पाया है। इंस्पेक्टर अशोक यादव ने बताया कि मावे को लेने यदि कोई मालिक नहीं आता है तो उसे नष्ट करवाया जाएगा और नियम अनुसार आगे की कार्रवाई को अंजाम दिया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। लोगों में इस अभियान की खासी चर्चा भी रही। लोगोंने चर्चा की कि यह अभियान समय समय पर चलाया जाना चाहिए।

# फर्जी पुलिस बनकर लोगों का अपहरण और फिरौती वसूली की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग का पर्दाफाश

**अलवर।** लाल बत्ती की गाडी लेकर पुलिस की वर्दी पहन कर खुद को हरियाणा पुलिस में बताते और लोगों को उठा ले जाते फिर उनके परिवार से लाखों की फिरोती मांगते और छोड़ देते है। अलवर के गोविन्दगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाल बत्ती लगी गाडी में फर्जी पुलिस बनकर लोगों का अपहरण और फिरौती वसूली की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गैंग के दो आरोपियों निरजु गुर्जर व साजिद उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी बने सिंह ने बताया की परिवादी साजिद पुत्र दिलावर निवासी धांधोली, थाना जालूकी, जिला डीग ने न्यायालय में इस्तगासा पेश कर बताया कि वह गांव सैमला खुर्द में ई-मित्र की दुकान चलाता है। दिनांक 28 जून 2025 को चार-पांच लोग लाल बत्ती लगी गाडी में पुलिस की वर्दी जैसा पहनावा कर आए और खुद को हरियाणा पुलिस बताकर उसका अपहरण कर लिया। आरोपियों ने दुकान से कैश, मोबाइल और कंप्यूटर सहित अन्य सामान भी लूट लिया। बाद में परिजनों से 4 लाख रुपए की फिरौती लेकर ही उसे छोडने की बात कही। परिजन फिरौती की रकम असलूप उर्फ ही पीड़ित को छुड़ा पाए। पुलिस ने आरोपियों से गहन पूछताछ शुरू कर दी है और वारदात में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है। जल्द ही गैंग के और सदस्यों की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। गो-तस्कर को 5 साल की जेल : अलवर अपर जिला एवं सेशन




अलवर के गोविन्दगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाल बत्ती लगी गाडी में फर्जी पुलिस बनकर लोगों का अपहरण और फिरौती वसूली की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है।

- चार-पांच जने पुलिस की वर्दी जैसा पहनावा कर आए और पीड़ित का अपहरण कर लिया

न्यायाधीश संख्या-एक धीरज शर्मा ने शुक्रवार को गोवंश की हत्या व तस्करी के मामले में आरोपी असलम खान को 5 साल की जेल व 23 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अलवर कोर्ट से तस्कर को पहली बार पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने फैसले में कहा कि अपराध की गंभीरता, समाज पर प्रभाव और मामले के तथ्यों व परिस्थितियों को देखते हुए अभियुक्त को सजा में किसी प्रकार का लाभ दिया जाना न्यायोचित नहीं है। अपर लोक अभियोजक नवनीत तिवाड़ी ने बताया कि प्रकरण में हेड कॉन्स्टेबल रूपनारायण ने 20 अगस्त 2016 को पुलिस थाना रामगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि मुखबिर की सूचना पर रात करीब 2.30 बजे संदिग्ध गोतस्करों की एक पिकअप गाडी को रुकवाने के लिए नाकाबंदी की जा रही थी।

## सार-समाचार

### डॉ. भानावत को मेवाड़ गौरव सम्मान



**उदयपुर।** गत दिनों उदयपुर के दरबार हाल में मेवाड़ गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, उड़ीसा के उपमुख्यमंत्री कनकवर्धन सिंह देव, सांसद संगीता कुमारी सिंह देव, फर्स्ट इंडिया न्यूज़ के पवन अरोड़ा, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, शहर विधायक ताराचंद जैन, कलेक्टर नमित मेहता, आईजी गौरव श्रीवास्तव, राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो शिवसिंह सारंगदेवोत एवं एसपी योगेश गोयल ने पीआर के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. तुक्तक भानावत का सम्मान किया।

### पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का आगाज

**भीलवाड़ा।** शहर सहित जिले भर में धनतेरस के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का आगाज हुआ। शुभ मुहूर्त में खरीदारी के लिए, शहर के सभी बाजार खरीदारों की भीड से गुलजार रहे, जिससे बाजार में रौनक और उत्साह देखते ही बन रहा था। धनतेरस पर मिट्टी, स्टील और सोना खरीदना शुभ माना जाता है, लेकिन इस बार ग्राहकों का सर्वाधिक रुझान चांदी की ओर रहा। बाजार में सोने-चांदी के भाव काफी तेज होने के बावजूद, ज्वेलरी शोरूम में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। सोने से ज्यादा चांदी की खरीदारी हुई, विशेष रूप से शुभ माने जाने वाले चांदी के सिक्कों और गहनों की जमकर बिक्री हुई। वाहनों की बिक्री बढ़ी, ईवी सेगमेंट में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। ऑटोमोबाइल सेक्टर ने भी इस धनतेरस पर जबरदस्त बूम देखा। टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर की अच्छी सेल दर्ज की गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले साल के मुकाबले इस साल ईवी इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट का मार्केट बूम पर है। पर्यावरण-अनुकूल वाहनों की बढ़ती मांग ने कई बड़ी कंपनियों की गाड़ियों की सेल को बढ़ाया। धनतेरस पर केवल धातु ही नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की भी अच्छी खरीदारी हुई। टीवी, फ्रिज, एलईडी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड लगी रही। आधुनिकता के साथ पारंपरिक खरीदारी का मेल देखने को मिला, जहां घरेलू साज-सजावट के सामान, दिए, बर्तन, कपडे और खाने-पीने सौंफ-सुपारी आदि के उत्पादों की स्टॉल्स पर भी जमकर खरीदारी हुई।

### बस पलटी, दो मासूम की मौत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली के निकट जोधपुर रोड हाईवे पर गाजनगढ़ के पास शुक्रवार देर रात्रि एक प्राइवेट बस पलटने से उसमें सवार दो मासूमों के मौके पर ही मौत हो गई, और करीब 28 दिन में घायल हो गए, जिनका बांगड़ अस्पताल इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार उदयपुर से जैसलमेर जा रही एक प्राइवेट बस का ड्राइवर 100 किलोमीटर की रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। गाड़ी में मौजूद सवारी के बार-बार टोकने के बावजूद उसने कहा गाड़ी मेरे को चलानी है, आप बैठ जाइए। गाजनगढ़ के पास बस पलट गई, जिससे कोहराम मच गया। रोहट पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकाला। बस में उदयपुर में कार्यरत एक महिला किरण मीणा का भी एक पैर फैक्चर हो गया। जिसकी 1 नवंबर को शादी है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश के बोरखेड़ा रतलाम निवासी गजेंद्र अपनी पत्नी बच्ची पर रिश्तेदारों के साथ जैसलमेर फसल काटने के लिए जा रहे थे। जब बस पलटी तो उसने देखा कि उसकी 1 साल की बेटी दिव्या का सर धड़ से अलग हो गया और पत्नी भी घायल हो गई। दीपावली की खुशियां मातम में बदल गई। इसी प्रकार एमपी के खेतवालिया निवासी रामलाल की पुत्री सोने के सीने

# पैतृक गांव अटारी में सीएम का किसानों से संवाद

**भरतपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को अपने पैतृक गांव अटारी पहुंचे, जहां लोकदेवता घोडे वाला बाबा तथा चामुंडा माता मंदिर के धोक लगाकर विधि विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश में खुशहाली की कामना की। शर्मा ने अटारी गांव में बड़े बुजुर्गों से मिलकर आशीर्वाद लिया तथा हाल-चाल पूछ कर घर-परिवार व खेती-बाड़ी की जानकारी ली। उन्होंने संपूर्ण गांव में पैदल परिक्रमा कर घर-घर जाकर लोगों से दीपावली की राम-श्यामा की तथा बडे बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री गांव में अपने पैतृक घर भी पहुंचे, जहां अपनी माताजी के चरण छूकर आशीर्वाद लिया तथा कुशलक्षेम जानी।

मुख्यमंत्री शर्मा का अटारी गांव में घर-घर पर भव्य स्वागत हुआ। ग्रामीणों से उन्होंने आत्मीयता से मिलकर हाल-चाल जाने तथा खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि किसान आधुनिक खेती अपनाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेती में अधिक उर्वरकों का उपयोग करने से मिट्टी की उर्वरता कम हो रही है तथा इसके कारण जलभराव की भी समस्या रहती है। उन्होंने किसानों से आ ान किया कि मिट्टी की जांच करवा कर कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव अनुसार उर्वरकों का उपयोग करें। उन्होंने किसानों को दलहन एवं नगदी फसलों का चयन करने, केंद्र व राज्य सरकार की कृषि से संबंधित नवाचारों आधारित योजनाओं को अपनाने का आ ान किया।

शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के जीएसटी सुधारों से कृषि यंत्रों की खरीद में भी किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने युवाओं को अच्छी शिक्षा के

# व्यापार में परेशान नही करने की एवज में रिश्वत मांगी

**कोटा,** (निसं)। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी कोटा इकाई ने कार्यवाही करते हुए नगर परिषद बारां आयुक्त मोती शंकर नागर व सहायक अग्निशमन अधिकारी उवेश शेख को दो लाख पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी कोटा को 9 अक्टूबर को एक शिकायत मिली, शिकायत में सामने आया कि परिवादी को व्यापार करने मे परेशान नही करने की एवज मे आरोपियो द्वारा 5 लाख रुपए रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर कार्यवाही करते हुए 15 व 17 अक्टूबर को रिश्वत मांग का सत्यापन कराया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक ने बताया कि सत्यापन के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा के उप महानिरीक्षक आनन्द शर्मा के सुपरविजन तथा भ्रष्टाचार



मोती शंकर नागर




उवेश शेख

निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में एसीबी के पुलिस उपअधीक्षक ताराचंद के नेतृत्व में ट्रेप का आयोजन किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक ने बताया कि कार्यवाही के दौरान परिवादी से उवेश शेख ने अपने कार्यालय मे दो लाख पचास हजार रुपये रिश्वत प्राप्त की तथा कार्यालय परिसर मे खड़ी अपनी स्कूटी की डिक्की मे रिश्वत राशि रख कर रवाना होते हुए उसे ट्रेप दल द्वारा रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया तथा सरकारी निवास से मोती शंकर नागर आयुक्त को डिटेन किया गया। एसीबी के उप महानिरीक्षक आनन्द शर्मा के सुपरविजन में पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ व कार्यवाही जारी है।

# गीतांजली हॉस्पिटल में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल

**उदयपुर,** 18 अक्टूबर। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में अग्निशमन विभाग, नगर निगम उदयपुर के सहयोग से फायर सेफ्टि ट्रेनिंग एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य हॉस्पिटल परिसर में आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम में फायर सेफ्टी अधिकारियों ने हॉस्पिटल स्टाफ को आग लगने की

- प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य हॉस्पिटल परिसर में आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना था।



उदयपुर के गीतांजली हॉस्पिटल में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

स्थिति में तुरंत उठाए जाने वाले कदमों, सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग तथा रोगियों और स्टाफ की सुरक्षित निकासी के तरीकों की जानकारी दी।

इस अवसर पर गीतांजली यूनिवर्सिटी के वाईस प्रेसिडेंट संदीप कुणावत, गीतांजली हॉस्पिटल के सीईओ ऋषि कपूर, गीतांजली हॉस्पिटल के जीएम ऑपरेशन अमित बंसल, सीएसओ चक्रपाल सिंह ने बताया कि नियमित अंतराल पर ऐसे अभ्यास से न केवल सुरक्षा स्तर बढ़ता है बल्कि स्टाफ की सतर्कता और तत्परता भी सुनिश्चित होती है।

## धनतेरस पर बाजारों में रही भीड़

**करौली।** करौली के बाजारों में धनतेरस के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ी। दीपोत्सव के पांच दिवसीय उत्सव के दौरान दुकानों पर खरीदारों की जबरदस्त रौनक देखी गई। मिठाई, वस्त्र, सजावटी सामान, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और घरेलू वस्तुओं की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं।

इस दौरान वाहन बिक्री में भी तेजी दर्ज की गई, खासकर मोटरसाइकिलों की बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी के संचालक मदन मोहन गुप्ता ने बताया कि जीएसटी छूट के कारण इस बार वाहनों की बिक्री में पिछले साल की तुलना में अधिक इजाफा हुआ है। बाजारों में बढ़ती भीड के कारण कई स्थानों पर यातायात जाम की स्थिति बनी, जिससे व्यवस्था चुनौतीपूर्ण रही। शहर प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के लिए विशेष कदम उठाए। यातायात पुलिस ने परकोटे के भीतर चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन किए

**करौली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने धनतेरस के पावन पर्व पर शनिवार को जिले के मेहंदीपुर में पूर्ण विधि विधान से श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज के पावन दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व आरोग्यमय जीवन के लिए कामना की। मेहंदीपुर बालाजी के महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज ने मुख्यमंत्री शर्मा को मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को पंच पर्व दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेश में निर्मित उत्पादों का उपयोग करने से स्थानीय कामगारों, दुकानदारों और उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा और वोकल फॉर लोकल के तहत आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हम मजबूती से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जीएसटी की दरों में कमी कर आमजन को बड़ा फायदा दिया है। रोटी, कपड़ा और मकान सस्ता होने से आमजन के लिए यह दीपावली खुशियों की सौगात लेकर आई है। इस अवसर पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने धनतेरस पर्व पर मेहंदीपुर में पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व आरोग्यमय जीवन के लिए कामना की।

## नायब तहसीलदार ने सुसाइड किया

**हनुमानगढ़।** नायब तहसीलदार नरेंद्र सहू (30) ने सुसाइड कर लिया। सरकारी क्वार्टर में वे फंदे से लटके मिले। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना शनिवार सुबह 8 बजे की भादरा की है। थानाधिकारी हनुमान बिश्नोई ने बताया कि नायब तहसीलदार नरेंद्र सहू शुक्रवार को ऑफिस टाइम के बाद सरकारी क्वार्टर पर ही थे। चुनाव शाखा में तैनात कर्मचारी दाताराम जांदू ने बताया- नायब तहसीलदार ने उन्हें सुबह 6 बजे कॉल किया था। मुझ से नए सूचना सहायक के ज्वाइनिंग ऑर्डर वेबसाइट पर नहीं मिलने के बारे में पूछा था। वेबसाइट से संबंधित जानकारी बता दी थी। इसके बाद उन्होंने कॉल कट दिया। नरेंद्र सहू भूमि राजस्व, विवाद निपटान और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में एक्टिव थे।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,
जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, पंचायत समिति-बडगांव उदयपुर
Email: EXEENWDSCBADGOAN@RAJASTHAN.GOV.COM
क्रमांक-एफ( )/निविदा/MJSA 2.0/2025-26/133 दिनांक-13.10.2025
ई निविदा सूचना 03-04/2025-26
मुख्यमंत्री जलस्वावलम्बन अभियान 2.0 द्वितीय चरण (एमजेएसए) परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत बड़गांव (कुल 2 पैकेज) में जलग्रहण विकास कार्यों के लिए बीड, अनुमानित मूल्य 91.30 लाख रूपये दिनांक 23.10.2025 को सायं 06.00 बजे तक इच्छुक बोलीदाताओं से आमंत्रित की जाती है। बोलियों से संबंधित विस्तृत विवरण राज्य सरकार के पोर्टल (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in/) पर देखे जा सकते है।
यूबीएन नं. WSC2526WSOB01479, WSC2526WSOB01480
अधिशाषी अभियन्ता
जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, बड़गांव, जिला उदयपुर (राज.)
DIPR/C/15363/2025

## ‘बीमा कंपनियों ने किसानों के 122 करोड़ खाए’

**श्रीगंगानगर।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने श्रीगंगानगर जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बड़ा घोटाला होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- बीमा कंपनी ने कृषि पर्यवेक्षकों, अधिकारियों और किसानों के फर्जी साइन कर बीमा क्लेम के 122 करोड़ रूपए डकार लिए।

बीमा कंपनी ने 1 लाख 70 हजार आवेदनों के फर्जी साइन कर प्रपत्र बना लिए, और केंद्र-राज्य सरकार से पैसा ले लिया। इसके बाद ये लोग किसानों का पैसा निगल गए। मीणा ने पिछली सरकार पर बीमा कंपनियों से सांठ-गांठ का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- प्रदेश में 2023 के दौरान चुनावी माहौल में पिछली सरकार ने प्राकृतिक आपदा के क्लेम के नियमों में छेड़छाड़ की है और प्राकृतिक आपदा के दौरान मिलने वाली रकम के पैराग्राफ को ही हटा दिया। कैबिनेट मंत्री ने कहा- हम ये सब नहीं होने देंगे, किसानों को पाई-पाई वापस दिलवाएंगे। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। क्योंकि, इन्होंने किसानों के साथ धोखाधड़ी की है। बीमा कंपनी ने फर्जी हस्ताक्षर और मुहर लगा लगाई।

# धनतेरस पर कोटा जिले के 1 लाख 52 हजार 566 किसानों के खातों में 15 करोड़ 25 लाख से अधिक की राशि भेजी

**बूंदी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रदेश के 70 लाख से अधिक किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लगभग 718 करोड़ की राशि हस्तानांतरित कर

- लगभग 718 करोड़ की राशि हस्तानांतरित कर पांच दिवसीय पर्व दीपावली पर किसानों को सौगात

पांच दिवसीय पर्व दीपावली पर किसानों को सौगात दी है। शनिवार को नदबई, भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से बूंदी जिले के 1 लाख 52 हजार 566 किसानों के खातों में 15 करोड़ 25 लाख 66 हजार की राशि किसान सम्मान निधि योजना की चतुर्थ किस्त का हस्तांतरण कर किसानों को दीपावली पर्व पर सम्मान के साथ सौगात प्रदान की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से पूरे प्रदेश वासियों को धनतेरस एवं पांच दिवसीय पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लगभग कोटा में अधिकारियों की बैठक हुई।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसान पालनहार है और प्रधानमंत्री के किसान को विकसित करते हुए भारत को विकसित करने की संकल्पना को पूरा करने में राज्य सरकार द्वारा भी मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को किए गए वादे को निभाते हुए बढ़ोतरी कर 3000 रूपये राशि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से दी जा रही है जिसमें अब तक 60 हजार 31 करोड़ से अधिक की राशि से 70 लाख से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा चुका है। इस अवसर पर उन्होंने फसल बीमा योजना, अल्पकालिक ब्याज मुक्त फसली ऋण योजना, एक मुश्त समझौता योजना, सहकार सदस्यता अभियान, क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा सोलर पंप में अनुदान के माध्यम से कृषि को बढ़ावा देने जैसे कार्यों के बारे में जानकारी दी। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के किसान वीसी के माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े। इस दौरान जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, उपखंड अधिकारी बूंदी लक्ष्मीकांत मीणा, सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंधक मुकेश गर्ग, किसान महेंद्र शर्मा, भंवरलाल वर्मा, महावीर गुर्जर सहित अन्य कार्मिक व किसान मौजूद रहें।

Office of the Executive Engineer,
Watershed Development & Soil Conservation Bikaner
S.No. 409-414 Date: 13.10.2025
NOTICE INVITING BID
NIB NO. WSC2526A0863
On the behalf of Governor of Rajasthan, bids for the execution of Construction of NRM Works under PMKSY 2.0 Projects of estimated value INR 169.84 Lakh as mentioned below are invited from interested bidders up to 24.10.2025, 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthn.gov.in) of the state, and www.watershed.rajasthan.gov.in departmental website.

| Bid No. | Block | Estimated Cost, (Rs. in lakhs) | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Bikaner | 73.76 | WSC2526WSOB01472 |
| 2 | Bikaner | 72.75 | WSC2526WSOB01473 |
| 3 | Bikaner | 23.33 | WSC2526WSOB01474 |

(Mahesh Kumar Ajariwal)
Executive Engineer,
WDSC, Bikaner
DIPR/C/15336/2025

OFFICE OF THE PRINCIPAL, RNT MEDICAL COLLEGE & CONTROLLER ASSOCIATED GROUP OF HOSPITALS, UDAIPUR (RAJ.)
No. RNT/Pur-III/F.16/(tender proc)/2025-26/1547 Dated: 13.10.2025
Notice Inviting Bid No. 19/2025-26
Bids for Rate contract for Mess/canteen at Nursing Boys Hostel and TB PG hostel (TB Hospital, Badi), Rate Contract for Food Supply for Patients for Seth Ram Vilas Bhuwalka TB Hospital, Badi, Various Equipments for AMR Containment Programme (NARS-NET), Rate Contract for RT-PCR KITS & ELISA kits and other Regents for VRDL Lab are invited from interested bidders up to Date: 27.10.2025 Time: 10.30 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state Total Amount of Procurement is Rs. 95.80 Lakh.
UBN- MCU2526GLRC00224, MCU2526GSOB00223, MCU2526SLRC00222, MCU2526SSOB00221
DIPR/C/15428/2025 PRINCIPAL & CONTROLLER

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने 72 लाख किसानों को चौथी किश्त हस्तांतरित की

## नदबई में आयोजित समारोह में उन्होंने 718 करोड़ रूपए की राशि ट्रॉसफर की

भरतपुर/जयपुर, 18 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान हमारे राष्ट्र निर्माता और भारत की आत्मा हैं। कृषक जब अपने खेतों में दिन-रात मेहनत करता है, तभी हमारी थाली में भोजन आ पाता है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता शब्द समाज में किसान के सम्मान, गरिमा और महत्व को दर्शाता है। हमारा किसान समृद्ध होगा तो देश और प्रदेश भी विकसित होगा, इसलिए राज्य की डबल इंजन सरकार किसानों की समृद्धि के लिए दिन-रात कार्य कर रही है।

■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल उत्पादकता बढ़ाना नहीं, बल्कि फसल विविधीकरण, सिंचाई व्यवस्था में सुधार, भंडारण क्षमता में वृद्धि और किसानों को आसान ऋण उपलब्ध कराना है।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को नदबई में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 72 लाख किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौथी किस्त हस्तान्तरित की।*

शर्मा ने शनिवार को भरतपुर के नदबई में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्य के लगभग 72 लाख किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौथी किस्त के रूप में लगभग 718 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत पौने दो साल में किसानों को 7 हजार 31 करोड़ रुपये से अधिक दिए जा चुके हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6 हजार के अतिरिक्त 3 हजार की राशि अलग से प्रदेश के किसानों को देती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य केवल उत्पादकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि फसल विविधीकरण, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, भंडारण क्षमता में वृद्धि और किसानों को आसान ऋण उपलब्ध कराना भी है। शर्मा ने किसानों को परम्परागत खेती के साथ ही, आधुनिक खेती भी अपनाने का आ ान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में 22 जिलों के किसानों को सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सौगात दी। पशुपालकों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की तथा किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से वीसी के माध्यम से जुड़े लाभार्थी किसानों के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोक कलाकारों ने बम नगाड़ा बजाकर उनका स्वागत किया।

## जैसलमेर बस हादसे में इलाज के दौरान 23वीं मौत

जैसलमेर, 18 अक्टूबर (नि.सं.)। जैसलमेर में बस में भीषण आग की घटना में गंभीर रूप से झुलसे युवक की जोधपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में अब तक 23 जनों की मौत हो चुकी है। गौरतलब है कि गत दिनों जैसलमेर से जोधपुर जारही एक निजी बस में आग लग गई थी।

हादसे में रामदेवरा थाना क्षेत्र के एका निवासी महिपाल सिंह (19) पुत्र नगसिंह

■ गंभीर रूप से झुलसे युवक को कार चालक ने नहीं बैठाया, फिर बाइक सवार ने इसे अस्पताल पहुँचाया था।

भाटी भी गंभीर रूप से झुलस गए। युवक का जोधपुर में उपचार चल रहा था। शनिवार को दोपहर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। महिपाल सिंह का एक वीडियो भी वायरल हुआ है कि कैसे उसने झूलसी अवस्था में सड़क पर मदद भी मांगी थी, लेकिन किसी ने सहायता नहीं की। एक कार में सवार हुआ तो चालक ने उसे नीचे उतार दिया था। इसके बाद एक मोटरसाइकिल चालक ने उसे जैसलमेर के जवाहिर अस्पताल पहुंचाया था। महिपाल ने इस घटना की जानकारी अस्पताल में परिजनों को भी दी थी।

## कांग्रेस ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सीट बंटवारे को लेकर स्पष्टता की कमी की खबरें सामने आई थीं। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस और राजद के बीच सीट-बंटवारे पर सहमति बन गई है और दोनों दलों में किसी प्रकार का विवाद नहीं है। हालांकि, मतभेद राजद और अन्य सहयोगी दलों, विशेष रूप से मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी के साथ अभी भी बने हुए हैं।

# जल्दी ही भारत में होगा, 6जी नेटवर्क

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ केन्द्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 6जी रिसर्च में भारत काफी आगे है। यह नेटवर्क अब तक सबसे अलग होगा।

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। केन्द्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहाँ आयोजित एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में कहा कि आने वाला 6जी नेटवर्क पूरी तरह से अलग होगा, यह न सिर्फ 5जी और 4जी से, बल्कि अब तक के सभी नेटवर्कों से भिन्न तकनीक पर आधारित होगा।

उन्होंने कहा, 2जी तक नेटवर्क की पूरी तरह अलग संरचना थी, फिर 3जी उसी पर आधारित हुआ। 4जी की आर्किटेक्चर काफी अलग थी, और 5जी को 4जी पर बनाया गया। लेकिन 6जी पूरी तरह से एक नई सोच पर आधारित नेटवर्क होगा, एक ऐसा नेटवर्क होगा, जो खुद सोच सकेगा।

वैष्णव ने आगे कहा, "6जी एक सॉफ्टवेयर-आधारित नेटवर्क होगा, जो पूरे सिस्टम में निरंतर रूप से उपलब्ध रहेगा। आज हम नेटवर्क को टावर और मोबाइल डिवाइस के रूप में देखते हैं, लेकिन कल जो भी चीज़ आपके हाथ में होगी, वह नेटवर्क का हिस्सा होगी।"

उन्होंने बताया कि भारत ने 6जी अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है और उद्योग व शैक्षिणक संस्थानों के घनिष्ठ सहयोग से एक 6जी परिषद (काउंसिल) गठित की गई है।

मंत्री ने कहा, "यह पूरी तरह उद्योग और अकादमिक जगत द्वारा संचालित पहल है। मेरा अब दूरसंचार मंत्रालय से सीधा संबंध नहीं है, लेकिन मुझे बताया गया है कि अब तक हमारे पास करीब 60 से अधिक 6जी पेटेंट हैं और यह संख्या तेज़ी से बढ़ रही है।

## गरीब रथ में आग लगी

अमृतसर, 18 अक्टूबर। पंजाब के अमृतसर से बिहार के सहरसा जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन में शनिवार सुबह आग लगने से यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12204 अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस के कोच में आग लग गई। घटना का

■ अमृतसर से सहरसा जा रही ट्रेन के कुछ एसी कोच में सुबह 7.30 बजे आग लग गई।

समय सुबह 7:30 बजे बताया जा रहा है।बताया जा रहा है कि आग की चपेट में ट्रेन के 2-3 एसी कोच आए हैं। आग की चपेट में आने से एक महिला के झुलने की भी बात सामने आ रही है।

रेलवे की तरफ से बताया गया है कि ट्रेन सं 12204 अमृतसर सहरसा गरीब रथ में भटिंडा स्टेशन से गुजरते समय आग देखी गयी। त्वरित कार्यवाही करते हुए गाड़ी को रोककर आग बुझायी गयी। इस दौरान एक यात्री को हल्की चोट लगी है।

## अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी हमलों में तीन क्रिकेटरों सहित आठ की मौत

काबुल, 18 अक्टूबर। अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में शुक्रवार रात पाकिस्तानी हवाई हमलों में तीन स्थानीय क्रिकेटरों सहित आठ लोगों की मौत हो गई।

सुरक्षा अधिकारियों और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सदस्यों के अनुसार उरगोन जिले में यह हवाई हमला शुक्रवार देर रात हुआ जिसमें सात अन्य लोग घायल हो गये हैं। खिलाड़ियों की पहचान कबीर, सिघबतुल्लाह और हारून के रूप में की गयी है।

बोर्ड के अनुसार जब यह हमला हुआ, तब खिलाड़ी प्रांतीय राजधानी शरण में एक दोस्ताना क्रिकेट मैच खेलकर घर लौट रहे थे। बोर्ड ने एक बयान में इन मौतों को अफगानिस्तान के खेल समुदाय के लिए एक बड़ी क्षित बताया और पीड़ितों के परिवारों और टीम के साथियों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

■ अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि शुक्रवार देर रात यह हमला हुआ, उस समय खिलाड़ी एक दोस्ताना मैच खेल कर घर लौट रहे थे।

एसीबी ने शोक और विरोध के प्रतीक के रूप में नवंबर के अंत में होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला से हटने की घोषणा की है, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल था। यह हमला दोनों देशों के बीच विशेष रूप से पक्तिका और खोस्त प्रांतों में सीमा पार झड़पों में तेजी से वृद्धि के बीच हुआ है।

# भाजपा से गठबंधन नहीं करेंगे- उमर अब्दुल्लाह

## जम्मु कश्मीर के मु.मंत्री उमर ने अपनी सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर कहा

■ उन्होंने कहा, वर्ष 2015 से पीडीपी व भाजपा बेमेल गठबंधन राज्य को बर्बादी के इस कगार पर ला दिया है, मैं वह गलती नहीं दोहराने वाला।

श्रीनगर, 18 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी।

अब्दुल्ला ने अपनी सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि उनकी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस राज्य में भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भी हालत में भाजपा से हाथ नहीं मिलाएगी। वर्ष 2015 में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और भाजपा के बेमेल गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया था। हम आज भी इसके दुष्परिणाम भुगत रहे हैं। मैं वह गलती नहीं दोहराने वाला, जो दूसरों ने की थी।

उन्होंने कहा कि मंत्रिपरिषद में कुछ और मंत्रियों को शामिल किये जाने की संभावना है। उन्होंने कहा, यह मामला मेरे विचाराधीन है। उपचुनाव संपन्न होते ही हम मंत्रिमंडल विस्तार करेंगे।

अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार वर्तमान में कुछ संवैधानिक प्रतिबंधों के तहत काम कर रही है, क्योंकि यह एक केंद्र प्रशासित क्षेत्र है। मंत्रियों की संख्या सीमित कर दी गयी है।

उन्होंने कहा, यह मानना गलत है कि जब तक कोई व्यक्ति मंत्री नहीं बनता, वह अपने क्षेत्र के लिए काम नहीं कर सकता। मैं सिर्फ गंदेरबल का मुख्यमंत्री नहीं हूं, बल्कि पूरे जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री हूं। इसी तरह सकीना बेगम सिर्फ नूराबाद की मंत्री नहीं हैं, बल्कि पूरे राज्य की सेवा कर रही हैं।

अब्दुल्ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस मुद्दे को पहलगाम की घटना से जोड़ा जा रहा है। इस घटना के लिए न तो चुनी हुई सरकार ज़िम्मेदार थी और न ही आम जनता ने इसका समर्थन किया। हमले में शामिल लोग जम्मू-कश्मीर के नहीं थे।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के मामले में भाजपा को अपने वादे पर ईमानदार होना चाहिए। भाजपा ने कभी नहीं कहा था कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा तभी बहाल होगा, जब वह सत्ता में आयेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, अगर उनकी यही मंशा है, तो उन्हें जनता के सामने खुलकर कहना चाहिए कि जब तक

गैर-भाजपा सरकार रहेगी, राज्य का दर्जा बहाल नहीं होगा। फिर जनता खुद तय करेगी कि क्या करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा अपने घोषणापत्र में जनता से किये गये वादे पांच साल की अवधि में पूरे किये जायेंगे। उन्होंने कहा, कुछ मुश्किलें ज़रूर हैं, लेकिन हमने जो भी वादे किये थे, उन्हें अपने कार्यकाल में पूरा किया जायेगा। चाहे 12 गैस सिलेंडर देने हों, या राशन कोटा बढ़ाना हो, ये सभी परियोजनायें चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही हैं।

## दिल्ली में हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। दिल्ली में दिवाली से पहले ही लोगों का प्रदूषण से दम घुटने लगा है। दिल्ली में शनिवार सुबह कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह 11 बजे तक आनंद विहार में सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 387 दर्ज किया गया, जोकि बहुत खराब श्रेणी है। बवाना में एक्यूआई 312 दर्ज किया गया।

■ विशेषज्ञों ने एन- 95 या डबल सर्जिकल मास्क पहनने की सलाह दी।

बढ़ते वायु प्रदूषण के बारे में चिंता जताते हुए, गाजियाबाद के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. शरद जोशी ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, "एक्यूआई में काफी वृद्धि हुई है। यह सीओपीडी, अस्थमा या तपेदिक जैसे रोगों का इतिहास रखने वाले लोगों के लिए श्वसन संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है, जिससे खांसी, बुखार, सांस फूलना और सीने में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।" उन्होंने खराब वायु गुणवत्ता से बचाव के लिए सभी को बाहरी गतिविधियों के दौरान एन-95 या डबल सर्जिकल मास्क पहनने की सलाह दी है।

# महागठबंधन में "फ्रैंडली फाइट" के आसार बढ़े

## लगभग एक दर्जन सीटों पर घटक दल आमने सामने हैं

■ नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि समाप्त होते ही महागठबंधन के नेता प्रचार में जुट गए हैं।

पटना, 18 अक्टूबर। बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद भी शुक्रवार को महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जद्दोजहद जारी रही है और इस मुद्दे पर उसके घटकों के बीच 'फ्रेंडली फाइट' के आसार बन रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शीर्ष नेता अपने उम्मीदवारों के नामांकन में भाग लेने के साथ जोर शोर से चुनाव प्रचार में हिस्सा ले रहे हैं।

महागठबंधन में लगातार गतिरोध के बीच घटक दलों ने लगभग एक दर्जन सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे दिए हैं। राजनीतिक गलियारों में इसे 'फ्रेंडली फाइट' की संज्ञा दी जाती है। जिन क्षेत्रों में महागठबंधन दोस्ताना लड़ाई को तैयार दिख रहा है. उनमे वैशाली, कहलगांव, वारिसलीगंज, गुआरा-बोराम, बछवाड़ा, राजपाकर, रोसड़ा और बिहार-शरीफ शामिल हैं।

बछवाड़ा में, सीपीआई उम्मीदवार अवधेश राय और कांग्रेस उम्मीदवारगरीब दास ने महागठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। यही स्थिति अन्य सीटों पर भी है जहाँ महागठबंधन के घटक दलों के उम्मीदवार एक-दूसरे को चुनौती दे रहे हैं।

महागठबंधन में सबसे आश्चर्यजनक और दिलचस्प बात यह है कि राजद ने राज्य के औरंगाबाद जिले की कुटुम्बा सीट से बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी (बीपीसीसी) के अध्यक्ष राजेश राम के खिलाफ उम्मीदवार उतारा है। राम ने चेतावनी दी है कि वह किसी भी कीमत पर कुटुम्बा से चुनाव लड़ेंगे और राजद के लिए यह सीट छोड़ने का कोई सवाल ही नहीं है।

राम ने आज कहा कि "मुझे दलित नेता होने के कारण परेशान किया जा रहा है, लेकिन मैं अपनी बात से पीछे नहीं हटूँगा और कुटुम्बा सीट से ज़रूर चुनाव लड़ूँगा।" उन्होंने महागठबंधन के घटकों के बीच कई निर्वाचन क्षेत्रों में सीटों के बंटवारे और एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारने को लेकर जारी अनिश्चितताओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समन्वय समिति के अध्यक्ष हैं और वह इस मुद्दे पर गौर करेंगे।

बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता आनंद माधव ने उम्मीदवारों को टिकट आवंटन में पक्षपात के विरोध में पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि कई वास्तविक उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिए गए और जो दो-तीन दिन पहले पार्टी में शामिल हुए थे, उन्हें टिकट दे दिया गया। उन्होंने पार्टी में इस स्थिति के लिए बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावेरु को जिम्मेदार ठहराया।

केंद्रीय मंत्री और लोकजनशक्ति पार्टी (राजविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने महागठबंधन का उपहास करते हुए कहा कि इसके घटक दल आपस में ही लड़ रहे हैं। उनके पास बिहार के लिए कोई कार्यक्रम और दृष्टिकोण नहीं है और वे केवल सत्ता की चाह में एक मंच पर हैं।

## बिहार में मुसलमानों का ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

390 मुस्लिम विधायक चुने, जो कुल विधायकों का मात्र 7.8 प्रतिशत है। वर्ष 2020 के पिछले चुनाव में केवल 19 मुस्लिम विधायक चुने गए थे।

विशेषज्ञों के अनुसार, मुस्लिम मतदाताओं के प्रभाव में आई कमी का सबसे बड़ा कारण मुस्लिम वोटों का बँटवारा है। वर्ष 2020 के चुनाव में राजद ने 17 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें से केवल आठ ही जीत सके। वर्ष 2010 और 2015 में मुस्लिम मतदाताओं का एक वर्ग नीतीश कुमार की जदयू के साथ था, लेकिन वर्ष 2020 में जदयू के सभी 11 मुस्लिम उम्मीदवार हार गए। इसके विपरीत, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के पाँच उम्मीदवार जीते, जिनमें से चार बाद में राजद में शामिल हो गए। इसी तरह, बसपा के टिकट पर जीता एकमात्र मुस्लिम विधायक बाद में जदयू में चला गया।

आगामी महीने में होने वाले चुनावों में कई नई पार्टियाँ मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही हैं। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने 40 मुस्लिम उम्मीदवार उतारने का वादा किया है और उनमें से 21 के नाम पहले ही घोषित कर दिए हैं। वहीं, एआईएमआईएम भी मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की ज़्यादा कोशिश कर रही है। निचोड़ यह है: अगर मुस्लिम वोटों में विभाजन होता है, तो उसका सीधा लाभ एनडीए गठबंधन को मिलने की संभावना है।

## 'पाकिस्तान एक शांतिप्रिय ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बयानबाज़ी से न तो डरेंगे, न ही दबेंगे, और किसी भी छोटे से छोटे उकसावे का भी निर्णायक जवाब देंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं ने हालिया संघर्ष के दौरान "शानदार पेशेवर योग्यता" और "दूरगामी सामरिक क्षमता दिखाई है, और "संख्यात्मक दृष्टि से बड़े दुश्मन" की ओर से आने वाले खतरों को "निष्क्रिय" किया है।

मुनीर ने भारत पर आरोप लगाया कि वह "आतंकवाद का इस्तेमाल पाकिस्तान को अस्थिर करने के हथियार के रूप में कर रहा है," और चेतावनी दी कि "अफ़ग़ान भूमि का उपयोग करने वाले सभी प्रॉक्सी समूहों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा।" उनका स्पष्ट संकेत तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की ओर था।

उन्होंने जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए पाकिस्तान के "नैतिक और कूटनीतिक समर्थन" को दोहराया और कहा कि "मूल मुद्दों का समाधान अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार" किये जाने की जरुरत बताई।

पाकिस्तान को "शांतिप्रिय" देश बताते हुए, मुनीर ने कहा कि उसका अमेरिका और चीन सहित "मुख्य शक्तियों के साथ मज़बूत संबंध" हैं।

उन्होंने मलेशिया, नेपाल और श्रीलंका जैसे मित्र देशों के कैडेट्स सहित, स्नातक हो रहे सभी कैडेट्स को बधाई दी, और पाकिस्तान सैन्य अकादमी को "सैन्य उत्कृष्टता और अंतरराष्ट्रीय मित्रता का आधारस्तंभ" बताया।

इससे पहले आज, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को रवाना करते हुए कहा कि भारत की रक्षा क्षमता अब "एक शक्तिशाली निवारक क्षमता" का रुप ले चुकी है।

राजनाथ ने कहा, "पाकिस्तान की एक-एक इंच ज़मीन ब्रह्मोस की रेंज में है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो हुआ, वह तो बस एक झलक (ट्रेलर) थी। इसने पाकिस्तान को एहसास करा दिया कि अगर भारत पाकिस्तान बना सकता है, तो वक्त आने पर... मुझे और कुछ कहने की ज़रूरत नहीं, आप सब समझदार हैं।"

ब्रह्मोस को "भारत की बढ़ती ताकत का प्रतीक" बताते हुए, उन्होंने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर ने साबित किया कि हमारे लिए जीत कोई एक घटना नहीं, बल्कि एक आदत बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने भारतीयों में "नया आत्मविश्वास" जगाया है और स्वदेशी हथियारों की प्रभावशीलता को विश्व के सामने प्रदर्शित किया है।

उन्होंने कहा, "अब इस आत्मविश्वास को बनाए रखना हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है।" रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि लखनऊ में ब्रह्मोस-निर्माण की सफलता "भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता और रक्षा उत्पादन की क्षमता" को दर्शाती है।

नव उद्घाटित ब्रह्मोस यूनिट, जो अत्याधुनिक एकीकरण और परीक्षण सुविधाओं से सुसज्जित है, "उत्तर प्रदेश डिफेन्स इन्डस्ट्रियल कॉरिडोर" और भारत के रक्षा आत्मनिर्भरता लक्ष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

भारत द्वारा 7 मई को शुरू किये गये "ऑपरेशन सिंदूर" का उद्देश्य पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाना था। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले (जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे) के जवाब में की गई थी। दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत के बाद चार दिन तक चला यह संघर्ष 10 मई को समाप्त हुआ।

## अंततोगत्वा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक के अंत में ट्रंप ने अपना बयान बदल दिया और साफ कह दिया कि न तो टॉमाहॉक और न ही अन्य घातक हथियार यूक्रेन को दिए जाएँगे। उन्होंने यहाँ तक कहा कि यूक्रेन को समर्थन देने वाले यूरोपीय संघ के देशों को भी अपनी आपूर्तियां बढ़ाने की बात नहीं करनी चाहिए।

एक तरह से, अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद यूक्रेन, अपने से कहीं अधिक शक्तिशाली दुश्मन के साथ अपनी लड़ाई लड़ने के लिए अकेला रह गया। यह बात ज़ेलेंस्की से ज़्यादा स्पष्ट किसी और को नहीं हो सकती थी। परिणाम यूक्रेन के राष्ट्रपति के लिए बेहद निराशाजनक रहा, लेकिन उनके पास अमेरिकी रुख को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। बैठक के बाद मीडिया से बात करते समय ज़ेलेंस्की के स्वर में हताशा साफ झलक रही थी। ट्रंप ने एकदम "तीन सौ साठ डिग्री" का पलटाव कर लिया था, जो उनके लिए कोई असामान्य बात नहीं थी। ज़ेलेंस्की ने प्रेस से कहा कि अब सबसे ज़रूरी बात यह है कि लड़ाई तुरंत रोकी जाए और मौजूदा स्थिति पर ही मोर्चे को स्थिर किया जाए। ट्रंप पहले ही, गतिरोध को सुलझाने के तरीके पर रुसी दृष्टिकोण की तरफ झुक चुके थे और उन्होंने रुस के रुख को समर्थन भी दिया था। अपनी कठिन स्थिति समझते हुए ज़ेलेंस्की ने शिकायत की कि रूस पूरे देश पर कब्ज़ा करना चाहता है और यूक्रेन की स्वतंत्रता को मिटाना चाहता है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि क्षेत्रीय सीमाओं का मुद्दा बहुत संवेदनशील है।

इस परिस्थिति में ज़ेलेंस्की के पास अब बस इतना ही विकल्प है कि वे इस बुरे सौदे से जितना हो सके, बेहतर परिणाम निकालने की कोशिश करें। अमेरिकी कूटनीति में "विश्वासघात" ही असली खेल है।

## दिल्ली के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बताया कि दोपहर 1:20 बजे आग की सूचना मिली, जिसके बाद छह दमकल गाड़ियाँ तुरंत मौके पर भेजी गई। ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट्स हाल ही में राज्यसभा सांसदों के लिए बिशंभर दास मार्ग पर बनाए गए हैं और इसमें कुछ लोग रहते भी हैं और घटना के समय भी फ्लैट्स में कुछ लोग थे। अधिकारियों द्वारा आग के कारण और नुकसान का आंकलन किए जाने की प्रक्रिया जारी है।

## उत्तराखंड में ट्रैक्टर ट्रॉली व पिकअप की भिड़ंत, चार की मौत

नैनीताल, 18 अक्टूबर। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के नानकमत्ता में दीपावली की छुट्टी पर घर जा रहे सात मजदूरों की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं जब नानकमत्ता डैम के पास

■ ट्रैक्टर ट्रॉली में 7 मजदूर सवार थे जो दीवाली पर घर जा रहे थे।

बाइपास रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली और मुर्गियों से भरी पिकअप की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में चार मजदूरों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हसनपुर सम्भल (उत्तर प्रदेश) निवासी सात मजदूर - अखिलेश (26) पुत्र अंतराम, जयवीर सिंह (31) पुत्र श्यामलाल, गुरमुख (18) पुत्र राजेन्द्र, शिशपाल (22) पुत्र महावीर, प्रदीप उर्फ बाबू, जयवीर और पुरुषोत्तम - ठेकेदार के साथ सड़ासड़िया क्षेत्र में विद्युत लाइन का काम करते थे। शनिवार को सभी मजदूर दीपावली की छुट्टी मनाने ट्रैक्टर-ट्राली से अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि नानकमत्ता डैम के पास बाइपास रोड से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ट्राली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्राली सड़क पर पलट गई और ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए।

## आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर जीवनसाथी को गुजारा भत्ता नहीं: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। हाईकोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर कोई जीवनसाथी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और स्वतंत्र है, तो उसे गुजारा भत्ता देने का कोई आधार नहीं बनता।

■ हाईकोर्ट का यह अहम फैसला भविष्य में बतौर मिसाल प्रयुक्त हो सकता है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने एक मामले की सुनवाई करते हुए की। अदालत ने कहा कि गुजारा भत्ता सामाजिक न्याय का उपाय है, न कि दो आर्थिक रूप से सक्षम लोगों के बीच आय को बराबर करने का माध्यम। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 25 के तहत गुजारा भत्ता तभी दिया जा सकता है जब वादी को वास्तव में आर्थिक सहायता की जरूरत हो। अगर कोई व्यक्ति खुद अच्छा कमाता है और आर्थिक रूप से सक्षम है तो उसे भत्ता नहीं मिल सकता।

यह फैसला एक मामले में आया जिसमें एक महिला ने अपने पति से तलाक के बाद स्थायी गुजारा भत्ता मांगा था। महिला स्वयं भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) की वरिष्ठ अधिकारी थीं और आर्थिक रूप से पूरी तरह आत्मनिर्भर थीं। उनके पति एक वकील थे। दंपती ने 2010 में शादी की थी, लेकिन 14 महीने बाद ही अलग हो गए।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908



रोहित का ये सभी शंकाओं को अनुशासन और कड़ी मेहनत से खारिज करने के लिए था, ताकि वे हेल्दी, फीस्ट और फिट रहें।

- अभिषेक नायर

पूर्व भारतीय असिस्टेंट कोच, रोहित शर्मा की फिटनेस के बारे में बोलते हुये।


## आज का खिलाड़ी — विराट कोहली



**दिग्गज** बल्लेबाज विराट कोहली वनडे क्रिकेट में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाज बनने से केवल 54 रन दूर हैं। अभी कोहली के नाम वनडे में 14181 रन हैं और वह श्रीलंका के कुमार संगकारा (14234) से पीछे हैं। विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। रोहित 500 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले विश्व के 11वें और भारत के पांचवें क्रिकेटर बनेंगे। रोहित के नाम इस समय तक 499 अंतर्राष्ट्रीय मैच हैं। इसके अलावा रोहित ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ ऑस्ट्रेलिया में ही 1000 वनडे रन पूरे करने से केवल 10 रन दूर हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** विजय हजारे ट्रॉफी में तमिलनाडु ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 21 नवंबर 2022 को 50 ओवर में 506 रन बनाकर वनडे में सबसे अधिक स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

# भारतीय क्रिकेट टीम में दो सबसे प्रभावशाली कप्तान शामिल हैं: गिल



पर्थ, 18 अक्टूबर। भारतीय कप्तान के रूप में शुभमन गिल का पहला वनडे मैच एक अनोखी पृष्ठभूमि के साथ आ रहा है। वह एक ऐसी टीम की अगुवाई करेंगे जिसमें भारतीय क्रिकेट के दो सबसे प्रभावशाली कप्तान शामिल हैं: निवर्तमान कप्तान रोहित शर्मा और रोहित के पूर्ववर्ती विराट कोहली। यह एक दुर्लभ बदलाव का दौर है जहां अनुभव और बदलाव एक ही ड्रेसिंग रूम में मौजूद हैं क्योंकि भारत अगले वनडे विश्व कप की तैयारी में शुरुआती कदम उठा रहा है, जो अभी लगभग दो साल दूर है।

हालांकि, गिल स्पष्ट हैं कि दोनों वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ उनके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। 26 वर्षीय ने पर्थ में पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, ''मुझे लगता है कि बाहर की कहानी अलग है, लेकिन हमारे बीच कुछ भी नहीं बदला है। सब कुछ पहले जैसा ही है, और यह बहुत मददगार है।''

''वे जो भी महसूस करते हैं, उनका अनुभव, उन्होंने जो भी सीखा है, चाहे पिच को पढ़कर या किसी भी स्थिति से, मैं उनके पास जाता हूँ और पूछता हूँ कि वे क्या सोचते हैं, अगर वे मेरी जगह होते तो कैसे करते। मुझे लोगों के विचार जानना पसंद है और फिर, खेल की अपनी समझ के आधार पर, मैं उसके अनुसार अपने फैसले लेता हूँ।''

नए वनडे कप्तान ने कहा कि रोहित और कोहली के साथ उनकी बातचीत अब भी खुली और सहज है। ''विराट भाई और रोहित भाई, दोनों के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। जब भी मुझे किसी चीज को लेकर संदेह होता है, मैं उनके पास जाता हूँ, उनके सुझाव लेता हूँ, उनकी सलाह लेता हूँ, और वे मुझे कुछ भी बताने में कभी नहीं हिचकिचाते। देखिए, मुझे लगता है कि यही अनुभव का असली खजाना है।''

गिल के लिए, उन दो खिलाड़ियों की कप्तानी करने का अवसर विशेष है जिन्हें वह कभी दूर से देखते और सराहते थे। ''मेरा मतलब है, ज़ाहिर है, ये वो खिलाड़ी हैं जिन्हें मैं बचपन में अपना आदर्श मानता था। उनकी जिस तरह की भूख ने मुझे प्रेरित किया, वो मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। खेल के ऐसे दिग्गजों का नेतृत्व करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे यकीन है कि इस सीरीज में ऐसे कई पल आएंगे जहां मैं उनसे सीख पाऊँगा। अगर मैं किसी मुश्किल स्थिति में पड़ूँ, तो मैं उनसे सलाह लेने से नहीं हिचकिचाऊँगा।''अपने कार्यकाल की शुरुआत की तैयारी करते हुए, गिल ने कहा कि वह अपनी पदोन्नति को अपने पूर्ववर्तियों द्वारा बनाई गई वनडे विरासत को आगे बढ़ाने के एक अवसर के रूप में देखते हैं। ''निश्चित रूप से, बहुत रोमांचक। एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए मेरे लिए यह एक बड़ा पद है। मुझे बहुत सारे अनुभव और बहुत सी सीख मिली है।''

''रोहित और विराट दोनों के साथ मेरी कई बार बातचीत हुई है कि टीम को कैसे आगे बढ़ाया जाए और वे भारतीय क्रिकेट टीम के लिए किस तरह की संस्कृति चाहते हैं। मुझे लगता है कि ये सीख और अनुभव हमारी टीम को आगे बढ़ने में मदद करेंगे।''

# रोहित-कोहली का होगा टेस्ट, युवा खिलाड़ियों की परीक्षा





पर्थ, 18 अक्टूबर। कल सुबह उछालभरे, हवादार और खूबसूरत पर्थ स्टेडियम में दो दिग्गज क्रिकेट टीमें – भारत और ऑस्ट्रेलिया – पहले एकदिवसीय मैच में आमने-सामने होंगी, तो एक बार फिर धमाकेदार आगाज होने वाला है। यह सिर्फ़ एक और मैच नहीं है; यह एक बयानबाजी सीरीज है, इरादों की लड़ाई है, और अनुकूलनशीलता की परीक्षा है। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, भारत सात महीने के लंबे अंतराल के बाद 50 ओवरों के क्रिकेट के मैदान में वापसी कर रहा है। और यह नज़ारा वाकई शानदार होगा – शुभमन गिल के रूप में एक नया कप्तान, एक नया अध्याय शुरू हो रहा है, और रोहित शर्मा और विराट कोहली की चिर-परिचित जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई धरती पर फिर से मैदान में उतरेगी।

प्रशंसकों के लिए, यह एक स्वप्निल जोड़ी है – युवा नेतृत्व और अनुभवी प्रतिभा का मेल। शांत लेकिन तेज कप्तान गिल, इस रोमांचक पिच पर अपनी टीम को मजबूती से मैदान पर उतारना चाहेंगे। बड़ा सवाल यह है कि भारत कितनी जल्दी अपनी पुरानी जंग को मिटाकर सफ़ेद गेंद की लय में वापस आ सकता है?

दूसरी तरफ, मिचेल मार्श की ऑस्ट्रेलियाई टीम लार टपका रही है। हाँ, उन्हें दक्षिण अफ़्रीका से घर में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन आप जानते ही हैं कि ऑस्ट्रेलियाई टीम कैसी होती है – घायल कंगारू अक्सर ज़ोरदार किक मारते हैं। और यहाँ पर्थ में, उन्हें घरेलू पिच का पूरा फ़ायदा मिलेगा, जहाँ जीवंत उछाल, कैरी और थोड़ी-बहुत गतिशीलता है जो मेहमान बल्लेबाज़ों के लिए मुश्किलें खड़ी कर देगी।

**ट्रेविस हेड पर नजर** – वह आक्रामक बल्लेबाज जिसने भारत को परेशान करने की आदत बना ली है। भारतीय टीम के ख़िलाफ सिर्फ़ 15 वनडे मैचों में तीन शतक और चार अर्धशतक – अब यह तो बहुत बड़ा नुकसान है! जोश इंगलिस और मिचेल मार्श को इस शीर्ष क्रम में जोड़ दीजिए, और अचानक आपके पास ताकत, प्लेसमेंट और भरपूर ज़ोरदार गेंदबाज़ी आ जाती है।

**और फिर असली मसाला है** – मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड। पर्थ की अतिरिक्त तेज़ी के साथ, वे नई गेंद से आग उगलेंगे। पैट कमिंस के बिना, ऑस्ट्रेलियाई टीम का अनुभव थोड़ा कम हुआ है, लेकिन नाथन एलिस और एडम जम्पा कौशल और विविधता लेकर आए हैं जो मेहमान टीम को उलझन में डाल देंगे।

अब, भारत का आक्रमण भी जोश से भरा है। मोहम्मद सिराज लाल गेंद वाले क्रिकेट में शानदार लय में हैं, और सीम और स्विंग हासिल करने की उनकी क्षमता शुरुआत में ही अहम साबित होगी। उनके साथ अर्शदीप सिंह होंगे, जो बाएँ हाथ के गेंदबाज हैं और अपनी कोणों और यॉर्कर का मिश्रण करना पसंद करते हैं। और कुलदीप यादव को नजरअंदाज न करें – दोपहर की गर्मी में गेंद पर पकड़ बनते ही उनकी कलाई की स्पिन का जादू पासा पलट सकता है।

बल्लेबाज़ी में, रोहित शर्मा और विराट कोहली पर टीम को संभालने की ज़िम्मेदारी होगी, जबकि श्रेयस अय्यर और केएल राहुल मध्य क्रम की धड़कन हैं। और युवा नितीश रेड्डी भी हैं, एक गतिशील ऑलराउंडर जो अगर शुरुआत में ही लय पकड़ ले तो भारत के लिए एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं। पर्थ वनडे में बल्लेबाज़ों के लिए स्वर्ग नहीं रहा है – दरअसल, यहाँ हुए तीन में से दो मैचों में टीमें 160 के नीचे ढेर हो गईं। जी हाँ – यह कोई शानदार मैदान नहीं, बल्कि बाउंसरों का मैदान है! 260-270 के आसपास का स्कोर काफी मुश्किल हो सकता है, और अगर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमें इन तीन में से दो मैच जीत जाती हैं।

## बीसीसीआई ने अफ़ग़ान क्रिकेटरों की दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

नयी दिल्ली, 18 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीन युवा अफ़ग़ान क्रिकेटरों – कबीर आगा, सिबगतुल्लाह और हारून – की दुखद मृत्यु पर गहरा दुःख और संवेदना व्यक्त किया है, जिन्होंने पक्तिका प्रांत में सीमा पार से हुए कायराना हवाई हमलों में अपनी जान गंवा दी। बीसीसीआई इस गहरे दुःख की घड़ी में अफ़ग़ानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी), क्रिकेट जगत और दिवंगत खिलाड़ियों के परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ा है और इस भयावह और अनुचित हमले की निंदा करता है। निर्दोष लोगों, खासकर होनहार खिलाड़ियों की जान जाना बेहद दुखद और चिंता का विषय है। बीसीसीआई अफ़ग़ानिस्तान के लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है और उनके दुःख और क्षित में शामिल है।

## रेनशॉ और ओवेन का वनडे सीरीज के पहले मैच में होगा डेब्यू

पर्थ, 18 अक्टूबर। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के लगभग एक दशक बाद, मैथ्यू रेनशॉ रविवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना पहला वनडे मैच खेलेंगे। यह पुष्टि हो गई है कि यह बाएं हाथ का बल्लेबाज भारत के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में ऑलराउंडर मिच ओवेन के साथ डेब्यू करेगा। मैट शॉर्ट भी पहले वनडे में वापसी करेंगे क्योंकि ऑस्ट्रेलिया पर्थ में इस प्रारूप की नंबर एक टीम के खिलाफ नए मध्यक्रम में उतरेगा। जोश फिलिप विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि पहली पसंद के सफेद गेंद के विकेटकीपर जोश इंगलिस अभी भी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। स्पिन ऑलराउंडर कूपर कोनोली भी मध्यक्रम में शामिल होंगे।

## पारूल को आरएएस बनने पर कटारिया ने बधाई दी

जयपुर, 18 अक्टूबर। आज राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष एवं भारतीय वूशू संघ के उपाध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी हीरानन्द कटारिया ने पारूल चौधरी के घर पहुंच कर उन्हें बधाई दी कटारिया ने पारूल चौधरी को सॉल माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही पारूल के पिताजी भँवर लाल चौधरी को साफा माला पहनाकर एवं पारूल चौधरी की माताजी का भी सम्मान किया

## सुल्तान जोहोर कप 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भारत 1-2 से हारा

जोहोर, (मलेशिया) 18 अक्टूबर। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को शनिवार को सुल्तान जोहोर कप 2025 के फाइनल मुकाबले में जुझारू प्रदर्शन के बावजूद 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

आज यहां खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 13वें मिनट में गोल कर बढ़त हासिल की, लेकिन दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में अनमोल एक्का (17वें मिनट) के गोल से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। अंतिम क्षणों तक मुकाबला बराबरी का रहा, लेकिन इयान ग्रोब्बेलार (59वें मिनट) में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर ऑस्ट्रेलिया के लिए खिताब पक्का कर दिया। भारत ने शानदार शुरुआत की, छोटे-छोटे, तेज़ पास देकर गेंद को तेज़ी से आगे बढ़ाया जिससे शुरुआती दौर में गेंद पर उनका कब्जा बना रहा। उन्हें पहला बड़ा मौका शुरुआती पांच मिनट में ही मिला जब अरिजीत सिंह हुंदल और सौरभ आनंद कुशवाहा के बीच एक तेज गति से मिले पास ने गुरजोत सिंह को पास से गेंद को पास करने का मौका दिया।

## भारतीय महिला टीम के लिए ‘करो या मरो’ का मुकाबला

इंदौर, 18 अक्टूबर। होलकर स्टेडियम में माहौल रोमांचक होता जा रहा है। जैसे-जैसे आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अपने चरम पर पहुंच रहा है, हरमनप्रीत कौर की भारतीय महिला टीम 19 अक्टूबर को नेट शिवर-ब्रंट की इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ एक जरूरी मुकाबले की तैयारी में जुटी है।

भारत को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा है – लगातार दो हार ने उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया है। लेकिन अगर इस टीम को किसी चीज से फ़ायदा होता है, तो वह है दबाव। और होलकर स्टेडियम के हर कोने से घरेलू दर्शकों की गर्जना के साथ, एक जबरदस्त वापसी की उम्मीद करें। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 विकेट से मिली उस मामूली हार के बाद, भारत की गेंदबाजी और मध्यक्रम की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। शीर्ष क्रम ने अपना काम कर दिया था- स्मृति मंधाना और युवा प्रतीका रावल ने 155 रनों की शानदार साझेदारी की, लेकिन बाकी बल्लेबाज जरूरी समय पर लड़खड़ा गए। इस बार, कप्तान हरमनप्रीत से न सिर्फ़ दृढ़ता, बल्कि खेल के प्रति जागरूकता की भी अपेक्षा की जाएगी।

**भारत के लिए अच्छी खबर:** हाल के दिनों में उन्होंने इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी है। पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत- यह कोई तुक्का नहीं है। यह टीम जानती है कि अंग्रेजों को कैसे परास्त करना है, खासकर घरेलू परिस्थितियों में जहां गेंद पकड़ती है, घूमती है और बल्लेबाजों को परेशान करती है।

स्मृति मंधाना ने पिछले मैच में 66 गेंदों पर 80 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था, और प्रतीका ने उनका बखूबी साथ दिया। अगर वे फिर से अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इंग्लैंड का नया गेंदबाजी आक्रमण शुरुआत में ही मुश्किल में पड़ सकता है। उनके पीछे, मध्य क्रम-हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स और खुद हरमनप्रीत-को ऋचा घोष के डेथ ओवरों में तूफान लाने से

## अल्बानिया से हार के बाद सर्बिया ने राष्ट्रीय फुटबॉल कोच को किया बर्खास्त

बेलग्रेड, 18 अक्टूबर। सर्बिया फुटबॉल एसोसिएशन (एफएसएस) ने विश्व कप क्वालीफायर में अल्बानिया से 1-0 से हार के बाद राष्ट्रीय टीम के कोच ड्रैगन ‘पिक्सी’ स्टोजकोविच को बर्खास्त कर दिया है।

एफएसएस ने बताया कि स्टारा पाजोवा में कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान आपसी सहमति से स्टोजकोविच और उनके कोचिंग स्टाफ का चार साल का कार्यकाल समाप्त करने का फैसला लिया गया। अल्बानिया से हार के बाद इस सर्बिया टीम का अभियान लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है।

नवंबर में लंदन में इंग्लैंड और सर्बिया के लेस्कोवाक में लातविया के खिलाफ होने वाले क्वालीफायर से पहले एक नए मैनेजर की नियुक्ति की उम्मीद है। सर्बिया अब ग्रुप के में छह मैचों में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, अल्बानिया के 11 अंकों से पीछे और अपराजित इंग्लैंड, जो एक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ ग्रुप में सबसे आगे है। केवल ग्रुप विजेता ही 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करता है।

## लक्ष्य सेन बाहर, सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

ओडेंसे, 18 अक्टूबर। भारत के लक्ष्य सेन ओडेंसे के जिस्के बैंक एरिना में पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल मैच हारने के बाद डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

ओलंपिक्सडॉटकॉम के अनुसार, लक्ष्य के साथी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी डेनमार्क में पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गए।

विश्व रैंकिंग में वर्तमान में 21वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन को कल विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के एलेक्स लेनियर ने 44 मिनट में 21-9, 21-14 से हरा दिया।

पिछले दौर में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटनसन को हराने वाले 23 वर्षीय लक्ष्य को शुरुआत में पिछड़ने के बाद दोनों गेमों में वापसी करने में मुश्किल हुई। वह मैच के बीच के दो अंतरालों पर 11-5 और 11-4 से पीछे थे। इसके विपरीत, बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग ने इंडोनेशिया की गैर-वरीय जोड़ी मुहम्मद रियान अर्दियांतो-रहमत हिदायत को 65 मिनट में 21-15, 18-21, 21-16 से हराकर वर्ष के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने 17-16 से आगे निकलने के बाद लगातार चार अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया।

हालांकि भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 10-4 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम में जोरदार वापसी करते हुए 17-17 की बराबरी कर ली, लेकिन इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने मजबूती से खेलते हुए निर्णायक गेम को मजबूर कर दिया।तीसरे गेम में, सात्विक और चिराग ने बराबरी की शुरुआत के बाद जल्दी ही नियंत्रण हासिल कर लिया और जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए लय बनाए रखी। आज इस जोड़ी का अगला मुकाबला जापान की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी, ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से होगा। भारतीय जोड़ी जापानी जोड़ी के खिलाफ 4-1 की बढ़त के साथ अपने पहले मुकाबले में बढ़त बनाए हुए है। हालांकि, इन दोनों जोड़ियों के बीच आखिरी मुकाबला 2023 में हुआ था।

## बारिश के कारण न्यूजीलैंड-इंग्लैंड मैच रद्द

क्राइस्टचर्च, 18 अक्टूबर। क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूज़ीलैंड के लिए 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए खेल स्थानीय समयानुसार रात 11:18 बजे फिर से शुरू होना था, लेकिन रात 11:10 बजे तक लगातार बारिश के कारण पांच ओवर की दूसरी पारी भी संभव नहीं हो पाई और अधिकारियों को मैच रद्द करना पड़ा।

इससे पहले, इंग्लैंड की पारी शुरुआती सीजन की मुश्किल परिस्थितियों में तैयार हुई थी। पिच में थोड़ी पार्श्व गति थी और गेंद धीमी थी, जिससे स्ट्रोक लगाना मुश्किल हो गया था। इंग्लैंड, जिसे पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया गया था, ने ऊपरी क्रम में फिल साल्ट का विकेट सस्ते में गंवा दिया, जबकि जैकब बेथेल छह गेंदों के बाद अच्छी शुरुआत करने में सफल रहे। उन्होंने कुछ चौके लगाकर लय हासिल की, लेकिन आउट हो गए।

कप्तान हैरी ब्रूक ने दो छक्के और एक चौका जड़ा, लेकिन 14 गेंदों में 20 रन बनाकर जेम्स नीशम की एक कटर गेंद पर आउट हो गए, जो उनके पैड से टकराकर स्टंप्स पर जा लगी।

## बड़ौदा, विदर्भ, गोवा, बंगाल, झारखंड, सर्विसेज, मुम्बई, राजस्थान और बिहार ने जीत दर्ज की

नयी दिल्ली, 18 अक्टूबर। रणजी सीजन 2025-26 में 15 से 18 अक्टूबर के बीच खेले गये मैचों में बड़ौदा, विदर्भ, गोवा, बंगाल, झारखंड, सर्विसेज, मुम्बई, राजस्थान और बिहार ने जीत दर्ज की। वहीं दिल्ली-हैदराबाद, आंध्र-यूपी, महाराष्ट्र-केरल, असम-गुजरात, हिमाचल-पुडुचेरी, सिक्किम-मणिपुर के मैच ड्रा रहे।

ग्रुप ए में बड़ौदा बनाम ओडिशा मैच में, बडौदा ने ओडिशा को पहली पारी में 271 पर आउट करने के बाद शिवालिक शर्मा (124) और मितेश पटेल (नाबाद 100) की शतकीय पारियों की मदद से सात विकेट पर 413 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ओडिशा को दूसरी पारी में 174 के स्कोर पर ढेर कर दिया। उसे जीत के लिए 33 रनों लक्ष्य मिला था जिससे उसने 7.4 ओवर में तीन विकेट पर 36 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। ग्रुप ए में ही विदर्भ ने नागालैंड को पारी और 179 रनों से हराया। विदर्भ ने पहली पारी में 463 रन बनाये और इसके बाद नागालैंड को 171 और 113 के स्कोर पर आउट कर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

ग्रुप ए के एक अन्य मैच में झारखंड ने तमिलनाडु को पारी और 114 रनों से हराया। झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 419 का स्कोर बनाया। इसके बाद तमिलनाडु को पहली पारी में 93 और दूसरी पारी में 212 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला जीत लिया। ग्रुप बी में गोवा ने चंड़ीगढ़ को पारी 75 रनों से हराया। गोवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 566 का स्कोर बनाया। इसके बाद चंड़ीगढ़ को पहली पारी में 137 और दूसरी पारी में 354 के स्कोर पर ऑलआउट कर जीत दर्ज की।

## तन्वी शर्मा फाइनल में, स्वर्ण से एक कदम दूर

गुवाहाटी, 18 अक्टूबर। तन्वी शर्मा ने शनिवार को यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित योनेक्स सनराइज बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में प्रवेश करने के लिए चीन की लियू सी या के खिलाफ लगभग शानदार प्रदर्शन किया। 16 वर्षीय तन्वी शर्मा हमवतन अपर्णा पोपट और पूर्व विश्व नंबर 1 साइना नेहवाल के नक्शेकदम पर चलते हुए विश्व जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लियू को केवल आधे घंटे से भी कम समय में 15-11, 15-9 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अब दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासाक से भिड़ेंगी, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हमवतन यातावीमिन केटक्लिएंग को 10-15, 15-11, 15-5 से हराया।

## राजस्थान-छत्तीसगढ़ रणजी मैच : राजस्थान ने छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से हराया

### राजस्थान की जीत में मानव सुथार ने लिए पारी में 8 विकेट

जयपुर 18 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में नाथद्वारा व जयपुर में खेले जा रहे राजस्थान - छत्तीसगढ़ रणजी मैच के अंतिम दिन राजस्थान के गेंदबाज मानव सुथार की घातक गेंदबाजी की सहायता से राजस्थान ने छत्तीगढ़ को 9 विकेट से हराया।

**नाथद्वारा राजस्थान - छत्तीसगढ़ रणजी मैच ( दूसरे दिन का स्कोर )**

(मिराज स्टेडियम), नाथद्वारा में राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान - महाराष्ट्र रणजी मैच के अंतिम दिन का स्कोर :-छत्तीसगढ़ पहली पारी 332 आल आउट, राजस्थान पहली पारी 386 आल आउट। छत्तीसगढ़ दूसरी पारी109 आल आउट,



राजस्थान के गेंदबाज मानव सुथार ने आज मैच के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ की आधी से अधिक टीम को पवेलियन लौटते हुए राजस्थान की जीत की नीव रखी। टीम के लिए मानव सुथार 42/8, अनिकेत व अजय कुकना प्रत्येक 1-1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान दूसरी पारी 58/1 विकेट। टीम के लिए महिपाल लोमरोर नाबाद 35 रन।

**जयपुर - स्टेडियम राजस्थान - मुंबई** अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच (तीसरा दिन), मुंबई पारी 155 आल आउट। राजस्थान पहली पारी 224 आल आउट। मुंबई दूसरी पारी 384 आल आउटा टीम के लिए जय 121, मनन भट्ट 63, हिमांशु 46 रन। राजस्थान के गेंदबाज मोहित चांगरा 96/5 व चेतन शर्मा 63/2 विकेट, राजस्थान दूसरी पारी 24/1 विकेट।

### विभिन्न कार्यक्रमों में खेल प्रतियोगिताएं एवं योग भी होंगे : मदन राठौड़

## सरदार 150 यूनिटी मार्च एक आत्मनिर्भर भारत : राज्यवर्धन




जयपुर, 18 अक्टूबर। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 6 अक्टूबर से 6 दिसंबर 2025 तक ''एकता मार्च अभियान'' चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना और सरदार पटेल के दृष्टिकोण को श्रद्धांजलि देना है।


शनिवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित क्रिकेट अकादमी में आयोजित प्रेस वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, युवा मामले एवं खेल मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सरदार150 कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी एवं विधायक खण्डार जितेन्द्र गोठवाल, शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग तथा अध्यक्ष-राजस्थान युवा बोर्ड डा. नीरज के. पवन, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा एवं भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची मौजूद थे।


मदन राठौड़ ने अभियान की दृष्टि, कार्यक्रम की रूपरेखा और जनभागीदारी के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सरदार150 यूनिटी मार्च अभियान सरदार पटेल की जयंती को समर्पित है और पूरे राज्य में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के साथ साथ खेल प्रतियोगिताएं एवं योग भी होगा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले जिला स्तर पर पदयात्रा का आयोजन 31 अक्टूबर से 15 नवम्बर 2025 तक होगा तथा राष्ट्रीय स्तर पर पदयात्रा 26 नवम्बर से 06 दिसम्बर 2025 तक होगी, जो सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म स्थली करमसाद से एकता नगर (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) तक जाएगी। 152 किलोमीट की पदयात्रा में प्रदेश के सभी जिलों से दो-दो प्रतिनिधि जायेंगे। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा एकता मार्च अभियान के रूप में शुरू की गई पहल विकसित और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को प्रतिनिधितत्व करती है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर विभिन्न कार्यकर्मों का भव्य आयोजन करेंगे, इसमें युवाओं को देशभक्ति की भावनाओं और एकता के सन्देशों को व्यक्त करने के लिए के लिए एक रचनात्मक मंच मिलेगा।

सरदार150 कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी एवं विधायक खण्डार जितेन्द्र गोठवाल ने विस्तार पूर्वक इस कार्यक्रम की जानकारी दी की किस प्रकार से इसका विभिन्न स्तर पर आयोजन होगा। इस दौरान निबन्ध प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें चार विषयों विविधता में एकता भारत की एकता को बनाए रखने में युवाओं की भूमिका, सरदार वल्लभ भाई पटेल से सीखने वाले पाठ एक विकसित भारत के लिए व्यावहारिक नेतृत्व, भारत के भविष्य को आकार देने हेतु एक सामूहिक युवा कारेवाई तथा सरदार पटेल के जीवन मूल्य जीने का एक तरीका में से एक विषय पर 250 शब्द में लिखना है। 15 वर्ष से 29 वर्ष के मध्य के युवा भाग ले सकते है। डा. नीरज के. पवन ने बताया कि इसमें पॉडकास्ट, प्रश्नोत्तरी एवं राष्ट्रीय रील प्रतियोगिता भी होगी। सभी पंजीकरण और गतिविधियां माय भारत पोर्टल पर हो रही है।

### चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

## तेजेन्द्र विश्नोई व चिराग शर्मा के अर्द्धशतकों से एन.बी. एकेडमी की आसान जीत





जयपुर 18 अक्टूबर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज से एन.बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में प्रारम्भ चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये मुकाबले में एन.बी. क्रिकेट एकेडमी ने तेजेन्द्र विश्नोई 74 रन, चिराग शर्मा 57 रन नाबाद के अद्धर्शतकों की बदौलत जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये धर्मेश 55 रन नाबाद (41 गेंद, 3 चौके, 3 छक्के), अमन शेखावत 42 रन, हेमन्य भारद्वाज 12 रन, स्वनिल चौधरी 11 रन नाबाद की पारियों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 155 रन बनाये। गेंदबाजी में एन.बी. एकेडमी की ओर से श्रवण गोदारा 27 रन पर 2 विकेट, गजेन्द्र सिंह 32 रन पर 2 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

जवाबी पारी में एन.बी. क्रिकेट एकेडमी ने 3.3 ओवर में 21 रन पर ही अपने 3 विकेट गवा दिये लेकिन चौथे विकेट पर चिराग शर्मा 57 रन नाबाद (37 गेंद, 2 चौके, 4 छक्के), तेजेन्द्र विश्नोई 74 रन (38 गेंद, 7 चौके, 5 छक्के) ने मिलकर चौथे विकेट पर 118 रन की साझेदारी निभाकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी और 15.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 156 रन बनाकर 6 विकेट से जीत दर्ज कर ली। गेंदबाजी में जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी की ओर से स्वनिल चौधरी 35 रन पर 2 विकेट, दिव्यांश शर्मा व अमित कुमार प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच तेजेन्द्र विश्नोई एन.बी. क्रिकेट एकेडमी रहे।

PMCH HEALTH ADVISORS

# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बेदला

NABH ACCREDITED H-2024-1409

# मेवाड़ वासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ

## आपके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए PMCH लेकर आया है

**नि:शुल्क** चिकित्सा परामर्श, जाँच, भर्ती एवं ऑपरेशन शिविर

अक्टूबर 20 2025 से नवम्बर 15 2025

समय: प्रात 9.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक

- नि:शुल्क परामर्श
- नि:शुल्क रक्त एवं मूत्र की जाँच
- नि:शुल्क वार्ड में भर्ती
- नि:शुल्क ECG, X-Ray, इकोकार्डियोग्राफी मैमोग्राफी
- CT Scan, मात्र ₹1500/- | MRI - मात्र ₹3000/-
- नि:शुल्क सभी तरह के ऑपरेशन
- नि:शुल्क बच्चेदानी का ऑपरेशन

### बच्चों के इलाज के लिए नि:शुल्क सुविधाएँ

**नि:शुल्क**

- जन्म के बाद सभी तरह का इलाज
- बच्चों की गंभीर बीमारियों का इलाज
- सामान्य टीकाकरण • वेंटिलेटर की सुविधा
- एन.आई.सी.यू. एवं पी.आई.सी.यू. की सुविधा

**नि:शुल्क**

14 वर्ष तक के बच्चों का सभी तरह की बीमारियों का उपचार

**नि:शुल्क**

बच्चों के सभी तरह के ऑपरेशन एवं अन्य सुविधाएँ

### सर्जरी के मरीजों के लिए नि:शुल्क सुविधाएँ

**नि:शुल्क**

**लेजर व सामान्य ऑपरेशन**

- बवासीर (पाईल्स) • फिशर • फिस्टुला
- पायलोनिडल साइनस
- हर्निया (फर्स्ट टाइम केस) • अपेंडिक्स एवं गठान
- गॉलब्लैडर (पित्त की थैली) की पथरी

### अस्थि रोग के मरीजों के लिए नि:शुल्क सुविधाएँ

अत्याधुनिक MIS तकनीक द्वारा नि:शुल्क

घुटना प्रत्यारोपण | कुल्हा प्रत्यारोपण | स्पाइन सर्जरी

दूरबीन तकनीक (Arthroscopy) द्वारा घुटने एवं कंधों के नि:शुल्क ऑपरेशन

जटिल ट्रॉमा सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधाएँ


पी.आई.सी.यू


एन.आई.सी.यू


ऑपरेशन थियेटर


वार्ड की सुविधा

IVF@₹70,000*
इंजेक्शन सहित
*नियम व शर्तें लागू।

अंबेरी पुलिया से पेसिफिक हॉस्पिटल बेदला के लिए आने एवं जाने के लिए मरीजों को नि:शुल्क वाहन की सुविधा

*नियम व शर्तें लागू। *दवाईयां, इम्प्लांट एवं कन्ज्यूमेबल अतिरिक्त

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना | RGHS राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना | कर्मचारी राज्य बीमा योजना ESIC | जननी सुरक्षा योजना JSY

योजनाओं एवं सभी इंश्योरेंस एवं TPA के कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल

24/7 सुविधाएँ उपलब्ध

भीलों का बेदला, एन.एच.-27, प्रताप पुरा, अम्बेरी, उदयपुर - 313011 (राजस्थान) | फोन : 8690541110